राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13, अंक : 64, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 20 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


गाजियाबाद में प्रशासन अलर्ट : पराली जलने से रोकने के लिए बनी फ्लाइंग स्क्वायड .... पेज 03

सहारनपुर: ट्रांसपोर्टर ने पेड़ पर फंदा लगाकर की आत्महत्या, परिजनों में मचा कोहराम .... पेज 05

एशियाई खेल में भाग लेने भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगझाऊ रवाना .... पेज 07


नई संसद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह, भाजपा सांसद जेपी नड्डा और अन्य सांसदों के साथ नई दिल्ली में नए संसद भवन पहुंचे।

# लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश

## कानून बनने के बाद महिला सांसदों की संख्या 181 होगी

नई दिल्ली। लोकसभा में आज 19 सितंबर को 128वां संविधान संशोधन बिल यानी नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया। इसके मुताबिक लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। लोकसभा की 543 सीटों में 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लोकसभा में इस बिल पर कल 20 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बहस होगी।

नए विधेयक में सबसे बड़ा पेंच ये है कि यह डीलिमिटेशन यानी परिसीमन के बाद ही लागू होगा। परिसीमन इस विधेयक के बाद होने वाली जनगणना के आधार पर होगा। 2024 में होने वाले आम चुनावों से पहले जनगणना और परिसीमन करीब-करीब असंभव है। इस फॉर्मूले के मुताबिक विधानसभा और लोकसभा चुनाव समय पर हुए तो इस बार महिला आरक्षण लागू नहीं होगा। यह 2029 के लोकसभा चुनाव या इससे पहले के कुछ विधानसभा



चुनावों से लागू हो सकता है।

### बिल के पास होने के बाद लोकसभा में 181 महिला सांसद होंगी

कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हम ऐतिहासिक बिल लाने जा रहे हैं। अभी लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जाएंगी। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा। लोकसभा की कार्यवाही 20 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

### नेता प्रतिपक्ष के बयान पर सदन में हंगामा हुआ

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के बयान पर हंगामा हुआ। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान बिल लाया गया था। यह बिल अभी मौजूद है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम नया बिल लाए हैं। आप जानकारी दुरुस्त कर लीजिए।

इसके बाद विपक्षी सांसदों ने बिल की कॉपी को लेकर हंगामा किया। इनका कहना था कि उन्हें बिल की कॉपी नहीं मिली है। सरकार का कहना था कि बिल को अपलोड कर दिया गया है।

### कांग्रेस का बिल को बिना शर्त समर्थन

राहुल गांधी ने कहा कि अब दलगत राजनीति से ऊपर उठें। हम महिला आरक्षण बिल पर बिना शर्त के समर्थन करेंगे। संसद के स्पेशल सेशन के पहले दिन जब पीएम मोदी के बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी लोकसभा में बोल रहे थे तो वे कांग्रेस की पूर्व सरकारों के कामों को गिनाने लगे, इस दौरान सोनिया ने उन्हें टोका और महिला आरक्षण पर बोलने को कहा।

### महिला आरक्षण विधेयक पर हंगामा

राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे बोलने आए। उन्होंने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा करते हुए कहा- दलित और पिछड़ी जाति की महिलाओं को वो मौका नहीं मिलता, जो बाकी सब को मिलता है। उनकी इस बात पर सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- देश की राष्ट्रपति कौन हैं ? वे ट्राइबल समाज से आने वाली महिला हैं। जिस पार्टी के आप अध्यक्ष हैं, उसमें कई सालों तक एक महिला ही अध्यक्ष रही हैं। सत्ता और विपक्ष के बीच काफी देर तक चले हंगामे के बाद भी खड़गे ने अपना भाषण जारी रखा। उन्होंने कहा- मैं इस बिल का स्वागत करता हूं। यह बिल राज्यसभा में 2010 में पास हो चुका है। मैं कोशिश कर रहा था कि जो कानून बने, उसका लाभ गरीबों को, महिलाओं को मिले। मैं उनको प्रोत्साहित करने के लिए बोल रहा था, लेकिन वो बीच में बोलने लगे। आपके राज में फेडरल स्ट्रक्टर कमजोर हो रहा है। दोनों पक्षों को शांत करने के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- आज ऐतिहासिक दिन है। इसको हंगामे की भेंट न चढ़ाएं। यह मुद्दा बहुत जरूरी है, कई प्रयास हुआ, लेकिन यह बिल पास नहीं हो सका।

# संसद की पुरानी इमारत अब संविधान सदन

नई दिल्ली। संसद की 96 साल पुरानी इमारत में कार्यवाही का कल आखिरी दिन था। आजादी और संविधान को अपनाने की गवाह इस इमारत को विदाई देने पक्ष-विपक्ष के तमाम सांसद पहुंचे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबके साथ फोटो खिंचवाई। इसके बाद तमाम सांसद सेंट्रल हॉल पहुंचे। सेंट्रल हॉल में अपने अनुभव साझा करते समय कुछ सांसद भावुक हुए, तो किसी ने इसे गौरव का पल कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद का सेंट्रल हॉल हमें भावुक भी करता है और कर्तव्य के लिए प्रेरित भी करता है। यहीं 1947 में अंग्रेजी हुकूमत ने सत्ता हस्तांतरण किया।

बाद में संविधान ने भी यहीं आकार लिया। पीएम ने कहा- आज हम यहां से विदाई लेकर संसद के नए भवन में बैठने वाले हैं और ये बहुत शुभ है कि गणेश चतुर्थी के दिन वहां बैठ रहे हैं। आज नए संसद भवन में हम सब मिलकर, नए भविष्य का श्री गणेश करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पुराने संसद भवन को संविधान सदन के नाम से बुलाने का प्रस्ताव रखा।

# पंजाब : प्राइवेट बस नहर में गिरी, 8 लोगों की मौत

## 11 घायल बाहर निकाले; कई लोगों के बह जाने की आशंका

मुक्तसर। पंजाब के मुक्तसर जिले में मंगलवार दोपहर मुक्तसर-कोटकपूरा रोड पर सवारियों से भरी एक बस नहर में गिर गई। यह बस मुक्तसर से कोटकपूरा जा रही थी। बस के नहर के पुल पर लगे लोहे के एंगल से टकराने के बाद यह हादसा हुआ।

जिससे बस का आधा हिस्सा नहर में जबकि आधा ऊपर हवा में लटक गया। इस हादसे में अब तक 8 सवारियों की मौत हो चुकी है जबकि कई लोग लापता हैं। मृतकों में से 5 की पहचान हो चुकी है। ये मुक्तसर, फाजिल्का, फरीदकोट और बठिंडा के रहने वाले हैं। 3 लोगों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस को अभी तक 11 घायल मिले हैं।

प्रशासन के मुताबिक बस में करीब 35



सवारियां थीं। अभी भी कई लोगों के नहर में बहने की आशंका जताई जा रही है।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि यहां बारिश हो रही थी। इस दौरान बस ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाया। जिससे बस बेकाबू हो गई और एंगल से टकराकर रेलिंग तोड़कर नहर में गिर गई।

मुक्तसर की डीसी रूही दुग ने कहा कि 8 लोगों की मौत हुई है। जो 11 लोग घायल हुए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की वजह बस की ओवरस्पीड है या फिर बारिश की वजह से वह फिसली, इसकी जांच की जा रही है।

### रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एनडीआरएफ को बुलाया गया

हादसे के बाद जिले की डीसी रूही दुग मौके पर पहुंचीं। हालात देख उन्होंने तुरंत एनडीआरएफ की टीमों को बुलाया। एनडीआरएफ की टीमें मोटरबोट के जरिए नहर में लोगों की तलाश कर रही हैं।

### 5 मृतकों की हुई पहचान...

- परविंदर कौर पत्नी मंदर सिंह निवासी बठिंडा।
- प्रीतो कौर पत्नी हरजीत सिंह निवासी गांव कट्टियांवाली, जिला श्री मुक्तसर साहिब
- मक्खन सिंह पुत्र वीर सिंह चक जानीसर, जिला फाजिल्का
- बलविंदर सिंह पुत्र बाग सिंह निवासी गांव पक्का, फरीदकोट
- अमनदीप कौर पुत्री जगरूप सिंह, जिला फरीदकोट

**इसके अतिरिक्त दो महिलाएं व एक पुरुष की मौत हुई है। जिनकी पहचान नहीं हुई है। मृतकों के शव सिविल अस्पताल श्री मुक्तसर साहिब में रखे गए हैं।**

### कंट्रोल रूम नंबर जारी

बस में सवार सवारियों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। लोगों को सूचना देने के लिए प्रशासन ने कंट्रोल रूम बनाया है। इसका नंबर 01633-262175 है।

# जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से भारत नाराज़, कनाडाई राजनयिक को किया निष्कासित

**नयी दिल्ली।** भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का सीधा आरोप लगाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और उनके एक वरिष्ठ राजनयिक को पांच दिन के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया।

भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान को बेतुका और घरेलू राजनीति से प्रेरित करार देते हुए खारिज कर दिया है और आरोप लगाया है कि कनाडाई राजनयिक देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं।

भारत एवं कनाडा के बीच इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच संबंधों



में खटास आ गयी है। विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा, भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को आज तलब किया गया और भारत स्थित एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया गया। संबंधित राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दर्शाता है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जिस राजनयिक का निष्कासित किया गया है, वह कनाडा में उच्चायोग में कनाडाई खुफिया सेवा के स्टेशन प्रमुख ओलिवर सिल्वेस्टर हैं।

इससे कुछ देर पहले ही विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कनाडाई प्रधानमंत्री के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, हमने कनाडा के प्रधानमंत्री का उनकी संसद में दिया गया बयान और उनके विदेश मंत्री का बयान देखा है और उसे खारिज करते हैं। कनाडा में हिंसा के किसी भी कृत्य में भारत सरकार की संलिप्तता के आरोप बेतुके और प्रेरित हैं।

# नूंह हिंसा के आरोपी कांग्रेस एमएलए को जेल



चंडीगढ़। हरियाणा में हुई नूंह हिंसा के मामले में गिरफ्तार हुए फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को सीजेएम जोगेंद्र सिंह की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। विधायक मामन अब नूंह जेल में बंद रहेंगे। कोर्ट में दोनों पक्षों के बीच तकरीबन 20 मिनट बहस हुई, इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। नूंह हिंसा में दर्ज केसों की जांच कर रही पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का आरोप है कि कांग्रेस विधायक सहयोग नहीं कर रहे हैं। एसआईटी के अधिकारियों का कहना है कि मामन खान ने अपने दर्ज बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। इससे जांच पूरी होने में दिक्कतें आ रही हैं।

## 14 करोड़ के सोने के बिस्कुट जब्त, एक गिरफ्तार

24 परगना। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश सीमा के पास 14 करोड़ रुपए के सोने के बिस्कुट जब्त किए गए। अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार को एक खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ जवानों ने बागदाह थाना क्षेत्र के रोनघाट गांव में एक मोटरसाइकिल को रोका। मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर उन्हें 23 किलोग्राम सोने के बिस्कुट मिले, जिनकी कीमत 14 करोड़ रुपए है। ये सोना बांग्लादेश से तस्करी कर लाया गया। मोटरसायकल सवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अनंतनाग मुठभेड़ का सातवें दिन : लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी ढेर

## दो आतंकियों के शव मिले, कोकेरनाग में 7 दिन चला एनकाउंटर, सर्चिंग जारी

श्रीनगर। कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ के सातवें दिन लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर खान मारा गया। कश्मीर पुलिस ने मंगलवार 19 सितंबर को इसकी पुष्टि की। सुरक्षाबलों ने उजैर खान का शव बरामद किया है।

एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि उजैर के अलावा एक और बॉडी देखी गई है। तीसरे आतंकी का भी शव मिलने की संभावना है। एनकाउंटर साइट पर ऑपरेशन पूरा हो गया है। सर्चिंग अभी जारी है।

अनंतनाग में 13 सितंबर को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और डीएसपी हुमायूं भट और दो जवान शहीद हो गए।

कोकेरबाग के घने पहाड़ी जंगलों के बीच आतंकी 12 से 20 फीट गहरी गुफाओं में छिपे हुए थे, जिसके कारण ऑपरेशन में काफी मुश्किल हो रही थी। हेलिकॉप्टर और ड्रोन की मदद से आतंकियों का ठिकाना खत्म किया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह अब तक का सबसे लंबा



एनकाउंटर है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी सबसे लंबी चलने वाली मुठभेड़ है।

एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार के मुताबिक, उजैर खान आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर था। अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए पैरा कमांडो और सुरक्षाबलों की 10 और कंपनियां मंगलवार को तैनात की गईं।

एडीजीपी विजय कुमार के साथ दूसरे सीनियर अधिकारी एनकाउंटर साइट पर मौजूद हैं। सोमवार 18 सितंबर को सुरक्षाबलों ने जंगल से दो शव बरामद किए थे। इनमें एक की पहचान जवान प्रदीप सिंह के रूप में की गई है।

### श्रीनगर में सीआरपीएफ की गाड़ी पर आतंकियों ने फायरिंग की

अनंतनाग में ऑपरेशन के बीच सोमवार को एक आतंकी ने श्रीनगर में सीआरपीएफ की गाड़ी को निशाना बनाया। श्रीनगर पुलिस ने बताया कि पिस्तौल से लैस एक आतंकवादी ने सीआरपीएफ की बुलेट प्रूफ गाड़ी पर फायरिंग कर दी। हालांकि श्रीनगर जिले के खानयार इलाके में सुरक्षाकर्मियों ने हमले को नाकाम कर दिया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सीआरपीएफ गाड़ी पर फायरिंग करने के बाद आतंकवादी मौके से भाग गया।

आदेश

**बच्चों को लत लग रही; इंटरनेट से दिमाग को भ्रष्ट करने वाली चीजें भी हटाएं**

# सरकार सोशल मीडिया इस्तेमाल की उम्र तय करे : हाईकोर्ट

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने 19 सितंबर को कहा कि सरकार सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए उम्र तय करे। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना अच्छी बात है, लेकिन आजकल स्कूल जाने वाले बच्चे इसके आदी हो गए हैं। ऐसे में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की उम्र तय होना वरदान साबित होगा।

कोर्ट ने कहा कि 17 या 18 साल की उम्र के युवा सोशल मीडिया का खूब इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या उनमें देश के हित-अहित पर फैसला लेने की मैच्योरिटी है? न केवल





सोशल मीडिया से बल्कि इंटरनेट से ऐसी चीजें हटाई जानी चाहिए, जो दिमाग को भ्रष्ट करती हैं। सरकार को इस बारे में विचार करना चाहिए।

जस्टिस जी नरेंद्र और जस्टिस विजय कुमार ए पाटिल की बेंच ने ये बातें एक्स (जो पहले ट्विटर था) की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहीं।

जस्टिस जी नरेंद्र ने मौखिक रूप से कहा कि सरकार को सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए उम्र सीमा तय करने पर विचार करना चाहिए। जब कोई यूजर रजिस्ट्रेशन करेगा तो उसे जरूरी जानकारियां देनी होंगी, जैसे ऑनलाइन गेमिंग के रजिस्ट्रेशन में देनी पड़ती हैं।

### कंपनी ने कोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय ने 2 फरवरी 2021 और 28 फरवरी के बीच एक्स के लिए आदेश जारी किए थे। जिसमें 1474 खातों, 175 ट्वीट्स, 256 यूआरएल और एक हैशटैग को ब्लॉक करने का निर्देश दिया गया था।

एक्स ने इनमें से 39 यूआरएल से जुड़े आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। 30 जून को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने एक्स की याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही सरकार के आदेशों का पालन नहीं करने पर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। जिसे एक्स ने चुनौती दी थी। कोर्ट ने अपील स्वीकार करते वक्त कंपनी को जुर्माने की 50% राशि जमा करने को कहा था।

याचिका में एक्स ने तर्क दिया था कि कंपनी पर जुर्माना लगाना अन्यायपूर्ण है। अगर कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा तो इससे केंद्र सरकार को बढ़ावा मिलेगा।

## सीबीआई ने मंधाना इंडस्ट्रीज के खिलाफ दर्ज किया मामला

# 975 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी का आरोप

एजेंसी

मुंबई। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंधाना इंडस्ट्रीज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मुंबई की इस कंपनी पर पर बैंक ऑफ बड़ौदा की अगुवाई वाले कंसोर्टियम के साथ 975.08 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी का आरोप है। सीबीआई के अक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस कंपनी का नाम जीबी ग्लोबल लिमिटेड है।

बता दें कि सीबीआई ने यह कार्रवाई बैंक की एक शिकायत के बाद की है। इसमें बैंक ने आरोप लगाया कि कंपनी के पूर्व प्रबंध निदेशक पुरूषोत्तम छगनलाल मंधाना, पूर्व कार्यकारी निदेशक मनीष बिहारीलाल मंधाना और कुछ अन्य लोगों ने धन जुटाने के लिए एक सुव्यवस्थित आपराधिक साजिश रचकर कंसोर्टियम (बैंकों के समूह) को धोखा दिया।

इसमें कहा गया है कि मंधाना परिवार द्वारा चलाई जाने वाली 39 साल पुरानी कंपनी ने 2008 में बैंक ऑफ बड़ौदा से क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाना शुरू किया था। बैंक ने उनके कर्ज खाते को 31 दिसंबर, 2016 को गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घोषित कर दिया। बाद में बैंकों ने एक फॉरेंसिक ऑडिट का आदेश दिया। इस ऑडिट में पता चला कि कंपनी ने अंतर-कॉर्पोरेट ऋणों को निपटाने के लिए धन का दुरुपयोग किया है।

साथ ही जुलाई 2016 से 30 सितंबर 2017 के दौरान 420.39 करोड़ रुपये के लिए ट्रस्ट और रिटेंशन अकाउंट (टीआरए) का उपयोग न करना और फर्जी खरीदारी सहित कई अन्य अनियमितताएं उजागर हुईं। इसके अलावा ऑडिट में धोखाधड़ी वाले लेनदेन और सर्कुलर ट्रेडिंग और फंड के डायवर्जन का भी पता चला था।

गौरवशाली भारत



## मान ने प्रो. बी. सी. वर्मा के निधन पर दुख किया व्यक्त



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को मुख्य सचिव अनुराग वर्मा के पिता प्रोफेसर बी. सी. वर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है जो चंडीगढ़ में संक्षिप्त बीमारी के उपरांत चल बसे। वह 89 वर्षों के थे। एक शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रो. बी. सी. वर्मा के चले जाने से समूचे परिवार को बड़ी क्षति हुई है। उन्होंने प्रोफेसर वर्मा को प्रसिद्ध शिक्षाविद् बताया जो मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित थे। उन्होंने कहा कि वह एक महान शख्सियत और विलक्षण गुणों वाले मनुष्य थे।



# शार्ट न्यूज

## डब्ल्यूएसओ ट्रस्ट के लिए ब्रोशर का अनावरण

हैदराबाद। तेलंगाना की मुख्य सचिव ए शांति कुमारी ने मंगलवार को सचिवालय में 'वी शैल ओवरकम (डब्ल्यूएसओ) ट्रस्ट' के ब्रोशर का अनावरण किया। 'वी शैल ओवरकम (डब्ल्यूएसओ) ट्रस्ट' एक पंजीकृत संगठन है जिसका मिशन हाशिए पर मौजूद लोगों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाना है। साथ ही यह मनुष्यों और जानवरों दोनों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने का भी प्रयास करता है। ट्रस्ट मुख्य रूप से जरूरतमंद लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करता है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संरक्षकों ने भाग लिया, जिसमें पंजीकरण और टिकट विभाग के संयुक्त महानिरीक्षक श्रीनिवासुलु वेमुला, वाणिज्यिक कर के संयुक्त आयुक्त शशिधर, आईपीएस रावुला गिरिधर और पदाधिकारी महेश पासुला , अपर्णा रावुला सुनील कुमार , कट्टा विक्रम आदित्य, सीएच श्याम सुंदर, रावुला वेंकटेश्वर राव, केआरएन हर्षिनी और राहुल कंबमपति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कर्नाटक सरकार सीडब्ल्यूएमए के आदेश को देगी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए)के आदेश को चुनौती देने के लिए शीर्ष अदालत में जाएगी, जिसमें राज्य को अगले 15 दिनों के लिए तमिलनाडु को 5,000 क्यूसेक पानी जारी रखने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा हम विचार कर रहे हैं कि हमें पानी छोड़ना चाहिए या नहीं। आज हम सुप्रीम कोर्ट का रुख कर रहे हैं। हम शीर्ष अदालत के समक्ष मजबूत दलील देंगे और स्थिति की समीक्षा करने और फिर निर्णय पारित करने के लिए दोनों राज्यों में एक टीम भेजने के लिए प्रार्थना करेंगे। शिवकुमार ने कहा कि इसके अलावा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कावेरी विवाद पर चर्चा के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिलने के लिए नई दिल्ली में सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। ये बयान सीडब्ल्यूएमए के उस आदेश के आलोक में आए हैं, जिसमें कर्नाटक को अगले 15 दिनों तक तमिलनाडु को प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी जारी रखने के लिए कहा गया है। शिवकुमार ने कहा कि उनकी सरकार पहले ही कावेरी विवाद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो बार पत्र लिख चुकी है, लेकिन वे अभी भी प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। प्राधिकरण की अगली बैठक 26 सितंबर को होनी है।

## अमरपाल सिंह ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने

अमृतसर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरपाल सिंह बोनी अजनाला को भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सलाहकार प्रो. सरचंद सिंह ख्याला, रामगढ़िया वेलफेयर बोर्ड के पंजाब के पूर्व उपाध्यक्ष, कंवरबीर सिंह मंजिल, नगर सुधार ट्रस्ट, तरनतारन के पूर्व अध्यक्ष, प्रो. गुरविंदर सिंह ममनके आदि ने बुधवार को अमरपाल सिंह बोनी को सम्मानित करते हुए पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ और पंजाब भाजपा संगठन मंत्री निवासलु को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बोनी अजनाला पंजाब के जमीनी स्तर से जुड़े एक मेहनती और अनुभवी नेता हैं, जो न केवल बीजेपी ओबीसी मोर्चा बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथ को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर अमरपाल सिंह बोनी अजनाला ने उन्हें अहम जिम्मेदारी सौंपने के लिए पार्टी हाईकमान का धन्यवाद किया और उन्हें इस जिम्मेदारी को पूरी शिद्दत से निभाने का भरोसा दिलाया।

## दो बदमाशों ने पांच लाख रुपये से भरा बैग लूटा

भीलवाड़ा । राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी कस्बे में एक पेट्रोल पंप के सेल्समैन से बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाश पांच लाख 10 हजार रुपये से भरा बैग लूट ले गये। जानकारी के अनुसार, कोटड़ी कस्बे में जहाजपुर रोड़ स्थित रायमल बुधमल पेट्रोल पंप का कर्मचारी महेंद्र गुर्जर मंगलवार दोपहर पेट्रोल पंप से पांच लाख 10 हजार रुपये बैग में रखकर एसबीआई बैंक में जमा कराने के लिए बाइक से रवाना हुआ। सेल्समैन कोटड़ी बस स्टैंड के नजदीक पहुंचा ही था कि बिना नंबरी स्पेलेंडर बाइक से आये दो बदमाशों ने सेल्समैन की बाइक को टक्कर मार दी। इसके चलते सेल्समैल महेंद्र नीचे गिर गया। दोनों बदमाश, सेल्समैन से नकदी रखा बैग छीन कर जसवंतपुरा-मालीखेड़ा की और भाग निकले। उधर, बताया गया है कि पंप संचालक श्रीकल्याण भी बदमाशों का पीछा कर रहे हैं। फिल्हाल ये बदमाश पकड़े नहीं जा सके। दोनों बदमाश मुहं पर साफी बांधे हुये थे। इस वारदात से पंपकर्मियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर कोटड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और वारदात की जानकारी लेते हुये बदमाशों की तलाश शुरु कर दी।

## डेढ किलोग्राम डोडा चूरा जब्त दो गिरफ्तार

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में एक कार से 1 किलो 546 ग्राम अफीम एवं 7 किलो डोडा-चूरा जब्त कर चालक और बाइक से कार की एस्कॉर्ट कर रहे एक अन्य तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधानसभा आम चुनाव 2023 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू के आदेश से जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एएसपी विमल सिंह नेहरा के निर्देशन और गुलाबपुरा डीएसपी लोकेश मीणा के सुपरविजन में गुलाबपुरा थाने के सब इंस्पेक्टर उगमाराम मय जाब्ता नेशनल हाइवे 48 स्थित 29 मिल चौराहे पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। नाकाबंदी के दौरान भीलवाडा की तरफ से एक व्यक्ति बिना नम्बरी बाइक लेकर आता दिखाई दिया। यह बाइक सवार, पुलिस नाकाबंदी और बेरिकेटस के पास पुलिस जाब्ता देखकर बाइक को वापस घूमाकर जाने लगा। चालक की हरकत पर शंका होने पर पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की तो वह कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया।

## कमरे की छत गिरने से दो किसानों की मौत

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र में पाकिस्तान सीमा के समीप चक 11-एस में खेत में बने एक कमरे की छत गिरने से उसमें सोए दो किसानों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चक 11-एस में सुखदेवसिंह के खेत में हुए इस हादसे में मरने वालों की पहचान जगसीरसिंह जटसिख (50) तथा मलकीतसिंह बावरी (24) निवासी चक 01-एक्स के रूप में हुई है। आज सुबह सुखदेवसिंह खेत में गया तो उसे कमरे की छत गिरी दिखाई दी। छत के मलबे में दोनों के शव दबे पड़े थे। सुखदेवसिंह ने आसपास के खेतों में कम कर रहे लोगों तथा ग्रामीणों को बुलाया। मलबा हटाने पर दोनों ही मृत पाए गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच दोनों मृतकों के परिवारजन मौके पहुंचे तो लाशें देखकर बदहवास हो गए। उनमें कोहराम मच गया। दोनों के परिवारजन विलाप करने लगे। पुलिस ने बताया कि जगसीरसिंह तथा मलकीतसिंह ने मिलकर सुखदेव सिंह की जमीन को बंटाई पर काश्त करने के लिए ले रखा था।

## संविधान में महिला आरक्षण का प्रावधान नहीं, विधेयक लाना धोखाधड़ी: चंदापुरी

पटना । अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार सिंह चंदापुरी ने केंद्र सरकार के महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन विधेयक पर आज कहा कि संविधान में महिला आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है और ऐसे में विधेयक लाना केवल एक राजनीतिक प्रपंच, बेईमानी और धोखाधड़ी है। चंदापुरी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि संविधान के किसी भी अनुच्छेद में महिला आरक्षण के लिए कोई प्रावधान नहीं है, तो फिर आम सहमति बनाए बगैर मौजूदा महिला आरक्षण विधेयक को लागू करना केवल एक राजनीतिक प्रपंच, बेईमानी और धोखाधड़ी है। देश में पिछड़े वर्गों की महिलाओं की संख्या आधी आबादी का 60 फीसदी है, जिनके विकास को दरकिनार कर मौजूदा महिला आरक्षण विधेयक को लागू करना केवल मुट्ठी भर संपन्न महिलाओं को लाभ पहुंचाना होगा। संघ के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं विपक्ष के शीर्ष नेतृत्व से मौजूदा आरक्षण विधेयक को लागू करने से पहले इसमें पिछड़े वर्गों की महिलाओं की आबादी के अनुसार 60 फीसदी कोटा का प्रावधान करने की मांग की।

# हिमाचल विधानसभा में गूंजा आडाणी मामला

### कांग्रेस विधायक बोले-निजी-घराने ने आपदा में अवसर खोजा

शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में भी अडाणी मामला गूंजा। राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के संकल्प पर बोलते हुए शिमला ग्रामीण से कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा ने कहा कि प्रदेश में इस बार सदी की भीषण आपदा आई। इसमें अडाणी ने सेब के मार्केट रेट गिराने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि मार्केट में जब सेब 130 से 140 रुपए प्रति किलो बिक रहा था, तब अडाणी ने 80 से 90 रुपए के रेट ओपन किए। प्रदेश के बागवानों ने अडाणी का बहिष्कार किया। इसके बाद अडाणी ने सेब के रेट बढ़ाने। हरीश जनारथा ने कहा कि केंद्र द्वारा इंपोर्ट ड्यूटी घटाने से सेब के रेट पर फर्क पड़ा है।



### खतरनाक पेड़ न काटना भी तबाही की वजह

हिमाचल की राजधानी शिमला में जरूरत से ज्यादा निर्माण हो गया है। शिमला के विधायक हरीश जनारथा ने विधानसभा में राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के संकल्प पर बोलते हुए कहा कि पहाड़ों की रानी शिमला को डी-कंजस्ट करने की जरूरत है। कुछ दफ्तर यहां से शिफ्ट करने चाहिए।

हरीश जनारथा ने कहा कि शिमला में तबाही का कारण स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट भी है। शहर में जितने काम हुए, उसका सारा मलबा ड्रेन में डाला गया।

इसमें प्लानिंग बिल्कुल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि कुछ समय से पुराने व खतरनाक पेड़ों को भी नहीं काटा गया। इससे एक पेड़ गिरने के बाद 20-20 पेड़ गिरे। इससे तबाही हुई।

### सीपीएस सुंदर बोले- केंद्र से अब तक नहीं मिली मदद

सत्र के दूसरे दिन भी आपदा को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। मुख्य संसदीय सचिव एवं कुल्लू से कांग्रेस विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने विधानसभा में जैसे ही विपक्ष पर हमला बोला, भारतीय जनता पार्टी एमएलए ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर के दखल देने के बाद विपक्ष शांत हुआ। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि 16 मई 2013 को केदारनाथ में आपदा आई थी।

17 मई को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने उत्तराखंड के लिए हेलिकॉप्टर भेजकर 1000 करोड़ का पैकेज दिया। उस दौरान केदारनाथ में 9000 करोड़ का नुकसान हुआ था। पूर्व यूपीए सरकार ने उत्तराखंड को 4345 करोड़ की मदद की थी। मगर, हिमाचल को सदी की सबसे भीषण आपदा में भी केंद्र से आर्थिक मदद नहीं मिल रही।

# कोटा में मानदण्ड़ो पर खरा उतरा चम्बल रिवर फ्रंट

कोटा। मध्य प्रदेश में अपने उद्गमस्थल से राजस्थान में बहने वाली चंबल नदी पर बने चारों बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद कोटा बैराज के निचले इलाके में बनने वाले जल प्लावन जैसे हालात में भी अपने स्थान पर अटल खड़े रहकर चंबल रिवर फ्रंट इसके निर्माता अभियंताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरा है।

चम्बल नदी पर बने सबसे बड़े गांधी सागर बांध सहित चारों बांधो से गेट खोलकर जबरदस्त पानी की निकासी किए जाने के बावजूद कोटा बैराज के निचले इलाके में नदी के दोनों तटों पर विकसित किया गया चंबल रिवर फ्रंट अक्षुण खड़ा रहा और वह निर्माण की आधुनिक तकनीकी पर पूरी तरह से खरा उतरा। इसके अलावा चंबल रिवर फ्रंट की सुरक्षा के लिए खड़ी की गई सुरक्षा दीवार के कारण कोटा बैराज से पानी की निकासी के समय आमतौर पर बाढ़ के खतरे का सामना करने वाली निचले इलाके की कई बस्तियों को भी इस बार बाढ़ की आशंकाओं से पूरी तरह निजात दिला दी। मध्य प्रदेश के मालवा अंचल में भारी बरसात के बाद जल ग्रहण क्षेत्र से भारी पानी की आवक होने के उपरांत शनिवार को इस मानसून सत्र में पहली बार चम्बल नदी पर बने सबसे बड़े 1312 फ़ीट की भराव क्षमता वाले गांधी सागर बांध से पानी की निकासी शुरू की गयी थी और कल तो पानी की आवक बहुत ज्यादा बढ़ जाने के कारण चारों बांधो गांधी सागर राणा, राणा प्रताप सागर, जवाहर सागर और कोटा बैराज से भरपूर पानी की निकासी की गई।

# तीन दिवसीय निर्माण एण्ड नोलेज एक्सपो नेक्सनोज़ 29 से आयोजन

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में लोटस एसोसिएट्स की ओर से 29 सितम्बर से नेक्सनोज् का निर्माण एण्ड नोलेज एक्सपो का आयोजन किया जायेगा।

लोटस एसोसिएट्स के कमलेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 2018 से निरंतर आयोजित होने वाले इस नेक्सनोज् (निर्माण एक्सपो एंड नॉलेज सेशन) एक्सपो में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन और इंटीरियर कार्यो से संबंधित मटेरियल और नई टेक्नोलॉजी संबंधित कंपनीज् ही हिस्सा लेती है, साथ ही इसी विषय पर आधारित नेशनल लेवल की कांफ्रेंस के आयोजन भी होते है।

कांफ्रेंस में देश के विभिन्न शहरों जैसे चंडीगढ़, दिल्ली, इंदौर, मुम्बई, विशाखापट्टनम, अहमदाबाद, से और राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, कोटा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, राजसमंद और स्थानीय आर्किटेक्ट, इंजीनियर, इंटीरियर डिज़ाइनर के साथ क्षेत्र से जुड़े कई अनुभवी पेशेवर हिस्सा लेते है और एडवांस आर्किटेक्चर पर आधारित नॉलेज सेशन्स आयोजित किये जाते है।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में अन्य शहरों से आने वाले अतिथियों के लिए होटल रैडिसन में व्यवस्था की गई है, साथ ही उदयपुर के किसी ऐतिहासिक स्थल पर हेरिटेज वॉक का आयोजन होगा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा और नाथद्वारा स्थित विश्वास स्वरूपं -शिव मूर्ति के भ्रमण का विशेष आयोजन इसमें शामिल है। इस प्रकार ये आयोजन पुन: उदयपुर के लिए एक और विशेषता स्थापित करता है।

## एम्स जोधपुर में फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का आयोजन

जोधपुर। फार्माकोलॉजी विभाग एम्स जोधपुर ने 17 से 23 सितंबर तक फार्माकोविजिलेंस पर सार्वजनिक और स्वास्थ्य कर्मियों की जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की है। इस वर्ष के राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का विषय 'फार्माकोविजिलेंस में जनता के विश्वास को बढ़ावा देना' है। एम्स जोधपुर के फार्माकोलॉजी विभाग की आचार्य और विभागाध्यक्ष डॉ. स्नेहा अंबवानी और फार्माकोलॉजी विभाग के आचार्य डॉ. सुरजीत सिंह के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। मंगलवार को फार्माकोविजिलेंस पर जागरूकता पैदा करने के लिए एम्स ओपीडी में पूछताछ डेस्क लगाया गया जो पूरे सप्ताह कार्यशील रहेगा।

# नेशनल कॉन्फ्रेंस को महिलाओं के आरक्षण से एतराज नहीं : उमर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण के खिलाफ नहीं है।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने आज श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से कहा, हम कभी भी महिला आरक्षण के विरोधी नहीं रहे हैं क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस पहले ही पंचायतों और अन्य स्थानों पर इसे लागू कर चुकी है।

उन्होंने कहा, देश में हमारी माताओं और बहनों की आबादी 50 प्रतिशत है और उन्हें प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना चाहिए और नेशनल कांफ्रेंस को विधेयक में संशोधन करने पर कोई आपत्ति नहीं है। शमीमा



फिरदौस और राज्य में पार्टी सचिव सकीना इट्टू के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस की एक मजबूत महिला शाखा है और उन्होंने दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा , हमें किसी भी विधेयक से कोई नुकसान नहीं है। हमें नुकसान केवल इसलिए हुआ है क्योंकि प्रशासन जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने से डरता है। वे यहां पर बेताज बादशाहों की तरह बैठे हुए हैं। हम उन लोगों से डरे हुए हैं जो यहां चुनाव कराने से भाग रहे हैं।

अनंतनाग मुठभेड़ के संबंध में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमारे एक कर्नल, एक मेजर, एक पुलिस उपाधीक्षक और एक सैनिक शहीद हुए हैं और आज मुठभेड़ का सातवां दिन है लेकिन हमने अबतक एक भी आतंकवादी को नहीं मारा है।

अब्दुल्ला ने कहा कि यह स्पष्ट है कि कश्मीर घाटी में शांति नहीं है क्योंकि शांति केवल श्रीनगर में दिखाई दे रही है जहां लोग खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राउंड जीरो पर कोई शांति नहीं है और इसे आप कोकेरनाग, उरी और राजौरी में देख सकते हैं।

# बागेश्वर में अवैध खड़िया खनन मामले में हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बागेश्वर जिले के कांडा तहसील के दाप्ति में अवैध खड़िया खनन के मामले को गंभीरता से लेते हुए सरकार को निर्देश दिये कि वह बताये कि अवैध खनन को लेकर लगाये गये जुर्माने की वसूली की गयी है या नहीं और दोषी अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है।

कांडा निवासी बलवंत सिंह धामी की ओर से इस मामले को वर्ष 2020 में एक जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गयी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हुई।

याचिकाकर्ता की ओर से मंगलवार को



अदालत को बताया गया कि सरकार अवैध खनन को लेकर उदासीन है। उच्च न्यायालय के आदेश पर हुई संयुक्त जांच में यहां अवैध खनन की पुष्टि हुई है।

आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया है लेकिन अभी तक अर्थदंड की वसूली नहीं की गयी है। न ही खनन करोबियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार की ओर से अभी तक इस मामले में जवाब भी पेश नहीं किया गया है।

याचिकाकर्ता की ओर से वर्ष 2020 में दायर जनहित याचिका में कहा गया कि खनन कारोबारियों की ओर से आवंटित पट्टों के अलावा भी ग्रामीणों की भूमि पर अवैध ढंग से खनन किया जा रहा है। इससे गांव में नुकसान की आशंका बढ़ गयी है।

प्रदेश सरकार को इस मामले की शिकायत की गयी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अंत में अदालत ने चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। साथ ही सुनवाई के लिये 18 अप्रैल की तिथि तय कर दी है।

## राज्य का प्रथम रेप्टाइल हाउस बनेगा उदयपुर में

उदयपुर। राजस्थान का प्रथम का प्रथम रेप्टाइल हाउस झीलों की नगरी उदयपुर में जैविक उद्यान सज्जनगढ़ में निर्मित किया जायेगा। मुख्य वन संरक्षक आर.के.जैन ने बताया कि जैविक उद्यान सज्जनगढ़ में रेप्टाईल हाउस बनने से यहां आने वाले पर्यटकों को रेप्टाईल्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी जो यह नया आकर्षण का केन्द्र होगा। यहां विभिन्न प्रजातियों के सरीसृप यथा रसेल वाईपर, कॉमन कैट स्नैक, रेट स्नेक, कॉमन सेण्डबुआ, कील बैक, ट्रिन्केट स्नेक, कॉमन करेट आदि के पृथक-पृथक चेम्बर्स बनाए जाएंगे। एक चेम्बर स्टार टोरटोइज़ के लिए तैयार किया जाएगा। इस पर 1.91 करोड़ रूपये खर्च हांगे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने रेलवे स्टेशन पर लगाई 'मोदी टी स्टाल'

एजेंसी

**सिरसा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को समर्पित सेवा पखवाड़े के तहत भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से मंगलवार को यहां रेलवे स्टेशन पर 'मोदी टी स्टाल' लगाकर यात्रियों को चाय पिलाई गई। खास बात ये रही की मिट्टी के बर्तनों में चाय पिलाई गई।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष जसविंद्र पाल पिंकी ने की। सर्वप्रथम सभी ने एक-दूसरे को प्रधानमंत्री के जन्मदिन की बधाई दी।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष जसविंद्र पाल पिंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री सख्त व उदार तेवर से विश्व के सबसे ताकतवर नेता के रूप में उभरकर विश्व पटल पर देश का मार्ग दर्शन करा रहे हैं जो कि देशवासियों के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि नए भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे देश की प्राचीन विरासत के आधार पर एक भव्य और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने का काम किया है।

चाहे संगठन हो या सरकार, प्रधानमंत्री से हम सभी को सदैव राष्ट्रहित सर्वोपरि की प्रेरणा मिलती है। ऐसे अद्वितीय नेता के मार्गदर्शन में देशसेवा का अवसर मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

# भीलवाड़ा में तीन दुर्घटनाओं में तीन लोगों की हुई मौत


भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले की जिले के करेड़ा एवं पुर थाना इलाके में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तीखाखेड़ा निवासी सांवर सिंह रावणा (35) बाइक पर रघुनाथपुरा से अपने गांव तीखाखेड़ा जा रहा था। गांव तीखा के पास नाले पर पीछे से आई एक अन्य बाइक ने सांवर सिंह की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सांवर सिंह की मौत मौके पर ही हो गई। पुलिस ने करेड़ा अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद सांवर सिंह का शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे की रिपोर्ट मृतक के भाई ओमप्रकाश ने बाइक चालक के खिलाफ दर्ज करवाई है। इसी थाना सर्किल में रघुनाथपुरा स्थित श्रीराम ग्रेनाइट माइंस पर घटित हादसे में बंदली, बांसवाड़ा निवासी रामसेन (30) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले करेड़ा और बाद में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर्स ने रामसेन को मृत घोषित कर दिया। उधर, एक अन्य हादसा पुर थाना इलाके में संगम कॉलेज के नजदीक हुआ। जहां नेपाल निवासी श्रवण कुमार (23) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत बताया। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है।

# हिमाचल में आवश्यकता आधारित संस्थान खोले जाएंगे : सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में कहा कि कांग्रेस सरकार नए संस्थानों के लिए कार्यात्मक पद सृजित करने से पहले आवश्यकता आधारित संस्थान खोलेगी।

सुक्खू ने प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पिछले भारतीय जनता पार्टी के शासन में कई संस्थान लापरवाही से खोले गए थे और ऐसे संस्थानों को चलाने के लिए पदों का सृजन नहीं किया गया था।

उन्होंने कहा कि इसने सरकार को हाल ही में कई शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा कि सदस्य की चिंता सही



है क्योंकि कई इंस्टीट्यूशन बिना उचित स्टाफ के चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सभी शैक्षणिक संस्थानों में कर्मचारियों की संख्या को तर्कसंगत बना रही है, लेकिन वर्तमान सरकार के लिए उन संस्थानों के सभी पदों को भरना संभव नहीं है, जो बिना किसी लोकप्रिय सार्वजनिक मांग के खोले गए हैं।

निर्दलीय सदस्य केएल ठाकुर द्वारा उठाए गए एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान 1766 मामले क्षतिपूर्ति के आधार पर खारिज कर दिए गए थे और केवल 25 प्रतिशत रिक्त पद भरे गए थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने क्षतिपूर्ति भूमि की नीति बनाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। केएल ठाकुर द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मुद्दों के प्रति संवेदनशील है और समिति की रिपोर्ट आने के बाद शीघ्र ही क्षतिपूर्ति आधार पर पद भरेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने मुख्यमंत्री के जवाब के दौरान हस्तक्षेप किया और कहा कि कांग्रेस सरकार नए पदों के सृजन और नए संस्थान खोलने के मामले में सदन को गुमराह कर रही है क्योंकि उनमें से कई खुले पदों को बिना किसी भेदभाव के बंद कर दिया गया है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि चूंकि अजय सोलंकी राज्य के नए सदस्य हैं, इसलिए वे अपनी अज्ञानता के तहत रिक्तियों के मुद्दे को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं, हालांकि राज्य की साक्षरता दर देश में सबसे अधिक है, क्योंकि यह केरल राज्य से आगे निकल गया है, मुख्यमंत्री को यह नहीं सोचना चाहिए कि हम सभी यहाँ घर में अनपढ़ हैं। ठाकुर ने कहा कि सरकार रिक्त पद नहीं भरने का पूरा दोष पिछली सरकार पर मढ़ने की कोशिश कर रही है, जबकि सरकार को सत्ता में दस महीने हो गये हैं और वह अब भी पूर्व शासन को दोष दे रही है।

# समाज के सभी तबके के विकास से ही राज्य का विकास संभव

एजेंसी

रांची। आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सरकार की गलत नीतियों की वजह से आज राज्य का युवा ठगा हुआ महसूस कर रहा है और इस अव्यवस्था को बदलने और राज्य में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हर वर्ग के युवाओं को राजनीति में आगे आना होगा।

महतो ने आज हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में यह बात कही। इस दौरान



उमेश सिंह भोक्ता ने अपने हजारों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा। हरमू मैदान में हजारों समर्थक जुटे एवं रैली के रूप में हरमू स्थित आजसू पार्टी कार्यालय अपने पारंपरिक वेशभूषा एवं ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे। झारखण्ड के विभिन्न जिलों जैसे रांची, लातेहार, चतरा, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, धनबाद से सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

महतो ने कहा कि राजीनीतिक पटल पर राज्य के हर समाज, हर वर्ग का नेतृत्व हो इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं, जिसके लिए आजसू पार्टी ऐसे सभी नेतृत्वकर्ताओं को मंच दे रही है ताकि राज्य के विकास में समाज के हर वर्ग की सभागिता तय हो।

समाज के सभी तबके को नेतृत्व देने से ही राज्य का विकास संभव है। राजनीति एकल नहीं सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने निजी हित के लिए फैसले लेने वाली इस सरकार ने लोगों के हित को कभी समझा ही नहीं। निजी हित के चलते ही गलत नीतियों का निर्माण हुआ जिससे समाज के कुछ वर्ग पीछे छूट गए हैं।

## बाढ़ के पानी में फंसी कार से सवा लाख रुपए की शराब बरामद, दो गिरफ्तार

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के भीकनगांव थाना क्षेत्र में बाढ़ में फंसी कार से सवा लाख रुपए की शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भीकनगांव के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) संजू चौहान ने बताया कि हाल ही में हुई अतिवृष्टि के चलते एक कार ग्राम नीम सेठी एवं पुनासला के बीच अगड़िया नदी की पुलिया पर फंस गई थी। मुखबिर की सूचना पर उस कार पर नजर रखी गई और जल स्तर कम होने पर उसे बाहर निकाला गया। इस कार के पिछले हिस्से में 14 पेटी अंग्रेजी शराब और 28 पेटी देशी शराब निकली। इस मामले में इंदौर के बेटमा थाना क्षेत्र निवासी रवि केवट और धार जिले के सादलपुर थाना निवासी अनिल कलोता को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कार को भी जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वह इंदौर से शराब लेकर खरगोन जिले के चैनपुर क्षेत्र के लिए निकले थे लेकिन रास्ते में मोहन खेड़ी में बाढ़ का पानी देखकर दूसरे रास्ते की ओर मुड़ गए थे।

नई दिल्ली
बुधवार 20 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### चंद्रशेखर राव के खिलाफ पोस्टर युद्ध

**नयी दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के खिलाफ पोस्टर युद्ध शुरू करते हुए उन्हें देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने मंगलवार को कहा मुख्यमंत्री केसीआर हर चीज में 30 प्रतिशत कमीशन ले रहे हैं, यही कारण है कि हमने 'बुक माय सीएम' पोस्टर लॉन्च किया है। सीएम राज्य में हर परियोजना और योजना में कमीशन ले रहे हैं और जनता का पैसा लूट रहे हैं। पोस्टर वॉर का उद्देश्य सीएम केसीआर के कुकर्मों को उजागर करना और उनके इस्तीफे की मांग करना है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी वरुण पांडे ने मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार को उजागर करने का दावा करते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि श्री राव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में पूरे हैदराबाद में पोस्टर लगाए गये हैं जिन पर 'बुक माय सीएम' लिखा है और बारकोड स्कैनर के साथ मुख्यमंत्री का चेहरा दिखाया गया है। उन्होंने कहा पूरे तेलंगाना में 'बुक माय सीएम' पोस्टर के साथ मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कहा है कि खुद मुख्यमंत्री हर चीज पर 30 प्रतिशत कमीशन ले रहे हैं यही कारण है कि हमने 'बुक माय सीएम' पोस्टर लॉन्च किया है।

### मोदी राज में ही मिलेगा आधी आबादी को पूरा अधिकार

नई दिल्ली। बीजेपी दिल्ली प्रवक्ता वीरेंद्र बब्बर ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी राज में ही आधी आबादी को पूरा अधिकार मिलेगा। विपक्षी एलायंस ने महिला आरक्षण पर केवल देश की माता बहनों को ठगने का काम किया। महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस, राजद, सपा और उनके अन्य सहयोगी दलों ने आंख में धूल झोंकने काम किया। बब्बर ने महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पेश होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक एवं साहसिक निर्णय से लोकतंत्र में नारी शक्ति की सहभागिता बढेगी। मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसके लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन है। बीजेपी नेता बब्बर ने कहा कि मोदी सरकार में महिलाओं को अधिकार मिला है। तीन तलाक खत्म हुआ। कई योजनाएं महिलाओं के कल्याण के लिए चल रही है। उज्ज्वला योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं हैं। मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए मोदी सरकार हमेशा प्रतिबद्ध है।

### 24वीं मंजिल से गिरकर 12वीं के छात्र की मौत

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में 12वीं के नाबालिग छात्र की एक हाउसिंग सोसाइटी की 24वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह गाजियाबाद के जयपुरिया स्कूल में पढ़ता था। सोसाइटी के सुपरवाइजर ने पुलिस को छात्र के गिरने की सूचना दी। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार के लोगों से पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लिया। घटना बिसरख थाना क्षेत्र के गौर सौंदर्यम सोसाइटी में आज सुबह करीब साढ़े 6 बजे हुई। बताया जा रहा है कि रात को अक्सर रात को चोरी छिपे अपने दोस्तों से मिलने जाया करता था, जिसके लिए बालकनी का प्रयोग करता था, इसलिए अंदेशा है कि रात को लौटते समय उसका पैर फिसलने से हादसा हो गया। इसके अलावा पुलिस सुसाइड के एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, बिसरख थाना में मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे गौर सौंदर्यम हाउसिंग सोसायटी के सुपरवाइजर ने सूचना दी कि सोसाइटी में एक किशोर 24वीं मंजिल से गिर गया है। उसकी मौत हो गई है।

### गाजियाबाद में प्रशासन अलर्ट : पराली जलने से रोकने के लिए बनी फ्लाइंग स्क्वायड

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में धान और गन्ने की कटाई अगले महीने शुरू होने वाली है। ऐसे में पराली जलाने के मामले फिर से बढ़ने की संभावना है। बीते सालों में पराली जलाने के कारण प्रदूषण बढ़ने की जानकारी सामने आती रही है। पराली जलाने की घटनाएं रोकने के लिए दिल्ली से सटे जिला गाजियाबाद में प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं। गाजियाबाद में तहसीलवार फ्लाइंग स्क्वायड टीमें बना दी गई हैं। इसमें पुलिस सहित पांच विभाग के अधिकारियों को लगाया गया है। ये अपने-अपने इलाके में घूमा करेंगे और पराली जलाने वालों पर नजर रखेंगे। जिले में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। गाजियाबाद में रजापुर, लोनी, मुरादनगर और भोजपुर ब्लॉक क्षेत्र में ये फ्लाइंग स्क्वायड बनाए हैं। इनका प्रभारी एसडीएम को बनाया गया है। जबकि टीम में ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, कृषि विभाग के एक अधिकारी, गन्ना अधिकारी और सहायक पुलिस आयुक्त को शामिल किया गया है।

### गाजियाबाद-नोएडा में 24 घंटे में डेंगू के 31 केस

गाजियाबाद। गाजियाबाद और नोएडा में डेंगू केस बढ़ते जा रहे हैं। दोनों जिलों में बीते 24 घंटे में डेंगू के 31 केस सामने आए हैं। वहीं कुल मामलों की संख्या एक हजार के आसपास पहुंच गई है। कई प्राइवेट अस्पतालों में डेंगू वार्ड फुल हैं। ओपीडी में जो बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं, उनका डेंगू टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग गाजियाबाद के अनुसार, 24 घंटे में डेंगू के 12 नए केस मिले। इस प्रकार कुल मामले बढ़कर 499 पहुंच गए हैं। वहीं दो दिन पहले चिकनगुनिया का पहला केस सामने आया था। 19 मरीज मलेरिया के भी पीड़ित हैं। संयुक्त जिला अस्पताल संजयनगर की ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। इसमें ज्यादातर मरीज बुखार पीड़ित हैं। डॉक्टरों ने बताया कि बुखार पीड़ित मरीजों की डेंगू जांच अनिवार्य रूप से कराई जा रही है। स्वास्थ्य टीमों ने 24 घंटे में 4772 घरों का भ्रमण किया। इसमें 118 घरों में डेंगू का एडीज लार्वा मिला है। 2 घरों को नोटिस दिया गया और 56 स्थानों पर स्प्रे किया गया है।

भ्रष्टाचार दूर करने के लिए उपराज्यपाल ने जारी किया आदेश

## भुगतान से पहले प्रगति रिपोर्ट करनी होगी अपलोड



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार, लागत में वृद्धि और सिविल कार्यों के निष्पादन में देरी को दूर करने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने ऑनलाइन पोर्टल पर जियो टैग करना अनिवार्य कर दिया है। इसे लेकर आईटी विभाग को आदेश दिए गए हैं। अब मूल्यांकन के लिए सभी परियोजनाओं के पहले और बाद की रंगीन तस्वीरें अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके बाद अधिकारी उसका सत्यापन करेंगे, तब जाकर ठेकेदारों को कोई भुगतान किया जाएगा।

इस आदेश के बाद न केवल पारदर्शिता आएगी, बल्कि धन के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार को रोकने में भी मदद मिलेगी। साथ ही पोर्टल पर तस्वीरों के नियमित अपलोड से संबंधित अधिकारियों को समय पर निगरानी में भी मदद मिलेगी। सतर्कता निदेशालय के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि आईटी विभाग ने परियोजनाओं की निगरानी के लिए एक पोर्टल विकसित किया है, लेकिन अधिकांश विभाग अपनी परियोजनाओं, कार्यों की निगरानी के लिए इसका उपयोग नहीं कर रहे हैं।

आगे से सभी विभाग प्रमुख इस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से रंगीन तस्वीरों के साथ प्रगति रिपोर्ट अपलोड करेंगे। साथ ही सभी परियोजनाओं और कार्यों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करेंगे। उसके बाद ही कोई भुगतान हो सकेगा। बता दें कि अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश और केरल के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रालय/विभाग अपनी योजनाओं के लिए जियो-टैगिंग तकनीक का उपयोग कर रहे हैं।

### अधो मानक मिलने पर कंपनी पर एक लाख का जुर्माना

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के जीएम पीके कौशिक ने मंगलवार को सेक्टर-47 में चल रहे गहरी सीवर लाइन का निरीक्षण किया। यहां 1000 डाया के डाले जा रहे पाइप की गुणवत्ता की जांच की गई। जिसमें पाइप अधो मानक पाए गए। वहीं दो निर्माणाधीन मेन होल का निरीक्षण किया गया। वे भी अधो मानक पाए गए। जीएम ने ठेकेदार कंपनी गंगा एंड कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही सारे पाइप बदलने और गुणवत्ता पूर्व कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रबंधक और सहायक प्रबंधक को कड़ी चेतावनी जारी की गई। दरअसल नोएडा के सेक्टर-47 में सीवर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। इसके लिए यहां मैन होल का निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण के जीएम पीके कौशिक ने यहां अचानक निरीक्षण किया।

## सरकारी स्कूलों में वायु प्रदूषण की होगी जांच

नई दिल्ली। अब दिल्ली के सरकारी स्कूलों में ऐसे वैन खड़े किये जाएंगे जो हवा की गुणवत्ता को परखेंगे। इसके लिए दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने इसके लिए योजना बना ली है। स्कूलों में तैनात किये जाने वाले एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग वैन प्रदूषण के स्त्रोत और वायु गुणवत्ता के अलग-अलग पैरामीटर की निगरानी करेंगे। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी सर्कुलर में बताया गया कि दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों के प्रमुखों को निर्देश दिया जाता है कि वो दिल्ली पलूशन कंट्रोल कमेटी के साथ सहयोग करें ताकि मोबाइल एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग वैन की तैनाती की जा सके।

दिल्ली सरकार की इस पहल पर पर्यावरणविद् भवरीन खंडारी ने कहा कि ना सिर्फ स्कूल बल्कि अस्पताल, बस स्टॉप और सरकारी इमारतों में भी एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग वैन होना चाहिए। उन्होंने पीटीआई से बातचीत में कहा कि 'The Warrior Moms' ग्रुप ने 12 राज्यों और उनके प्रदूषण बोर्ड को खत लिखकर उनसे आग्रह किया है कि वो AQI डिस्प्ले मॉनिटर सभी सरकारी स्कूलों में तैनात करें। उन्होंने कहा कि यह वायु की गुणवत्ता को लेकर यह वैन रियल टाइम सूचना देंगे। जिससे छात्रों, शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों को आउटडोर एक्टिविटी के बारे में कोई फैसला लेने में सुविधा मिलेगी। खासकर उन दिनों में जब वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। इस प्रयास से ना सिर्फ जागरुकता आएगी बल्कि लोगों को अपना स्वास्थ्य सही रखने में भी मदद मिलेगी।

## नोएडा में छात्रा से रेप का आरोपी अरेस्ट

एजेंसी

नोएडा। पुलिस ने नाबालिग छात्रा के साथ रेप करने वाले आरोपी को नोएडा-दिल्ली के अशोक नगर बार्डर से गिरफ्तार किया है। पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को जल भेजा है। पुलिस ने बताया कि युवती ईस्ट दिल्ली में रहती है। वही के एक स्कूल में पढ़ती है। इस दौरान आरोपी युवक तरुण उर्फ शाहरुख ने छात्रा के साथ दोस्ती कर ली। एक दिन बहला फुसला कर उसे कमरे पर ले गया।

वहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद छात्रा कई दिनों तक बात को छिपाती रही।

पीड़ित छात्रा ने परिजनों को सारी बात बताई। इसके बाद न्यू अशोक नगर थाना ईस्ट दिल्ली में पीड़िता के परिजनों ने शिकायत दी।

घटना नोएडा के थाना फेज-1 की थी। इसलिए जीरो एपआईआर कर केस ट्रांसफर कर दिया। नोएडा पुलिस ने इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के आधार पर आरोपी तरुण को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने नाबालिग के साथ रेप के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय यादव निवासी वाजिदपुर सेक्टर-135 हुई है। 11 मई 2023 को पीड़िता के परिजनों ने शिकायत की थी।

आरोपी संजय उनकी बेटी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। वहां उसने जबरन पीड़िता के साथ रेप किया। शिकायत के बाद पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। साथ ही पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी पर पाक्सो एक्ट की धारा में बढ़ोतरी करते हुए जेल भेज दिया है।

## इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एडू कॉन्क्लेव का आयोजन

नई दिल्ली। रामजस इंटरनेशनल स्कूल ने स्वर्ण जयंती समारोह की श्रृंखला में 16 सितंबर 2023 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एडू कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन किया जिसमें विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक प्रधानाचार्यों,शिक्षकों, प्रशासकों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। इस कॉन्क्लेव में नई शिक्षा नीति, विद्यालय की बदलती भूमिका,मूल्यांकन प्रक्रिया और शिक्षा के प्रति मानसिकता में बदलाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रसिद्ध शिक्षाविदों ने चर्चा की।



कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद रामजस फाउंडेशन मैनेजिंग कमेटी और रामजस इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष राज नाथ गुप्ता जी ने अपने उद्घाटन वक्तव्य को प्रस्तुत करते हुए विद्यालय द्वारा किए गए इस आयोजन की सराहना की और कहा कि इसके माध्यम से सभी स्तर के विद्यालय लाभान्वित होंगे। रामजस फाउंडेशन मैनेजिंग कमेटी के सचिव, रामजस कॉलेज के अध्यक्ष और रामजस इंटरनेशनल स्कूल के उपाध्यक्ष श्री देवेश गुप्ता जी ने भी इस बात पर बल दिया कि सभी शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी होनी चाहिए और छात्रों को भी इसके अनुसार तैयार किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक रचना पंत ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एक्टिविटी बेस्ड लार्निंग को महत्त्वपूर्ण बताया और कहा कि दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न स्कूलों से आए प्रधानाचार्य और अध्यापक निश्चय ही यहां हुई चर्चा का लाभ उठाएंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अकादमिक-मूल्यांकन,निदेशक-प्रज्ञा एम. सिंह ने एन.ई.पी. 2020 के संबंध में लोगों के प्रश्नों के उत्तर दिए।

इसके बाद डीएलएफ फाउंडेशन स्कूल और छात्रवृत्ति कार्यक्रम की अध्यक्ष और कार्यकारी निदेशक डॉ. अमीता मुल्ला वट्टल ने विद्यालय की बदलती भूमिका की आवश्यकता एवं महत्व के संदर्भ में चर्चा की और कहा कि स्कूलों में शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को बदलने के लिए शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के बीच संबंधों को बदलना कितना महत्वपूर्ण है। एन. पी. एस. सी. की अध्यक्ष और आई.टी. एल.पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. सुधा आचार्य ने छात्रों के समग्र मूल्यांकन पर बल देते हुए सी. बी. एस. ई. की निपुण भारत पहल और समग्र प्रगति कार्ड के बारे में बताया।

ज्ञान भारती स्कूल, साकेत की निदेशक और प्रबंधक श्रीमती लता वैद्यनाथन ने वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपनी मानसिकता को बदलने की जरूरत पर चर्चा की। ग्रोथ माइंडसेट पर अपने विचारों से अवगत कराते हुए उन्होंने इस तथ्य पर जोर दिया कि प्रयास, समर्पण और सीखने के माध्यम से क्षमता और बुद्धि विकसित की जा सकती है,साथ ही उन्होंने विकास की मानसिकता विकसित करने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया।

कॉन्क्लेव में एचटी मीडिया द्वारा आयोजित पैनल चर्चा में विभिन्न स्कूलों से आए हुए छात्रों के बीच वर्तमान में ज्वलंत विषय-सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पर चर्चा हुई,जिसमें छात्रों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## डेनमार्क और भारत के बीच हैं बहुत पुराने परंपरागत रिश्ते

### डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने डीयू में की जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली। डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली विश्वविद्यालय का दौरा किया और जलवायु परिवर्तन जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान डेनमार्क के महावाणिज्य दूतावास के इनोवेशन सेंटर से डेनमार्क टीम के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि भारत और डेनमार्क के बीच बहुत पुराने और परंपरागत रिश्ते हैं। इस अवसर पर कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के रेक्टर (चांसलर) हेनरिक वेगेनर ने कहा कि हमारे पास भारत के साथ साझेदारी का विस्तृत इतिहास है।



दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया के इतने पुराने कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के साथ संबंध होना दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। कुलपति ने अतिथियों का परिचय करवाते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय का भी संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अपनी 100 वर्ष की यात्रा में दिल्ली विश्वविद्यालय ने इतना विस्तार पाया है कि भारत के साथ दुनिया के अनेकों देशों में भी दिल्ली विश्ववियालय के विद्यार्थी पाए जाते हैं। उन्होने बताया कि डीयू में करीब साढ़े छः लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कुलपति ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच यह संबंध अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय ज्वाइंट डिग्री, ड्यूल डिग्री और ज्वाइंट रिसर्च प्रोग्राम शुरू करने वाला है। इससे अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को भी काफी फायदा मिल सकता है।

कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के रेक्टर (चांसलर) हेनरिक वेगेनर ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे भारत के इस सम्मानित संस्थान के साथ साझा बैठक हमारे लिए खुशी का विषय है। उन्होंने कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि उनका विश्वविद्यालय यूरोप में 8वें स्थान पर है। विश्वविद्यालय में कुल अकादमिक स्टाफ का 36त्न विदेशी शिक्षक हैं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, रिसर्चर्स और नए ग्रेजुएटों द्वारा प्रति वर्ष 186 कंपनियां बनाई जाती है।

## नोएडा में मेट्रो ट्रेन के आगे कूदी युवती, हाथ कटा

**नोएडा।** नोएडा में एक युवती ने मेट्रो ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का करने का प्रयास किया। घटना सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है। इसमें युवती का एक हाथ कट गया। उसे सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे दिल्ली के एक हायर सेंटर में रेफर किया गया है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया, सुबह करीब साढ़े नौ बजे के आसपास जानकारी मिली एक युवती सिटी सेंटर से दिल्ली जाने वाली लाइन पर मेट्रो के आगे कूद गई है। युवती की पहचान अनीता (19) हुई है। बरौला के रहने वाली है। जिस समय वह कूदी उसके पास एक बैग था। इसमें कुछ सामान मिला है। हालांकि उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवती के पिता परमानंद प्राइवेट जॉब करते है। परिजनों को जानकारी दे दी गई थी। युवती सिटी सेंटर से दिल्ली जाने वाली लाइन पर कूदी। जानकारी मिलते ही सीआईएसएफ के जवानों ने युवती को ट्रैक से हटाया। लोकल पुलिस को सूचना दी और युवती को जिला अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान ट्रेन से टकराने की वजह से युवती का एक हाथ कट गया। इस दौरान मेट्रो स्टेशन पर हड़कंप मच गया। करीब 10 से 15 मिनट तक मेट्रो सेवा बाधित रही। एसीपी ने बताया कि युवती ने सुसाइड करने का प्रयास किया या फिर किसी ने उसे धकेला। सीसीटीवी फुटेज जांच के बाद ये स्पष्ट होगा।

## मेवाड़ में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' विषय पर विचार संगोष्ठी आयोजित

### अंग्रेजों ने फूट डालने और नफरत फैलाने वाला संविधान बनाया: अश्विनी





गाजियाबाद। सुप्रीम कोर्ट के चर्चित एडवाकेट अश्विनी उपाध्याय का कहना है कि हमारे देश के संविधान को अंग्रेजों ने जान-बूझकर आपस में बांटने वाला और नफरत फैलाने वाला बनाया। अब एक राष्ट्र, एक विधान के जरिये देश में समानता और भाईचारे का भाव लाने के सरकारी प्रयास कामयाब होंगे। जल्द ही मोदी सरकार इसे अमल में लाएगी।

वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ऑडिटोरियम में प्रभाष परम्परा न्यास और मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' विषय पर आयोजित विचार संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि हलाला, मूसा और मिसियार पर पोक्सो एक्ट लगना चाहिए। ये किसी रेप से कम संगीन अपराध नहीं है, लेकिन अंग्रेजों के बनाये भारतीय संविधान में इसे रेप का दर्जा न देकर एक विशेष समुदाय को सहूलियत दी गई है। उन्होंने कहा कि भारत में नागरिकता और वोट देने के अधिकार का हमारे देश में कोई कानून नहीं है, जबकि अन्य देशों में इनके लिए बाकायदा कानून बनाया हुआ है। किसी को नागरिकता और वोट देने का अधिकार वहां बड़ी मुश्किल से मिलता है लेकिन हमारे देश में जो यहां पैदा हुआ उसे नागरिकता और वोट देने का अधिकार स्वतः ही मिल जाता है। इसी तरह 125 देशों में लड़का-लड़की की शादी की उम्र समान है लेकिन भारत में शादी के लिए लड़का-लड़की की समान उम्र होने का कोई प्रावधान नहीं है। हमारे सांसद-विधायक बनने पर जो संविधान की शपथ लेते हैं, उसी की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। लेकिन अब ज्यादा दिन तक ऐसा चलने वाला नहीं है।

असमानता पैदा करने वाले संविधान में बदलाव लाया जाएगा। मोदी सरकार सभी को एक समान अधिकार देने वाले विधान को लागू करने वाली है। इसमें अपना कानून, अपना समाज, निष्पक्ष भारत, प्रजातांत्रिक भारत होगा। सभी को एक समान अधिकार मिलेंगे। सभी को सोचने और बोलने की आजादी मिलेगी। अब फूट डालो राज करो वाली नीतियां इस देश में नहीं चलेंगी।

उन्होंने दावा किया कि एक देश-एक विधान वाला सूत्र भगवान श्रीराम ने शुरू किया था, जिसे आज के भारत में लागू करना अनिवार्य है। इससे निश्चित ही समाज का भला होगा।

मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीरट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने देश में एक विधान वाले कानून को लागू करने पर अपनी सहमति जताते हुए सभी आगंतुकों, शिक्षकगणों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### व्यापारी के कपड़े उतरवाकर सड़क पर घुमाया

नोएडा। नोएडा में व्यापारी के साथ बर्बरता का मामला सामने आया है। आरोप है कि उधार के 3 हजार रुपए न लौटाने पर कारोबारी ने उसकी डंडे से पिटाई की। उसके बाद उसके कपड़े उतरवाकर सड़क पर घुमाया। इस दौरान उसका एक साथी घटना का विडियो भी बनाता रहा। राहगीरों ने देखा लेकिन किसी ने भी उसकी मदद करने की कोशिश की। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस एक्शन में आई। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज उसे हिरासत में ले लिया। घटना सोमवार दोपहर फेस-2 मंडी की है। पुलिस को दी शिकायत में अमित ने बताया कि कि वह फेस-2 मंडी में ठेले पर लहसुन बेचता है। उसने एक महीने पहले आढ़ती सुंदर से 5600 रुपए किसी काम के लिए उधार लिए थे। मंगलवार को वह सुंदर से मिला और 2500 रुपए वापस लौटा दिए। बाकी के रुपए जल्द लौटने के लिए रिक्वेस्ट किया। इस पर सुंदर नाराज हो गया। उसने अपने मुनीम और दो मजदूर को बुला लिया। चारों ने उसे दुकान में बंद कर लिया।

## डीयू के एमए हिंदू अध्ययन, चीनी अध्ययन एवं साइबर सुरक्षा और कानून में पीजी डिप्लोमा में प्रवेश शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा नए स्थापित किए गए हिंदू अध्ययन केंद्र के तहत विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 से हिंदू अध्ययन में एम.ए. में दाखिले की शुरुआत कर दी है। केंद्र की संयुक्त निदेशक प्रो. प्रेरणा मल्होत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए दाखिला केवल आहर्ता डिग्री में मेरिट के आधार पर होगा। न्यूनतम स्कोर के साथ किसी भी विषय में स्नातक डिग्री धारक इस प्रोग्राम में आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि दाखिले के इच्छुक उम्मीदवारों को https://pg-merit.uod.ac.in/ पर अपना पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण मंगलवार, 19 सितंबर, 2023 से शुरू हो गए हैं जोकि शनिवार, 30 सितंबर, 2023 तक किए जा सकते हैं। विवरण के लिए, उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की प्रवेश वेबसाइट पर प्रकाशित पीजी-मेरिट आधारित सूचना बुलेटिन देखना होगा। इसके साथ ही, विश्वविद्यालय ने साइबर सुरक्षा और कानून में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और एमए चीनी अध्ययन प्रोग्रामों में भी दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन प्रोग्रामों में प्रवेश की पात्रता और प्रक्रिया के संबंध में विशिष्ट विवरण भी विश्वविद्यालय की एडमिशन वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रो. मल्होत्रा ने बताया कि हिंदू अध्ययन में मास्टर ऑफ आर्ट्स अपनी तरह का पहला स्नातकोत्तर प्रोग्राम है, जिसमें कंप्यूटर विज्ञान, डेटा एनालिटिक्स, वाणिज्य, राजनीति विज्ञान आदि के ज्ञान क्षेत्रों में भी माइनर कोर्स का प्रावधान किया गया है जोकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के प्रगतिशील प्रावधानों के साथ शिक्षण-अधिगम और अनुसंधान में नवाचार और व्यावहारिक अभिविन्यास के लिए ज्ञान प्रसार में बहु-विषयक दृष्टिकोण की परिकल्पना करता है। डेटा साइंस और एनालिटिक्स/ कंप्यूटर साइंस/ कॉमर्स/ पॉलिटिकल साइंस आदि जैसे चुने गए माइनर विषय को एमए हिंदू अध्ययन में मास्टर डिग्री में शामिल किया जाएगा। हिंदू अध्ययन के साथ-साथ चुने हुए माइनर विषय के साथ मेजर में आवश्यक क्रेडिट के साथ एमए डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी मेजर विषय में आगे शोध और अध्ययन करने के लिए पात्र होंगे।

उन्होंने बताया कि माइनर के साथ हिंदू अध्ययन में एमए का उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंदू दर्शन और दृष्टिकोण से संबंधित पारंपरिक ज्ञान के साथ भविष्य के लिए रोजगार योग्य कौशल प्रदान करना है। यह प्रोग्राम हजारों वर्ष पुराने हिंदू लोकाचार और समकालीन कैरियर लक्ष्यों की गहरी समझ पर केंद्रित होगा। बहु-विषयक दृष्टिकोण विद्यार्थियों को हिंदू अध्ययन और अन्य समकालीन विषयों के बीच अंतरसंबंधों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह प्रोग्राम विश्वविद्यालय की एक अत्याधुनिक पहल है जिसे हिंदू विचार और दर्शन की गहरी एवं सूक्ष्म समझ को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह बहु-विषयक दृष्टिकोण के साथ-साथ भारतीय सभ्यतागत मूल्य प्रणाली की ताकत के आधार पर, जैसा कि एनईपी-2020 में कल्पना की गई है।

# संपादकीय



## पाकिस्तान के नापाक इरादों को समझे भारत

जम्मू श्रीनगर हाइवे 44 के पश्चिम में 40 किमी और अंदर आने पर कोकेरनाग वन क्षेत्र प्रारंभ होता है। स्पष्ट है कि पाकिस्तान की आतंकी संरचना और स्थानीय सहयोग बरकरार है। अनंतनाग में मुठभेड़ के बीच उड़ी सेक्टर में भी सीमा पार करने का प्रयास करते तीन आतंकी मारे गए। पिछले दस दिनों में सीमा पार से घुसपैठ के कम से कम पांच प्रयास सुरक्षा बलों ने असफल किए हैं।

जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग के कोकेरनाग में आतंकियों से लंबी खिंची मुठभेड़ ने हमें यह मानने को मजबूर कर दिया है कि इस केंद्र शासित प्रदेश में बड़े पैमाने पर विकास के बाद भी स्थितियां अभी पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आई हैं। यही प्रदर्शित करना पाकिस्तानी सत्ता और विशेष रूप से उसके डीप स्टेट की मंशा भी है। कोकेरनाग कोई सीमा क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह पाकिस्तान की सीमा से लगभग डेढ़-दो सौ किमी अंदर दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में है। आतंकियों को यहां आने के लिए सीमा के आगे पूरा राजौरी जिला पार करना पड़ा होगा।

जम्मू श्रीनगर हाइवे 44 के पश्चिम में 40 किमी और अंदर आने पर कोकेरनाग वन क्षेत्र प्रारंभ होता है। स्पष्ट है कि पाकिस्तान की आतंकी संरचना और स्थानीय सहयोग बरकरार है। अनंतनाग में मुठभेड़ के बीच उड़ी सेक्टर में भी सीमा पार करने का प्रयास करते तीन आतंकी मारे गए। पिछले दस दिनों में सीमा पार से घुसपैठ के कम से कम पांच प्रयास सुरक्षा बलों ने असफल किए हैं। इसका अर्थ है कि पाकिस्तान में आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप और लांच पैड सक्रिय हैं।

पाकिस्तान जैसे-जैसे विदेशी सहायता के सहारे अपने आर्थिक संकट से निकलता दिख रहा है, वैसे-वैसे वह पहले की तरह कश्मीर को अशांत करने में जुट रहा है। खबरें हैं कि सीमाओं पर सख्ती के बाद आतंकियों के आने के नए रास्ते पंजाब और नेपाल से बन रहे हैं। पाकिस्तान हथियार और बारूद ड्रोन के माध्यम से भेज कर आंतकी गतिविधियों को जिंदा करने की कोशिश कर रहा है। वित्तीय व्यवस्था के लिए ड्रोन से ड्रग्स की तस्कारी आतंकी नेटवर्क का बड़ा सहारा है।

जी 20 शिखर सम्मेलन से पहले भी आतंकियों की घुसपैठ के अनेक प्रयास हुए, लेकिन सीमा रक्षकों की सजगता ने कुछ होने नहीं दिया। इस बार आतंकी कोकेरनाग के जंगलों में अपना ठिकाना बनाने में सफल हो गए। एक और परिवर्तन ध्यान देने योग्य है। पीर पंजाल के पर्वतीय सीमांत और आंतरिक क्षेत्रों में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। आतंकियों के निशाने पर अब सुरक्षा बल हैं। उनके लिए कश्मीर घाटी में ही हमला करना आवश्यक नहीं है। यह भी प्रतीत हो रहा है कि आतंकी संगठनों के नेटवर्क का विस्तार पहले जैसा ही है। सवाल समस्या के समाधान का है। आखिर कब तक यह सब चलने वाला है?

आजादी के आंदोलन के दौरान जिन्ना ने मजहब आधारित राष्ट्र पाकिस्तान का प्रस्ताव दिया। उनका कहना था कि हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मूलत: इस विचार के प्रणेता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैयद अहमद खान थे। इस विचारतंत्र को अंग्रेजी सत्ता की बैसाखियां मिलीं। कांग्रेस इस पाकिस्तानी विचार के विरुद्ध कोई आंदोलन नहीं खड़ा कर सकी।

इस तरह विश्व का पहला मजहब आधारित देश पाकिस्तान अस्तित्व में आ गया। चूंकि महाराजा हरि सिंह का कश्मीर क्षेत्र मुस्लिम बहुल था, इसलिए वह पाकिस्तान का निशाना बना। जम्मू-कश्मीर का 86 हजार वर्ग किमी क्षेत्र पाकिस्तान के अवैध कब्जे में 1947-48 से चला आ रहा है।

## विश्व कप से पहले बढ़ा भारतीय टीम का मनोबल

यह पहली बार था जब अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय प्रतिस्पर्धा में भारतीय टीम के सामने कोई टीम इतने कम रनों का लक्ष्य रख पाई थी। इसके पहले श्रीलंका की ही टीम भारतीय टीम के सामने 2014 में अट्ठावन रनों पर सिमट गई थी। इस प्रतिस्पर्धा में भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय खेलों में पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने दो अवसरों पर अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को दस विकेट से हराया। इसके पहले 1998 में जिम्बाब्वे की टीम को शारजाह में दस विकेट से हराया था।

एशिया कप में भारतीय क्रिकेट टीम की शानदार जीत से निस्संदेह खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है और क्रिकेट प्रेमियों में अगले महीने से शुरू होने वाले विश्वकप को लेकर उम्मीदें बलवती हुई हैं। हालांकि एशिया कप के प्रदर्शन को विश्वकप मुकाबलों के पैमाने पर कस कर नहीं देखा जा सकता, मगर इसमें जिन टीमों को पराजित कर भारतीय टीम ने विजय हासिल की है, उनसे उसका वहां भी मुकाबला होना है। आमतौर पर भारतीय टीम का पाकिस्तान की टीम से कड़ा मुकाबला होता है।

एशिया कप में वह भी थी, मगर भारतीय टीम के सामने अंतिम मैच तक नहीं पहुंच पाई। श्रीलंका की टीम भी भारत को जोरदार टक्कर देती है, मगर इस बार उसे जिस तरह पराजय का सामना करना पड़ा, उसमें कई कीर्तिमान भारतीय टीम के नाम दर्ज हो गए। अंतिम मुकाबले में श्रीलंकाई टीम केवल पचास रन बना पाई और पंद्रह ओवर तथा दो गेंदों पर ही वह मैदान से बाहर हो गई।

भारतीय टीम के लिए यह बहुत आसान लक्ष्य था। मगर भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने जैसी तूफानी गेंदबाजी की, वैसी गेंदबाजी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत कम मौकों पर देखी गई है। एक ओवर में चार विकेट झटकने वाले वे दुनिया के चौथे गेंदबाज बन गए। सात ओवरों में उन्होंने छह विकेट लिए।

खेल में जो टीम अपने प्रतिद्वंद्वी पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने में कामयाब हो जाती है, उसकी जीत तय मानी जाती है। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला कर श्रीलंका की टीम रनों का पहाड़ खड़ा करने के मंसूबे से मैदान में उतरी तो जरूर थी, मगर एक ओवर में ही चार खिलाड़ियों के बाहर हो जाने के बाद उस पर मनोवैज्ञानिक दबाव इतना बढ़ गया कि वह अंत तक उबर नहीं पाई। इसका पूरा लाभ भारतीय गेंदबाजों ने उठाया और श्रीलंकाई टीम को पचास रनों पर समेट दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे दोनों भारतीय खिलाड़ी इस आसान लक्ष्य को हासिल कर नाबाद लौटे।

यह पहली बार था जब अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय प्रतिस्पर्धा में भारतीय टीम के सामने कोई टीम इतने कम रनों का लक्ष्य रख पाई थी। इसके पहले श्रीलंका की ही टीम भारतीय टीम के सामने 2014 में अट्ठावन रनों पर सिमट गई थी। इस प्रतिस्पर्धा में भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय खेलों मंल पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने दो अवसरों पर अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को दस विकेट से हराया। इसके पहले 1998 में जिम्बाब्वे की टीम को शारजाह में दस विकेट से हराया था। इस प्रतिस्पर्धा में एक बड़ा कीर्तिमान शुभमन गिल ने भी अपने नाम दर्ज किया, जिन्होंने कुल 302 रन बना कर इतिहास रच दिया।

हालांकि एशिया कप में सदा से भारत का दबदबा रहा है। उसने आठवीं बार यह कप अपने नाम किया है। श्रीलंका की टीम भी इस मामले में बहुत पीछे नहीं है। छह बार वह भी यह कप जीत चुकी है। पाकिस्तान महज दो बार इस कप पर कब्जा जमा पाया है। ये तीनों टीमें विश्वकप मुकाबले में भी उतरेंगी। इस तरह एशिया कप मुकाबले के अनुभवों से इन टीमों को विश्वकप प्रतिस्पर्धा में अपना प्रदर्शन सुधारने का एक आधार मिलेगा। आजकल खेल तकनीक पर ज्यादा निर्भर हो गए हैं।

## बौखलाहट है सनातन धर्म की बीमारी से तुलना



-ललित गर्ग-



लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है सनातन धर्म की बीमारी से तुलना करना। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया है। उनकी ही पार्टी डीएमके के सांसद ए राजा ने तो हदें ही लांघ दी है, वे कहते है कि हिंदू धर्म 'न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अभिशाप है।' इन डीएमके नेताओं के बयानों से जब विवाद संभला नहीं तो उन्होंने सफाई दी, लेकिन अपनी बात पर अड़े रह कर उदयनिधि ने कहा कि उन्होंने सनातन धर्म की बुराइयों को खत्म करने की बात कही है, न कि इसे मानने वालों को। जब कोई विवाद खड़ा किया जाता है, तो उसका व्यापक असर होता है, जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान होती है। फिर ऐसी स्थितियों में डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे महापुरुषों को आधार बनाकर अपनी कहीं बातों से किनारा पाने की कुचेष्ठा भी होती है, ये स्थितियां भारतीय राजनीति की विडम्बना एवं विसंगति है।

राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्टीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। असल में लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक दलों को हमेशा ऐसे संवेदनशील एवं भावनात्मक मुद्दों की तलाश रहती है, जिससे बड़े पैमाने पर वोटरों को प्रभावित किया जा सके। धार्मिक मुद्दे इस पैमाने पर बिल्कुल ठीक बैठते हैं। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि धार्मिक मुद्दों का हमेशा राजनीतिक फायदा हो ही, कभी -कभी लाभ की जगह नुकसान भी झेलना पड़ जाता है। ताजा सनातन मामला अब न्यायालय में विचाराधीन है, सनातन धर्म को लेकर जारी विवाद के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा है कि सनातन धर्म शाश्वत कर्त्तव्यों का समूह है जिसमें देश के प्रति कर्त्तव्य, राजा का कर्त्तव्य, राजा के जनता के प्रति कर्त्तव्य, माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्त्तव्य और गरीबों की देखभाल और कई अन्य कर्त्तव्य हैं। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जब धर्म को लेकर कोई टिप्पणी की जाती है तो उसमें ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए।

हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि संविधान में बोलने की आजादी मिली हुई है लेकिन बोलने की आजादी नफरत में नहीं बदलनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता घृणित भाषण नहीं हो सकती। यदि इसे नजरंदाज किया जाता है तो किसी भी बहस की दिशा पटरी से उतर जाएगी और इसके पीछे का उद्देश्य अपना महत्व खो देगा। अभियव्यक्ति की स्वतंत्रता निष्पक्ष और स्वस्थ सार्वजनिक बहसों को प्रोत्साहित करती है तो इससे समाज को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। जो कुछ भी चल रहा है उस पर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायालय इस पर अपने विचार व्यक्त करने से खुद को रोक नहीं सकता। सनातन धर्म पर विवाद निरर्थक है। हम को सब समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने के लिए संकल्प लेकर चलना होगा ताकि उन बुराइयों का उन्मूलन किया जा सके और सामाजिक न्याय का सपना साकार हो सके। वोट बैंक के लिए आक्रामक भाषा का इस्तेमाल देश के लिए अच्छा नहीं होता।

न्यायमूर्ति शेषशायी ने 15 सितंबर को पारित एक आदेश में लिखा यह न्यायालय सनातन धर्म के समर्थक और विरोधी पर बहुत मुखर और समय-समय पर होने वाली शोर-शराबे वाली बहसों के प्रति सचेत है। इसने मोटे तौर पर सनातन धर्म को 'शाश्वत कर्तव्यों' के एक समूह के रूप में समझा है, और इसे किसी एक विशिष्ट साहित्य से नहीं जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसे कई स्रोतों से इकट्ठा किया जाना चाहिए, जो या तो हिंदू धर्म से संबंधित हैं, या जिन्हें हिंदू जीवन शैली का पालन करने वाले लोग स्वीकार करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो सनातन एक शाश्वत धर्म है, जीवन का सत्य है। विज्ञान भी सनातन सत्य को पकड़ने में अभी तक कामयाब नहीं हुआ है, किन्तु वेदांत में उल्लेखित जिस सनातन सत्य की महिमा का वर्णन किया गया है, विज्ञान भी धीरे-धीरे उससे सहमत होता नजर आता है। सनातन धर्म के सत्य को जन्म देने वाले अलग-अलग काल में अनेक ऋषि हुए हैं। जिन्होंने सत्य को जैसा देखा, वैसा कहा। सभी ऋषियों की बातों में एकरूपता है। जो इन ऋषियों की बातों को एवं सत्य को समझ नहीं पाते, वही उनमें भेद करते हैं, विवाद करते हैं। असल में भेद एवं विवाद भाषाओं में होता है, अनुवादकों में होता है, संस्कृतियों में होता है, परम्पराओं में होता है, सिद्धान्तों में होता है, राजनीतिक सोच एवं संकीर्णताओं में होता है, लेकिन सत्य में नहीं। सनातन एक सत्य है, उसमें भेद एवं विवाद करने वाले बुद्धि के दिवालियपन के शिकार है।

इस तरह के आधारहीन विवादों को उछालने वाले राजनीतिक दल एवं नेता उजालों पर कालिख पोतने का ही प्रयास करते हैं। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक सोच से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसे समाज एवं राष्ट्र को तोड़ने वाली कुचेष्ठाएं करने वालों की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख पाते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से एलर्जी है। तरस आता है समाज में बिखराव करने वाले ऐसे लोगों की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर सागर की यात्रा करना चाहते हैं। जब भी ऐसे विवाद खड़े किये जाते हैं, विरोधी आरोपों एवं विरोध से सबसे पहले राष्टीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश करते हैं। जबकि संघ की शालीनता एवं विशेषता है कि वह अक्सर आरोपों एवं विरोध पर प्रतिक्रिया नहीं देता। उसका चरित्र इन सबसे अप्रभावित रहते हुए शांतिपूर्वक समाज-निर्माण एवं राष्ट्र-निर्माण के काम करने का है। वैसे संघ की नजरों में सनातन का अर्थ रिलीजन-धर्म नहीं है, यानी यह किसी मजहब का पर्याय नहीं हैं। संघ की दृष्टि में सनातन-सभ्यता एक आध्यात्मिक लोकतंत्र है।

निश्चित सनातन एक उन्नत विचार एवं जीवन-दर्शन है। जो तत्व सदा, सर्वदा, निरंजन, निर्विकार और सदैव स्वरूप में स्थित रहता है, उसे सनातन या शाश्वत सत्य कहते हैं। वेदों का ब्रह्म और गीता का स्थितप्रज्ञ ही शाश्वत सत्य हैं। जड़, प्राण, मन, आत्मा और ब्रह्म शाश्वत सत्य की श्रेणी में आते हैं। सृष्टि एवं ईश्वर (ब्रह्म) अनादि, अनंत और सर्वविभु हैं। जिस प्रकार आकाश, वायु, जन, अग्नि और पृथ्वी शाश्वत सत्य की श्रेणी में आते हैं, जो अपना स्वरूप बदलते हैं किन्तु समाप्त नहीं होते, ठीक उसी तरह सनातन सत्य भी हैं। सत्य, अहिंसा, त्याग और परोपकार इसी सनातन धर्म के मूलमंत्र हैं। समाज को समरस बनाने में सनातन धर्म की बहुत बड़ी भूमिका है। सनातन धर्म हमें प्रत्येक वस्तु, व्यक्ति में परमात्मा के दर्शन करने की शिक्षा देता है। सनातन धर्म कहता है कि गलतियां करें तब भी सच्चे मन से कोशिश करें कि फिर उन्हें न दोहरायें। सनातन धर्म सिर्फ एक धर्म नहीं अपितु जीवन जीने का एक योजनाबद्ध क्रम, कला व तरीका है। मनुष्य के पूरे जीवन के हर पड़ाव में क्या-क्या योजनाएं व संस्कार निहित हैं, सब बातों का क्रमबद्ध ज्ञान सनातन धर्म हमें सिखाता है। सनातन धर्म का पालन एक कठिन तपस्या है, जिसके मार्ग पर चलकर व्यक्ति केवल स्वयं के बारे में नहीं अपितु विश्व कल्याण के बारे में सोचता है और उसी हिसाब से आचरण करता है। सनातन धर्म किसी भी प्रकार से छोटा-बड़ा और ऊंच-नीच के भेदभाव को नहीं मानता। इन विशेषताओं एवं विलक्षणताओं वाले सनातन की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करने वाले संभवत: खुद ऐसी बीमारी के शिकार हैं। आज भी जातीय आधार पर आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन हो रहे हैं, साथ ही जातीय जनगणना के जरिये मंडल वाले दौर की तरह राजनीतिक कामयाबी को दोहराने की कोशिश भी हो रही है। लेकिन धर्म हो या जाति, उनके जरिये इतिहास दोहराने की कोशिशें आजादी के अमृतकाल में पहले की तरह शायद ही सफल हो।

## बच्चों की रुकी हुई लंबाई को बढ़ाएं योगासन

अलका सिंह

योग विशेषज्ञ

योगासन केवल शारीरिक विकास के लिए ही नहीं होते हैं, बल्कि उनका मानसिक और आध्यात्मिक असर भी होता है। यह शारीरिक कष्टों से से राहत दिलाता है तो वहीं मानसिक दबाव को कम करता है। बच्चों की हाइट न बढ़ना आजकल आम समस्या हो गई है। अगर अच्छे खानपान और कई तरह की एक्सरसाइज करने के बावजूद किसी बच्चे की लम्बाई नहीं बढ़ रही है तो ऐसे में पेरेंट्स का चिंता करना लाजमी है। शुरूआत में बच्चों की लम्बाई पर माता-पिता ध्यान नहीं देते हैं लेकिन जब 15 साल के बाद भी उम्र के हिसाब से बच्चे की लम्बाई नहीं बढ़ती है तो उन्हें चिंता होने लगती है। अगर हर तरह के उपाय करने के बावजूद आपके बच्चे की हाइट नहीं बढ़ रही है तो आप



इन तीन योगासन की मदद ले सकते हैं। बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए करें ये योगासन

### 'ताड़ासन'

ताड़ासन को लंबाई बढ़ाने के लिए रामबाण इलाज कहा जाता है। ये आसन पीठ दर्द, लंबाई बढ़ाने और घुटनों से संबंधित हर तरह की समस्या से निजात दिलाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले आप अपने दोनों पैरों पर खड़े हो जाएं। इसके बाद अपने हाथों को जोड़ते हुए ऊपर की तरफ ले जाएं। अपने दोनों हाथ और सिर को ऊपर की तरफ खींचने की कोशिश करें। इस दौरान गहरी सांस लें। अब धीरे-धीरे अपनी मुद्रा में वापस आ जाएं। यह आसन अपने बच्चे को दिन 2 से 3 बार कराएं।

### 'वृक्षासन'

इस आसन को करने पर आपके शरीर में लंबाई वाले हार्मोन की ग्रोथ होती है। बच्चों की लंबाई बढ़ाने के लिए तो ये आसन बेहद फायदेमंद है। इसे करने के लिए आपको सबसे पहले आपको सूर्य की दिशा में सावधान की पोजीशन में खड़े होना है। इसके बाद अपने हाथों को आसमान की तरफ ले जाते हुए लेफ्ट पैर को राइट पैर की जांघ पर रख लें।

अब इसी मुद्रा में थोड़ी देर तक बने रहें। इसके बाद धीरे-धीरे अपनी मुद्रा में वापस आएं। लंबाई बढ़ाने के लिए इसे दिन में 8 से 10 बार करें।

### 'भुजंगासन'

भुजंगासन स्पाइनल कॉर्ड को मजबूत बनाने में मदद करता है और शरीर की लंबाई में सुधार कर सकता है। यह बॉडी के स्ट्रक्चर को बेहतर करता है।'अंतत: निष्कर्ष से निकलता है कि' अगर ये कहा जाए कि योग के पास हमारी सभी समस्याओं का हल है तो गलत नहीं होगा।

दिनभर की छोटी मोटी समस्याओं से लेकर कई बड़ी बीमारियों से राहत दिलाने में योग हमारी मदद करता है। योग का निर्माता अभ्यास आपके बच्चों की झुकी हुई लंबाई को बढ़ाने में काफी कारगर सिद्ध होता है इसलिए रोज कर रही हो स्वस्थ रहे मस्त रहे खुश रहे।

## माँ मुझे जन्म देकर जिंदगी का उजाला दिया

माँ मुझे जन्म देकर जिंदगी का उजाला दिया,
इतनी शक्ति,ऊर्जा दी,पवित्र शब्द माँ पुकारता हूँ

तेरे दूध की ही ताकत है माँ,बलवान हुआ,
तब जाकर देश की सीमा में,दुश्मन से टकराता हूँ,

पिता के करारे थप्पड़ों से तेरे आँचल ने बचाया मुझे,
तब तो देश के गद्दारो से, इनसानियत को बचाता हूँ।

बेशकीमती है तेरे आंसू माँ,दूध तो अमृत गंगा है,
उसी के दम पर सरहदों पर,दुश्मन का सर काट पाता हु।

माँ तेरे दूध से तो मेरी दुनिया मेरी ताकत है कायम,
तू है तो,कभी कृश्न, अर्जुन, भीम,कभी राम बन पाता हु।

आज फिर नन्हा शिशु बना,आँचल में समेट ले माँ,
फिर दुनिया की कुटिलता से परे नन्हा तेरा कान्हा बन जाता हूँ।



संजीव ठाकुर
रायपुर

## संसद का विशेष सत्र ऐतिहासिक फैसलों का यादगार सत्र होगा



भारत ने 75 वर्षों की यात्रा में अनेक लोकतांत्रिक परंपराओं प्रक्रियाओं का उत्तम सृजन किया है

लोकतंत्र की सफ़लता के लिए स्वस्थ बहस होना ज़रूरी – नए संसद भवन से नए भारत के स्वर्णिम काल की यात्रा शुरू करने का संकल्प करना समय की मांग – एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां की नज़रें भारत के 18 – 22 सितंबर 2023 से शुरू हुए विशेष सत्र पर लगी हुई है कि किस तरह यह सत्र सफ़लताओं के नए-नए आयामों की रूपरेखा पर मोहर लगतीहै,क्योंकि 142करोड़भारतवासियों की बौद्धिक क्षमता से पूरी दुनियां वाविब है कि किस तरह प्रौद्योगिकी, तकनीकी विज्ञान साइंस से लैस यह अभूतपूर्व जनसंख्याकियतंत्र की विशाल शक्ति पूरी दुनियां को हैरत अंगेश करने वाली सफ़लताओं के झंडे चुटकियों में गाढ़ सकते हैं, क्योंकि आज भारत की विकास यात्रा के कुशल नेतृत्व के हाथों से नीतियों रणनीतियों और विज़न 2047 के रास्ते पर चल पड़ा है, जिसने अपने स्वर्ण काल की यात्रा में विश्व गुरु बनने का एजेंडा सेट किया हुआ है ऐसे भारत का यह विशेष सत्र छोटा परंतु ऐतिहासिक फैसलों का यादगार सत्र होगा, क्योंकि दिनांक 18 सितंबर 2023 को देर रात केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों की बैठक में महिला आरक्षण बिल 33 परसेंट पारित किया गया है, उम्मीद है यह बुधवार 20 सितंबर 2023 को पेश होगा। नए आयामों की शुरुआत नए संसद भवन की विकास की नई गाथाएं लिखने के साथ शुरू होगी। बता दें इस सत्र का प्रथम दिवस भारत के 75 वर्षों की यात्रा के लोकतांत्रिक परंपराओं प्रक्रियाओं के उत्तम सृजन के यादगार पलों को याद किया गया और 19 से 22 सितंबर 2023 को अधिसूचित चार विधेयकों परचर्चा होगी जिसमें इतिहास रचा जाएगा।

क्योंकि इस विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल सहित कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित होने की अभूतपूर्व संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकतंत्र की सफ़लता के लिए स्वस्थ बहस होना जरूरी है नए संसद भवन से नए भारत के स्वर्णिम काल की यात्रा शुरू करने का संकल्प लेना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 18 सितंबर 2023 को देर रात कैबिनेट में पारित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक की करें तो, बैठक में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी मिल गई है, हालांकि अभी इसका अधिकारिक ऐलान होना बाकी है। संसदीय कार्य मंत्री के ट्विटर हैंडल से जानकारी आ गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बिल को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन तमाम कयासों को दरकिनार करते हुए केंद्रीय कैबिनेट ने आखिरकार 33 फीसदी महिला आरक्षण को मंजूरी दे दी।अब इस मंजूरी के बाद महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

बता दें कि करीब 27 सालों से महिला आरक्षण बिल लंबित है, इस मुद्दे पर आखिरी बार कदम 2010 में उठाया गया था, मौजूदा लोकसभा में 78 महिला सांसद हैं, जो कुल संख्या 543 का 15 प्रतिशत से भी कम हैं अगर ऐसा हुआ तो इससे पुरुषों राजनीतिज्ञों के सियासी हितों पर बड़ा कुठाराघात होगा। विपक्ष इस विधेयक को पारित कराने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर सकता है।

साथियों बात अगर हम पुरानें संसद भवन से विदाई की करें तो 17 सितंबर 2023 को राज्यसभा बुलेटिन के अनुसारलोकसभा में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह सभी सदस्यों की पुरानी संसद के सामने ग्रुप फोटो ली गई। राज्यसभा में भी इसे लेकर बुलेटिन जारी किया गया। इसमें बताया गया था और मंगलवार (19 सितंबर) को सुबह 9:30 बजे से पार्लियामेंट हाउस के गेट नंबर 1 और सेंट्रल हॉल के बीच कोर्टयार्ड 1 (आंगन) में राज्यसभा और लोकसभा के सदस्यों की ज्वाइंट फोटोग्राफ ली गई। वहीं, राज्यसभा सदस्यों की भी ज्वाइंट फोटोग्राफ ली गई। इसके लिए सभी सदस्यों से सुबह 9.15 बजे मौके पर पहुंचने पहुंचे थे राज्यसभा के महासचिव ने भी दोनों सदनों के सदस्यों से अनुरोध किया था कि वे भारतीय संसद की समृद्ध विरासत को मनाने के लिए एकजुट हों। उन्होंने कहा था कि सभी सदस्य 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।

साथियों बात अगर हम 18 सितंबर 2023 को राज्यसभा के सभापति माननीय उपराष्ट्रपति के संबोधन की करें तो उन्होंने भारतीय संसद की 75 साल की अनवरत यात्रा के महत्व पर बल दिया और उन उपलब्धियों, अनुभवों, यादों और शिक्षण पर प्रकाश डाला जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को स्वरूप प्रदान किया है। संसदीय लोकतंत्र में जनता की अटूट आस्था और अटूट विश्वास को रेखांकित करते हुए, जोर देकर कहा, हमारे लोकतंत्र की सफलता हम भारत के लोगों का एक सामूहिक, ठोस प्रयास है।आज राज्यसभा के 261वें सत्र की शुरुआत में प्रारंभिक टिप्पणी देते हुए, श्री धनखड़ ने कहा कि राज्यसभा के पवित्र परिसर ने 15 अगस्त, 1947 को मध्यरात्रि में ट्रिस्ट विद डेस्टिनी (नियति से वादा) के भाषण से लेकर 30 जून, 2017 की मध्यरात्रि में अभिनव अग्रगामी जीएसटी व्यवस्था के अनावरण तक कई ऐतिहासिक क्षण देखे हैं।संविधान सभा में तीन वर्षों तक चलेविभिन्न सत्रों में हुए विचार-विमर्श ने मर्यादा और स्वस्थ बहस का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसका स्मरण करने हुए सभापति ने कहा कि विवादास्पद और अत्यधिक विभाजनकारी मुद्दों परसर्वसम्मति की भावना से विचार विमर्श हुआ।स्वस्थ बहस को एक पुष्पित पल्लवित लोकतंत्र का प्रतीक बताते हुए, उन्होंने टकरावपूर्ण स्थिति और व्यवधान और अशांति को हथियार के रूप में प्रयोग किए जाने के विरूद्ध आगाह किया। उन्होंने जोर देकर कहा, हम सभी को संवैधानिक रूप से लोकतांत्रिक मूल्यों का पोषण करने के लिए नियुक्त किया गया है इसलिए हमें लोगों के विश्वास पर खरा उतरना चाहिए और उसकी पुष्टि करनी चाहिए।संसद के अंदर विवेक, हास्य और व्यंग्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने उन्हें एक सशक्त लोकतंत्र का अभिन्न पहलू बताया और आशा व्यक्त की कि इस तरह कीहल्की-फुल्की और विद्वतापूर्ण बहस फिर से दिखाई देगी। उन्होंने सदन के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे संसद की गरिमा का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि इस पवित्र परिसर ने कई उतार-चढ़ाव देखें हैं जिनपर हमें विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा,यह सत्र संविधान सभा से शुरू होने वाली 75 वर्षों की संसदीय यात्रा – उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीखपर चिंतन और आत्मनिरीक्षण करने का एक उपयुक्त अवसर प्रदान करता है। साथियों बात अगर हम लोकसभा में 18 सितंबर 2023 को माननीय पीएम के संबोधन की करें तो, पीएम ने कहा कि मंगलवार से हम नए भवन में चले जाएंगे लेकिन यह भवन आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देता रहेगा।

75 वर्ष की हमारी यात्रा ने अनेक लोकतांत्रिक परंपराओं और प्रक्रियाओं का उत्तम से उत्तम सृजन किया है और इस सदन के सभी सदस्यों ने उसमें सक्रियता से योगदान दिया है। पीएम ने कहा ये सही है कि इस इमारत के निर्माण का निर्णय विदेशी शासकों का था।

## शार्ट न्यूज

### सहारनपुर: ट्रांसपोर्टर ने पेड़ पर फंदा लगाकर की आत्महत्या, परिजनों में मचा कोहराम

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद के थाना कुतुबशेर क्षेत्र में शुगर मिल की खाली पड़ी जगह पर बैंक के कर्ज से परेशान एक ट्रांसपोर्टर ने पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसका पता लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला अंकित विहार निवासी भाजपा नेता विपिन शर्मा के बडे भाई अमरीश शर्मा (41) पुत्र ऋषिपाल शर्मा ट्रांसपोर्टर थे। अमरीश पर बैंक का कर्ज हो गया था, जिसकी वजह से वह परेशान चल रहा था। अमरीश सुबह घर से मोटरसाइकिल पर निकला था और दोपहर को कुछ लोगों ने सर्किट हाऊस के बराबर में शुगर मिल के खाली पड़ी जगह पर पेड़ से लटका उसका शव लटका हुआ देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। अमरीश ने गमछे से फंदा लगाया हुआ था और उसकी मोटरसाइकिल वहीं खड़ी थी और मोबाइल फोन जमीन पर पड़ा था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पेड़ से उतरवाया और इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला है। जिसके आधार पर ही मृतक की पहचान अमरीश के रूप में हुई। अमरीश के परिवार में तीन भाई और दो पुत्र है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### फर्रुखाबाद में युवती ने की आत्महत्या

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में आज एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि कोतवाली क्षेत्र के मम्मी नगला निवासी सत्येंद्र जाटव की 18 वर्षीय पुत्री दीक्षा ने तमंचे से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की तेज आवाज सुनकर पड़ोसी, परिजन एवं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रथम दृष्ट्या युवती को कमरे में बेड के समीप खून से लथपथ पड़ा देख घटना की जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मौके पर पहुंचने पर परिवारी जनों द्वारा प्रथम दृष्ट्या दीक्षा द्वारा ही तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या करने की बात बताई गई। इसके साथ ही उन्होंने अन्य पहलुओं पर भी गंभीरता से जांच किए जाने के निर्देश हुए बताया कि घटना स्थल से आत्महत्या में प्रयुक्त एक तमंचा भी बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस द्वारा गंभीरता से जांच पड़ताल करके विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मृतका के शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्ट के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया है।

### टैंकर की चपेट में आने से व्यक्ति की दर्दनाक मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में मडियाहू कोतवाली क्षेत्र के शिवपुर बाईपास पर आज टैंकर की चपेट में आने से साइकिल सवार अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में रामपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी नूर मोहम्मद नाई (65) साइकिल से गोपालापुर बाजार से मडियाहू में कैंची और छुरा में धार लगवाने आया था। जब वह धार लगवा कर वापस घर जा रहा था, जैसे ही वह शिवपुर बाईपास पर पहुंचा एक तेज रफ्तार टैंकर की चपेट नूर मोहम्मद आ गया। टैंकर का अगला पहिया उसके सिर पर चढ़ते हुए निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को देखकर आसपास के लोगों ने जब शोर मचाया तो टैंकर चालक और खलासी टैंकर छोड़कर भागने लगे, क्षेत्रीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। मडियाहू कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में ले लिया और आरोपी टैंकर चालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई में जुटी गयी है।

### बस्ती में स्कूल के पूर्व प्रबंधक ने की आत्म हत्या

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में मंगलवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के मुरली जोत निवासी एवं बेगम खैर स्कल के पूर्व प्रबंधक ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि मुरली जोत निवासी एवं बेगम खैर स्कूल के प्रबंधक अकरम खान (48) ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर रिवाल्वर तथा शव को कब्जे मे ले लिया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। शव खून से सना मिला है। घटना स्थल पर पुलिस टीम मौजूद है। पुलिस सूत्रों ने यह भी बताया कि पता चला है कि कर्जदार और पारिवारिक कलह के कारण अकरम ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है, लेकिन इसकी पुष्टि अभी नहीं की जा सकती है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ आगे कहा जा सकता है, जांच पड़ताल जारी है।

### बांदा में हत्या के प्रयास के 3 आरोपी पकड़े

बांदा। जनपद में आज पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां पर हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे 3 अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ लिया है। एक व्यक्ति के मारने पीटने वा जान से मारने का प्रयास किया गया था। जिसे पुलिस तलाश कर रही थी। पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्यवाही में जुट गई है। पूरा मामला बांदा जनपद के बिसंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत का है, जहां पर कुछ लोग बीते दिन 17-09-2823 को बिसंडा थाना के इटवा में एक व्यक्ति को मारने वा जान से मारने के नियत से फायर करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ लिया है। अभियुक्तों के पास से 3 लाइसेंसी बंदूकें, 9 जिंदा कारतूस और 2 खोखा कारतूस बरबाद हुई है। ये तीनों अभियुक्त बिसंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत इटवा के रहने वाले हैं। पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और आगे की कार्यवाही में लग गई है। मिली जानकारी के अनुसार बिसंडा थाना क्षेत्र के इटवा के रहने वाले शिव कुमार, भुवनेंद्र वा भानु प्रताप और अन्य लोगों ने पुराने विवाद को लेकर गांव के ही अरविंद त्रिपाठी को मारा पीटा तथा जान से मारने की नीयत से फायर किया था।

### रेप के आरोपी को 20 साल की सजा

**जालौन।** जालौन में किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने और रेप करने वाले युवक को न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने 20 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर 65 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया है। सजा सुनाए जाने के बाद पुलिस ने दोषी युवक को हिरासत में लेकर उरई जिला कारागार भेज दिया है। इस मामले की पैरवी करने वाले शासकीय अधिवक्ता बृजराज राजपूत ने बताया कि कोंच कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत वाले एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी को भेंड़ ग्राम का रहने वाला सतीश उर्फ छोटू पुत्र सरमन 29 जुलाई 2019 को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, जिसका मुकदमा किशोरी के पिता ने कोंच कोतवाली में दर्ज कराया था। किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस ने कई जगह दबिश दी थी, जिसके बाद किशोरी को कोंच पुलिस ने सतीश के पास से बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जिस के बाद पुलिस ने किशोरी को न्यायालय में पेश कर उसके बयान दर्ज कराए थे, किशोरी ने अपने बयान में बताया था कि सतीश ने उसके साथ रेप किया है।

### संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस हुआ निलंबित

अमेठी जिला। अमेठी में लोगों को जल्द इलाज की सुविधा देने के लिए जिस अस्पताल का उद्घाटन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया, वो विवादों में फंस गया। एक विवाहिता की मौत के बाद अमेठी प्रशासन ने अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित कर दिया। अस्पताल का लाइसेंस निलंबित होने के बाद एक हजार से अधिक नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्रों का भविष्य अधर में अटक गया, तो करीब 400 से अधिक कर्मचारियों के जीवन यापन पर भी संकट खड़ा हो सकता है। दरअसल अमेठी के मुंशीगंज में संजय गांधी ट्रस्ट द्वारा संजय गांधी अस्पताल संचालित हो रहा था। अस्पताल परिसर में ही नर्सिंग और पैरामेडिकल का कालेज भी चलता था। जिसमें करीब 1 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ते थे। संजय गांधी अस्पताल में ही उनकी ट्रेनिंग होती थी। इस अस्पताल में डॉक्टरों, स्टाफ और सिक्योरिटी गार्ड समेत 400 से अधिक कर्मचारी तैनात थे।

# उत्तर प्रदेश की समृद्धि का कारक बनेगा मिनरल्स

## योगी सरकार ने शुरू किया मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी का चौथा चरण



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में मौजूद खनिज (मिनरल्स) के भंडार को प्रदेश की समृद्धि के लिए उपयोग करने के रास्ते तलाश रही है।

इसी क्रम में प्रदेश सरकार के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने 15 सितंबर से मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी के चौथे चरण की शुरुआत कर दी है।

चौथे चरण में कुल 11 अलग अलग मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी होगी। इसके माध्यम से न सिर्फ बड़े पैमाने पर प्रदेश सरकार को निवेश प्राप्त होगा बल्कि रोजगार का भी सृजन होगा। उल्लेखनीय है कि 2022 में भी प्रदेश सरकार ने 3 चरणों में 4 ब्लॉक्स की नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न की थी। विभाग के अधिकारियों के अनुसार लंबे अरसे तक उत्तर प्रदेश विभिन्न मिनरल्स के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। कई बार सप्लाई में भी दिक्कत होती थी। ऐसे में सरकार ने स्वयं के श्रोतों के माध्यम से अपनी और देश के अन्य राज्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने का निर्णय लिया है। इससे इंपोर्ट रोकने में मदद मिलेगी, जबकि एक्सपोर्ट की संभावनाओं को बल मिलेगा।

### सोनभद्र में सर्वाधिक 10 मिनरल ब्लॉक्स

चौथे चरण में 11 मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी की जा रही है। इनमें सर्वाधिक 10 ब्लॉक्स सोनभद्र में, जबकि एक ब्लॉक बुंदेलखंड के ललितपुर में है। सोनभद्र में एंडालुसाइट के 5 ब्लॉक, स्वर्ण के 2 ब्लॉक और सिलिमिनाइट, आयरन ओर व लाइमस्टोन का 1-1 ब्लॉक सम्मिलित है। वहीं ललितपुर में आयरन ओर का एक ब्लॉक है। लाइमस्टोन का उपयोग सीमेंट बनाने में और आयरन ओर का उपयोग स्टील बनाने में किया जाता है। इससे पहले सरकार ने भारत सरकार द्वारा जारी खनिज नीलामी नियम, 2015 के प्राविधान के तहत वर्ष 2022 में तीन चरणों की नीलामी की थी जिसमें 3 ब्लॉक ललितपुर में फास्फेट उर्वरक के उत्पादन में प्रयोग होने वाले कच्चे माल के रूप में रॉक फास्फेट के थे, जबकि एक ब्लॉक सोनभद्र में स्वर्ण धातु का भी स्वीकृत किया जा चुका है।

## अयोध्या में मिला मांस से भरा ट्रक

अयोध्या। अयोध्या में मंगलवार को लखनऊ हाईवे पर दो कंटेनर रोक लिए हिंदूवादी संगठनों ने रोका। दोनों को पश्चिम बंगाल से दिल्ली जा रहे थे। आरोप है कि कंटेनर में प्रतिबंधित मांस था। मामला संवेदनशील होने के चलते पुलिस ने मजिस्ट्रेट और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुला लिया। कागजात की पड़ताल में एक कंटेनर में चाय की पत्ती होने के चलते उसको जाने दिया गया, जबकि दूसरे में भैंस के मांस की बिल्टी होने के चलते जांच-पड़ताल के लिए रोक लिया। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह का कहना है कि कागजात के मुताबिक एसी कंटेनर में भैंस का मांस है। जो वाया दिल्ली विदेश भेजने के लिए ले जाया जा रहा है। इस बाबत खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त माणिक चंद से जानकारी चाही गई तो उन्होंने व्यस्तता का हवाला देकर कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। गौ संवर्धन समिति के सुरेंद्र सिंह का कहना है कि सुनियोजित साजिश के तहत पश्चिम बंगाल से प्रतिबंधित मांस दिल्ली के रास्ते विदेश भेजा जा रहा है। पुलिस-प्रशासन मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## उप्र पुलिस ने किया साइबर अपराधी को गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिला पुलिस ने आज एक ऐसे साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने का दावा किया है जो हैकिंग टूल बना कर सोफ्टवेयर के माध्यम से डाटा कैप्चर करने के बाद शहर के एक सोलर एनर्जी कम्पनी को कई लाख का चूना लगा चुका था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि बुलंदशहर के चोला क्षेत्र में एक्सेस सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक कंपनी है इसका काम सोलर पैनल्स तथा पैनल्स से संबंधित उपकरण बनाने का है। कंपनी के मालिक दीपक चौधरी ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र में बताया था कि उनकी वेबसाइट पर कुछ सामान ऑर्डर हुआ था और उसकी डिलीवरी भी हो गई परन्तु आर्डर का भुगतान पांचा लाख रुपए है इसके सापेक्ष में उसे मात्र तीन रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ है।

कम्पनी मालिक की इस शिकायत पर जनपद की साइबर टीम को लगाया गया। इसके संदर्भ में आज दिल्ली कुतुब विहार निवासी अजय नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी ने बताया कि कंपनी की



वेबसाइट इंक्रिप्टेड नहीं थी जिसका फायदा उठाकर यह पेमेंट और वेबसाइट के बीच का जो ट्रांजेक्शन होती है उसको सॉफ्टवेयर के माध्यम से डाटा कैप्चर कर लेता था और जो भुगतान गेटवे है उसको पेमेंट होने का संदेश चला जाता था।

उन्होंने बताया की आरोपी के पास ऐसा हैकिंग टूल था जिस पर भुगतान एक एक रुपए का हुआ मगर वेबसाइट पर एक लाख रुपए दिखाने लगता था। तीन बार तक जब इसने ऐसा किया तो पता नहीं चला उसके पास चौथी बार पांच लाख का आर्डर लगाया तब कंपनी को शक हुआ की एक ही आदमी वेबसाइट से माल क्यों खरीद रहा है तथा कम्पनी द्वारा गहन प्रशिक्षण में पता चला कि भुगतान एक रुपए का हो रहा है और प्रोडक्ट 5 लाख रुपए का है।

## सोनभद्र में सात तस्कर गिरफ्तार, 17 लाख का अवैध गांजा बरामद

एजेंसी

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के दुद्धी कोतवाली क्षेत्र में स्पेशल टास्क फोर्स प्रयागराज और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अन्तरजनपदीय गैंग के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1.34 कुन्तल अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 17 लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया की एसटीएफ प्रयागराज और थाना दुद्धी पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार देर रात रजखड़ मार्ग पर घेराबंदी कर एक ट्रक और कार पर सवार सात गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जांच में ट्रक पर लदे अवैध 1.35 कुंतल अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के बरेली जिला के इबने हसन खान पुत्र वकील अहमद खान, निवासी वार्ड संख्या-14 ठिरिया निजावत खाँ, थाना कैण्ट, रायबरेली जिला के सारदा प्रसाद उर्फ नन्दू पुत्र स्व. रामसजीवन, निवासी अबेपुर पोस्ट बैरूआ, थाना सरेनी, अलीगढ़ जिले के मानवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोन्टी पुत्र भानू प्रताप सिंह, निवासी वैष्णू रॉयल सिटी-3, ओ जोन रोड सिधौली, थाना मऊआ खेड़ा, सौरव कुमार पुत्र स्व. सुरेश पाल सिंह , निवासी टमकौली, थाना गभाना, अविनाश उर्फ काना पुत्र धर्मवीर सिंह, निवासी मडराक ,थाना मडराक, राज कुमार सिंह पुत्र स्व. रविन्द्र पाल सिंह, निवासी खान गढ़ी, थाना महुआ खेड़ा और बुलन्दशहर जिला के अशोक कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह, निवासी मेथना जगतपुर, थाना औरंगाबाद को गिरफ्तार किया है।

# दिल्ली से प्रेमिका को बुलाकर चाकू से रेता गला

## दूसरी जगह शादी तय होने की बात बताई तो गुस्साया, मरा समझकर नहर में फेंक गया

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में एक हिस्ट्रीशीटर प्रेमी ने प्रेमिका की शादी की जानकारी मिलने पर उसे दिल्ली से बुलाया और यहां लाकर उसे चाकू गोदकर लहूलुहान कर दिया। उसे मृत समझकर नहर में फेंककर हत्यारोपी अपने भाई के साथ फरार हो गया। पुलिस ने घायल लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया और मुठभेड़ के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी सोमेन वर्मा ने बताया कि बल्दीराय थाना क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की दिल्ली में कार्यरत थी। वो बल्दीराय के रहने वाले गौसुज्जमा पुत्र शमशुज्जमा के कहने पर दिल्ली से सुल्तानपुर पहुंची।

आरोपी पीड़िता को साथ लेकर अलग-अलग स्थानों पर दिनभर घूमता रहा। पीड़िता ने जब उसे बताया कि उसकी शादी किसी और व्यक्ति के



साथ तय हो रही है तो आरोपी उसे धनपतगंज में हरौरा नहर के आगे पुल के पास ले गया।

उसके बाद चाकू से उसके गले पर प्रहार किया और नहर में धक्का देकर फेंक दिया। पीड़िता तैरकर किसी तरह नहर से बाहर निकली और आसपास मौजूद लोगों को जानकारी दी। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी धनपतगंज पहुंचाया गया, जहां से उसे डॉक्टर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया। पीड़िता के भाई की तहरीर पर थाना धनपतगंज में मुकदमा दर्ज किया गया है।

स्टेशन से ही बाइक पर बिठाकर निकला

लड़की के भाई ने बताया कि बहन दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में पैकिंग का काम करती है। आरोपी गौसुज्जमा ने उसे फोन करके बुलाया था। बहन सोमवार को दिल्ली से श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से सुबह करीब 11 बजे सुल्तानपुर पहुंची थी। स्टेशन पर ही उसके ननिहाल का गैसुज्जमा मिला जो उसको अपनी बाइक पर बैठाकर साहब गंज बाजार ले गया। फिर गांव पहुंचने के बहाने देर रात तक इधर-उधर घूमाता रहा।

### दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया

वही धनपतगंज, बल्दीराय और क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी की तो पुलिस टीम से खुद को घिरा देखकर आरोपी और उसके साथी ने बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में गौसुज्जमा खां और उसके बड़े भाई अफरोज खां को गोली लगी। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी बल्दीराय भेजा गया है।

## बहराइच मजिस्ट्रेट ने नौ अपराधियों को किया छह माह के लिए किया जिला बदर

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था और जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा नौ अपराधियों के खिलाफ गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए छह माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया।

इसके अलावा 11 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानों में प्रत्येक माह आगामी छह माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं।



जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना रामगावं अन्तर्गत ग्राम लौकना निवासी फुरकान पुत्र गोबरे और मतीन पुत्र बहदू उर्फ अकबर अली, थाना मोतीपुर के ग्राम मिश्रीपुरवा सर्रामुन्दरी निवासी संजय पुत्र ठाकुर, थाना बौण्डी के ग्राम बिसवा बगिया निवासी गुड्डे पुत्र बाबादीन, थाना रिसिया के ग्राम सिख्खनपुरवा गोकुलपुर निवासी राम सिंह पुत्र बच्चन सिंह व थाना फखरपुर अन्तर्गत ग्राम परशुरामपुर निवासी मुईद बेग पुत्र बिल्लू बेग, तौसिब बेग पुत्र मुजीब बेग, गुड्डू उर्फ मोहसिन बेग पुत्र मोईन बेग व कादिर बेग पुत्र नाज़िर बेग को छह माह के जिला बदर किया गया है।

## कौशांबी में घरेलू कलह के चलते व्यक्ति ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के कोकराज थाना क्षेत्र के शाहजादपुर गांव के मिश्रराना मोहल्ला निवासी नाथू ने घरेलू कलह के चलते सोमवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक नाथू (55) गांव से बाहर गंगा कछार में छप्पर डालकर रहता था।

## चोरों ने की एलआईसी एजेंट के घर में चोरी

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच शहर के कोतवाली देहात अंतर्गत मोहल्ला रायपुर राजा निवासी एलआईसी एजेंट के घर में चोरों ने दिनदहाड़े घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी उस समय हुई जब एलआईसी एजेंट सोमवार को पत्नी के साथ पुत्र को लखनऊ एयरपोर्ट छोड़ने के लिए गए थे। तभी चोरों ने उनके घर से लाइसेंसी रिवाल्वर समेत करीब 20 लाख की चोरी की है।

पुलिस ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के मोहल्ला रायपुर राजा निवासी सरदार भूपेंद्र सिंह एलआईसी एजेंट हैं। साथ ही वह गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा प्रबंध समिति के महामंत्री भी हैं। उनका पुत्र कनाडा जा रहा था। भूपेंद्र सिंह पत्नी के साथ पुत्र को छोड़ने लखनऊ एयरपोर्ट गए थे। इसी बीच चारों ने घर में घुसकर एलआईसी एजेंट की लाइसेंसी रिवाल्वर, चार से पांच लाख रूपये नकदी, 12 लाख मूल्य के सोने चांदी के जेवरात समेत 20 लाख की चोरी कर फरार हो गए।

## गोरखपुर में महिला की ईंट से मारकर हत्या

### झगड़े का वीडियो बनाने के शक में पहले बेटे को पीटा

गोरखपुर। गोरखपुर में गाली देने को लेकर दो लोगों में विवाद हो गया। झगड़े का वीडियो बनाने के शक में युवकों ने पहले महिला के बेटे को पीटा और फिर महिला के सिर पर ईंट से हमला कर उसकी जान ले ली। घटना गुलरिहा इलाके के बरगदही के परती टोला में सोमवार देर रात की है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस ने कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी का कहना है, मामले की छानबीन की जा रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

गुलरिहा इलाके के बरगदही परती टोला में बलवंत सिंह के आरा मशीन है। वहीं के एक कर्मचारी को गांव का ही एक युवक किसी बात को लेकर गाली दे दिया। इसी बात को लेकर बलवंत के बेटा और गाली देने वाले युवक सोनू से अपास में झगड़ रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ देर बाद किसी ने बलवंत के बच्चों से बता दिया कि विकेंद्र नामक युवक झगड़े का वीडियो बना लिया है।

### वीडियो बनाने के शक में कर दी पिटाई

ग्रामीणों के मुताबिक, इसके बाद वीडियो बनाने वाले युवक के पास वो गया और उससे मोबाइल मांगने लगा। मोबाइल नहीं दिया तो उसे डंडे से पीट दिया। वह अपनी जान बचाकर भाग निकला। इसके बाद उसकी मां यशोदा देवी (55) सामने आ गई। इसी बीच किसी ने उसके सिर पर ईंट से वॉर कर दिया। ईंट के चोट से महिला मौके पर गिरी और कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पाकर गुलरिहा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घटना में शामिल संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## साइकिल पर हाथ रखा तो बच्ची को काट डाला

**महराजगंज।** महराजगंज में मंगलवार को दिनदहाड़े 5 साल की मासूम बच्ची की हत्या का मामला सामने आया है। बच्ची का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने युवक की साइकिल पर हाथ रख दिया था। युवक ने बच्ची को मना किया, लेकिन उसने हाथ नहीं हटाया। इस पर युवक बौखला गया। उसने हाथ में पकड़े बांके से ही ताबड़तोड़ वार कर बच्ची की हत्या कर दी। बच्ची की चीख सुनकर जब आसपास के लोग दौड़े, तो आरोपी ने लोगों को बांका लेकर दौड़ा लिया। इसके बाद वह साइकिल लेकर भाग गया। उसके जाते ही लोग बच्ची को अस्पताल ले जाने के लिए लेकर दौड़े, लेकिन तब तक उसके गले और सिर से काफी ब्लड बह चुका था। इसके चलते उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दबिश देकर आरोपी को उसके घर से पकड़ लिया। मामला निचलौल थाना क्षेत्र के लेदी गांव का है। लेदी गांव में मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे दीपक गांव में साइकिल लिए खड़ा था। तभी गणेश की 5 साल की बेटी रिमझिम वहां आ गई और और साइकिल पर हाथ रखकर खड़ी हो गई।

# प्रोफेसर की घर में घुसकर हत्या

## बदमाशों ने परिवार के 6 लोगों पर भी किया जानलेवा हमला

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर से बड़ी खबर है। यहां सोमवार देर रात बदमाशों ने घर में घुसकर प्रोफेसर की हत्या कर दी। यही नहीं, उनके घर के 6 लोगों पर भी जानलेवा हमला किया है। वारदात के बाद बदमाश फरार हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### चाकू से सीने और हाथ पर किए वार

जानकारी के मुताबिक आलोक कुमार गुप्ता एक सन इंस्टीट्यूट में प्रोफेसर है। उनकी मुख्य बाजार में रेडीमेड की दुकान भी है। रात करीब तीन बजे चार बदमाश उनके घर में घुस गए। आहट होने पर आलोक जाग गए और वह बदमाशों से भिड़ गए। इस बीच शोर शराबा होने पर पड़ोस के मकान में रहने वाले उनके परिवार के अन्य सदस्य भी आ गए।

खुद को घिरता देखकर बदमाशों ने आलोक गुप्ता पर चाकू से सिर, पैर और सीने पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। इससे परिवार में



चीख-पुकार मच गई। पड़ोसी लोग जाग गए। पड़ोसियों की मदद से परिजनों ने एक बदमाश को पकड़ लिया। तीन बदमाश फरार हो गए।

### घायलों में परिवार के 6 लोग शामिल

घायल आलोक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। बदमाशों ने आलोक के पिता सुधीर कुमार गुप्ता, पत्नी खुशबू गुप्ता, पुत्र-पुत्री, भाई प्रशांत गुप्ता, उसकी पत्नी रूचि गुप्ता और पुत्री को भी चाकू मारकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर रही है। बताया गया है कि चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। एक बदमाश को लोगों ने दबोच लिया है। तीन फरार हो गए है। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है।

### घटना को लेकर लोगों में आक्रोश

इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। इसके बाद घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार तड़के इस वारदात की जानकारी हुई तो पूरे कस्बे में सनसनी फैल गई। व्यापारियों व स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। घटना के विरोध में बाजार बंद कर दिया गया है। आईजी ने मौका मुआयना किया है।

### घटना को लेकर लोगों में आक्रोश

वहीं लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। लोगों ने कहा है कि जब तक इस घटना का खुलासा नहीं जाता है। तब तक मार्केट बंद रहेगी। आईजी राकेश सिंह ने बताया कि यह बहुत ही दुखद और गंभीर घटना है। जो भी दोषी होगा। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### जियो ने दिल्ली, मुंबई सहित आठ बड़े शहरों में शुरू की 'एयर फाइबर सेवा'

नयी दिल्ली। अरबपति उद्यमी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह की दूरसंचार एवं डिजिटल सेवा कंपनी रिलायंस जियो ने मंगलवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर दिल्ली, मुंबई सहित आठ बड़े शहरों में जियो एयर फाइबर सेवाओं का शुभारंभ करने की की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और पुणे में जियो एयर फाइबर की सेवाएं सक्रिय कर दी हैं। रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन, आकाश अंबानी ने कहा, हमारी फाइबर-टू-द-होम सर्विस, जियो फाइबर एक करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रही है, हर महीने सैकड़ों हजारों लोग इससे जुड़ रहे हैं। लेकिन अभी भी लाखों घरों और छोटे व्यवसायों को जोड़ा जाना बाकी है। कंपनी के अनुसार जियो एयर फाइबर एक कई प्रकार की सुविधाओं का एक सम्पूर्ण एकीकृत समाधान है , जिसके तहत ग्रहकों को अपने स्थान पर एक ही नेटवर्क से होम एंटरटेनमेंट, स्मार्ट होम सर्विस और हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड जैसी सुविधाएं मिलेंगी। कंपनी ने एयर फाइबर और एयर फाइबर मैक्स नाम के दो प्लान प्रस्तुत किए हैं जो 599 रुपए से 3999 रु मासिक के हैं। अलग - अलग प्लान पैकेज में वीडियो डाउन लोड की गति में फर्क होगा।

### टीपी ग्लोबल एफएक्स के खिलाफ में ईडी ने मारी रेड; नकदी-सोना और दो कारें जब्त

अहमदाबाद। प्रवर्तन निदेशालय ने टीपी ग्लोबल एफएक्स के खिलाफ अवैध विदेशी मुद्रा व्यापार के मामले में अहमदाबाद में तलाशी अभियान चलाया है। इस दौरान ईडी ने 1.36 करोड़ रुपये की नकद, 71 लाख रुपये मूल्य का 1.2 किलोग्राम सोना और दो लक्जरी गाड़ियां बरामद की हैं। ईडी ने यह भी बताया कि इस मामले में अब तक एजेंसी ने 242.39 करोड़ रुपये की चल अचल संपत्ति जब्त या कुर्क की है। ईडी ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते बताया कि अहमदाबाद में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, 1.36 करोड़ रुपये की नकदी, 1.2 किलोग्राम सोना (लगभग 71 लाख रुपये), दो लक्जरी गाडियां हुंडई अल्कज़ार और मर्सिडीज जीएलएस 350डी जब्त की हैं। इन गाडियों की कीमत लगभग 89 लाख रुपये है। साथ ही टीपी ग्लोबल एफएक्स के बैंक खाते में 14.72 लाख रुपये फ्रीज किए गए हैं। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत की गई है। बता दें कि ईडी ने मेसर्स टीएम ट्रेडर्स और मेसर्स केके ट्रेडर्स के खिलाफ कोलकाता पुलिस द्वारा आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर मामले की जांच शुरू की थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पहले ही बताया था कि टीपी ग्लोबल एफएक्स न तो आरबीआई के साथ पंजीकृत है और न ही इसके पास विदेशी मुद्रा व्यापार के लिए आरबीआई से कोई प्राधिकरण है।

### गोल्ड ईटीएफ में आए 1028 करोड़

मुंबई। अमेरिका में लगातार ब्याज दरें बढ़ने से गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में अगस्त में निवेशकों ने 1,028 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह 16 महीने में सबसे अधिक निवेश है। इससे पहले अप्रैल, 2022 में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश आया था। जुलाई में 456 करोड़ रुपये आए थे। अप्रैल-जून तिमाही में गोल्ड ईटीएफ में 298 करोड़ रुपये का निवेश आया था। इससे पहले तीन तिमाहियों तक निवेशकों ने पैसे निकाले थे। मार्च तिमाही में 1,243 करोड़, दिसंबर तिमाही में 320 करोड़ और सितंबर तिमाही में 165 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। दुनिया भर में महंगाई अभी भी अनुमान से ज्यादा है। वृद्धि दर भी धीमी है। ऐसे में सोना एक सुरक्षित निवेश के रूप में निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। गोल्ड ईटीएफ में खातों की कुल संख्या अगस्त में 20,500 बढ़कर 47.95 लाख पहुंच गई है। इससे पता चलता है कि सोने से संबंधित फंड में निवेशकों का रुझान बना हुआ है। गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों के निवेश का कुल मूल्य (एयूएम) चार फीसदी बढ़कर 24,318 करोड़ रुपये रहा है। एक गोल्ड ईटीएफ की यूनिट एक ग्राम सोने के बराबर होती है। वित्त मंत्रालय ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के एजेंट और कर्मचारियों के लाभ के लिए ग्रेच्युटी सीमा तथा पारिवारिक पेंशन में वृद्धि सहित कई कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दे दी।

### भारत में दोगुना निवेश करेगी फॉक्सकॉन

**नई दिल्ली।** आईफोन बनाने वाली ताइवानी कंपनी फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी भारत में निवेश और रोजगार को बढ़ाकर दोगुना करने की तैयारी में है। ऐसा चीन और अमेरिका में बढ़ती तनातनी के कारण हो रहा है। भारत में फॉक्सकॉन के प्रतिनिधि वी ली ने लिंक्डइन पोस्ट में कहा कि कंपनी भारत में कारोबार को दोगुना करेगी। ली ने पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, भारत में रोजगार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और व्यापार के आकार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। हम अगले साल जन्मदिन का बड़ा उपहार देने के लिए अधिक मेहनत करेंगे। कंपनी की निवेश योजनाओं में बंगलूरू में 300 एकड़ की साइट शामिल है। उस प्लांट में आईफोन के असेंबलिग होने की संभावना है। इससे लगभग 100,000 लोगों को नौकरियां मिलने की उम्मीद है। भारत में फॉक्सकॉन का विस्तार इस बात की ओर इशारा करता है कि कैसे चीन को कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में अपनी स्थिति खोने का खतरा है। एपल और अन्य अमेरिकी ब्रांड यह चाह रहे हैं कि उनके चीनी आपूर्तिकर्ता भारत और वियतनाम जैसे वैकल्पिक स्थानों पर अब कारोबार शुरू करें।

### पुरानी पेंशन लागू होने से राज्यों की वित्तीय स्थिति हो सकती है अस्थिर

मुंबई। राज्यों का पुरानी पेंशन योजना पर वापस लौटना पीछे की ओर कदम रखने जैसा है। यह मध्यम से लंबी अवधि में राज्यों के वित्तीय स्थिति को अस्थिर कर सकता है। आरबीआई के एक शोध पत्र में सोमवार को कहा गया कि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के मामले में राजकोषीय बोझ नई पेंशन योजना से 4.5 गुना तक अधिक हो सकता है। हालांकि, आरबीआई ने कहा है कि यह लेखकों का मत है। यह उसका विचार नहीं है। गौरतलब है कि हाल में राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश ने पुरानी पेंशन को लागू करने का फैसला किया था। लेख में कहा गया है कि ओपीएस में परिभाषित लाभ हैं, जबकि एनपीएस में योगदान परिभाषित है। ओपीएस में अल्पकालिक आकर्षण है। वही मध्यम से लंबे समय में यह राज्यों के लिए एक चुनौती बन सकता है। राज्य 2040 तक ओपीएस पर वापस लौटने से वार्षिक पेंशन खर्च में सकल घरेलू उत्पाद का केवल 0.1 प्रतिशत बचाएंगे। लेकिन 2040 के बाद वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के 0.5 प्रतिशत तक पेंशन खर्च में औसत अतिरिक्त वृद्धि करनी होगी। लेख में चेतावनी दी गई है कि राज्यों का ओपीएस पर वापस लौटने से लंबी अवधि में उनके राजकोषीय तनाव को अस्थिर स्तर तक बढ़ा सकता है।

### पीएम मोदी ने जॉइन किया वॉट्सऐप चैनल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 सितंबर को वॉट्सऐप चैनल से जुड़ गए। उन्होंने चैनल में अपने पहले मैसेज में लिखा, वॉट्सऐप कम्युनिटी से जुड़कर रोमांचित हूं! यह निरंतर बातचीत की हमारी यात्रा में एक और कदम है। आइए यहां जुड़े रहें ! यहां नए संसद भवन की एक तस्वीर है... शाम 6 बजे तक प्रधानमंत्री के वॉट्सऐप चैनल को 1 लाख से ज्यादा लोगों ने फॉलो कर लिया है। वॉट्सऐप ने हाल ही में यह फीचर रोलआउट किया है। यह फीचर वॉट्सऐप यूजर्स को वन-वे ब्रॉडकास्ट चैनल शुरू करने और बड़ी संख्या में लोगों से जुड़ने की अनुमति देता है। वॉट्सऐप चैनल के फॉलोअर्स के तौर पर आप मैसेज नहीं भेज सकते हैं। हालांकि इमोजी के जरिए रिएक्ट कर सकते हैं। प्रतिक्रियाओं की कुल संख्या को भी देख सकते हैं। आप कौन सी इमोजी के जरिए प्रतिक्रिया दे रहे हैं, यह चैनल के फॉलोअर्स को नहीं दिखाई देता है। जब आप किसी वॉट्सऐप चैनल के मैसेज को फॉरवर्ड करते हैं तो उसके साथ उस चैनल का लिंक भी शेयर होता है। उस लिंक के जरिए यूजर्स उस चैनल को एक्सेस और जॉइन कर सकते हैं।

# दीपक चाहर ने लॉन्च किया अपना घरेलू स्पोर्ट्स ब्रैंड डीनाइन स्पोर्ट्स

## क्रिकेट स्पाइक्स और स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन सेगमेंट में आएगा बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। खिलाड़ियों के प्रदर्शन और तंदुरुस्ती में सुधार के लिए समर्पित, नए जमाने का आधुनिक ब्रैंड डीनाइन स्पोर्ट्स भारतीय खेल उद्योग में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

डीनाइन को आधिकारिक रूप से 19 सितम्बर को लॉन्च किया जा रहा है और इस ब्रैंड का लक्ष्य क्रिकेट और दूसरे खेलों के लिए उत्कृष्टता के एक नये युग की शुरुआत करना है।

यह ब्रैंड पेशेवर क्रिकेटरों सहित खिलाड़ियों की अलग तरह की ज़रूरतों के लिए डिजाइन किये गए अत्याधुनिक व्यापक उत्पादों को पेश करके गर्व हो रहा है। ब्रैंड के फाउंडर, दीपक चाहर पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है, जिन्होंने अपना क्रिकेट शूज तैयार किया है। उन्होंने बिलकुल सही क्रिकेट शू का निर्माण करने के लिए 18 महीनों से अधिक समय तक अनुसंधान और विकास किया। ये क्रिकेट स्पाइक्स और रबर स्टड्स खेल में प्रदर्शन और सुरक्षा को एक नया आयाम देने को तैयार हैं। डीनाइन स्पोर्ट्स शूज न केवल तकनीकी रूप से बेहतर है, बल्कि इन्हें इंटरनेशनल फिजियोथेरेपिस्ट, प्रशिक्षणों और खिलाड़ियों द्वारा अनुमोदित भी किये गए हैं।

ब्रैंड के प्रमुख उत्पादों में से एक, डीनाइन वीऑलिव व्हे प्रोटीन सप्लीमेंट उद्योग में धूम मचाने के लिए तैयार है। इसकी एक खुराक में 24 ग्राम व्हे प्रोटीन होता है। इसके अलावा इसमें 4.5 ग्राम बीसीएए, 8.6 ग्राम इएए, प्रीबायोटिक्स और पाचक एंजाइम्स होते हैं। यह अपनी मांसपेशियों को सुगठित और भरा-पूरा बनाने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए बेहद उपयोगी है। डीनाइन हेल्थ सप्लीमेंट्स को इसकी सुरक्षा और प्रभावकारिता के लिए एफएसएसएआई, आईएसओ, और




जीएमपी द्वारा सख्ती से जाँचा-परखा गया है।

डीनाइन स्पोर्ट्स की प्रेरणा के स्रोत, श्री दीपक चाहर ने गुणवत्ता और कम कीमत के प्रति अपना समर्पण व्यक्त करते हुए कहा कि, डीनाइन स्पोर्ट्स में हम सभी उम्र के क्रिकेट खिलाड़ियों के आराम और परफॉरमेंस में सुधार के लिए वचनबद्ध हैं।

हमारे उत्पादों को लंबे समय में एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो खिलाड़ियों को चोट लगने के न्यूनतम जोखिम के साथ अपना करियर आगे बढ़ाने में मदद करते हैं।

बेहद सावधानी से तैयार किये गए क्रिकेट शूज से लेकर हमारे अभिनव सप्लीमेंट्स तक, हमारे एक-एक उत्पाद को कठिन रिसर्च और डेवलपमेंट के माध्यम से परखा गया है और इस प्रक्रिया में मैदान पर आने वाली चुनौतियों पर पूरा ध्यान दिया गया है।

हमारा मानना है कि हर कदम पर गुणवत्ता और सुरक्षा प्रदान करके हम खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदशन करने और खेल जगत में अपनी टिकाऊ परम्परा स्थापित करने के लिए सशक्त बनाते हैं।

डीनाइन स्पोर्ट्स का उद्देश्य केवल उत्पादन करना ही नहीं है, असल में इसका लक्ष्य प्रतिभा का पोषण करना और सभी स्तरों पर क्रिकेट को सपोर्ट करना है। यह ब्रैंड उभरते फर्स्ट-क्लास क्रिकेटरों को और पूर्ववर्ती सीजन में आईपीएल खिलाड़ियों को स्पॉन्सर कर चुका है और इसने आगामी सीजन में अपना सपोर्ट बढ़ाने की योजना बनाई है।

इसका व्यापक लक्ष्य भारत में युवाओं की स्पोर्ट्स तक पहुंच को आसान बनाना है। दीपक खुद भी कॅरियर पर खतरा पैदा करने वाली अनेक चोट झेल चुके हैं और चोटों को रोकने तथा युवा खिलाड़ियों को उनकी यात्रा में सहायता के लिए समुचित उपकरण तथा सप्लीमेंट्स का महत्व अच्छी तरह से समझते हैं।

यह ब्रैंड ऑफलाइन और ऑनलाइन, दोनों चैनलों पर उपलब्ध होगा और जुबानी प्रचार के द्वारा मार्केटिंग पर मुख्य रूप से फोकस किया जाएगा। डीनाइन स्पोर्ट्स ने ब्रैंड के मिशन से मेल खाने वाले क्रिकेटरों के साथ मजबूत सम्बन्ध बहाल रखते हुए, प्रमुख ऑनलाइन प्लैटफॉर्म्स की मदद से जागरूकता पैदा करने की योजना तैयार की है।

अपनी विस्तार योजनाओं के तहत, डीनाइन स्पोर्ट्स अपने ग्राहकों की संख्या बढ़ाने के लिए जल्द ही स्पोर्ट्स क्लॉदिंग और रनिंग शूज के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाएगा। 19 सितम्बर से इसके उत्पाद आधिकारिक वेबसाइट https://dninesports.com/ और अमेज़न पर, तथा आपकी नजदीकी स्पोर्ट्स दुकानों पर खरीदारी के लिए उपलब्ध होंगे।

भारतीयों के लिए पसंदीदा ब्रैंड बनने के नजरिये के साथ, डीनाइन स्पोर्ट्स भारतीय खेल परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ने के लिए तैयार है। गुणवत्ता, कम कीमत, और खिलाड़ियों की भलाई के लिए उनकी वचनबद्धता आज के प्रतिस्पर्धी बाज़ार में उन्हें विशिष्ट बनाती है।

# जी-20 संरचना कार्य-समूह की बैठक रायपुर में संपन्न

नयी दिल्ली। भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत जी-20 संरचना कार्यसमूह (एफडब्ल्यूजी) की चौथी और अंतिम बैठक मंगलवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर में संपन्न हुई, जिसमें बैठक में वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

बैठक की अध्यक्षता भारत और ब्रिटेन के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से की।

वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार दो दिन चली इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व वित्त मंत्रालय की सलाहकार सुश्री चांदनी रैना और ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व वहां के वित्त मंत्रालय की मुख्य आर्थिक सलाहकार सैम बेकेट ने किया। बैठक में जी-20 सदस्य और आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय संगठनों के लगभग 65 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मंत्रालय ने कहा, यह बैठक भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान एफडब्ल्यूजी द्वारा सफलतापूर्वक किए गए कार्यों की पूर्णता को दर्शाती है। बैठक में इस प्रगति को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के विकल्पों का पता लगाने का अवसर भी प्रदान किया गया।

इस वर्ष, समूह ने सफलतापूर्वक दो जी-20 रिपोर्ट - खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा के व्यापक आर्थिक प्रभाव और और जलवायु परिवर्तन तथा रूपान्तरकारी मार्गों से उत्पन्न होने वाले व्यापक आर्थिक जोखिमों पर रिपोर्ट जारी की।

सदस्यों ने वैश्विक चुनौतियों से जुड़े व्यापक आर्थिक परिणामों का आकलन करने के लिए वैश्विक विचार-विमर्श जारी रखने की आवश्यकता को स्वीकार किया।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि कार्यसमूह की इस बैठक में वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की प्रस्तुतियों के आधार पर प्रमुख चुनौतियों और जोखिमों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (अमुको) द्वारा उपलब्ध कराए गए अपडेट के आधार पर जी-20/अमुको मजबूत टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास रिपोर्ट के मसौदे के शुरुआती निष्कर्षों पर भी चर्चा हुई।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भी जी-20 चर्चाओं को अधिक समावेशी और मानव-केंद्रित बनाने के लिए कई जनभागीदारी कार्यक्रमों की मेजबानी की।

इसमें आम जनता, छात्रों और स्वयं-सहायता संगठनों के लाभ के उद्देश्य से कार्यक्रम शामिल किए गए, इन कार्यक्रमों में वित्तीय साक्षरता, कार्यक्रमों की एक श्रृंखला, जी-20 जागरूकता कार्यक्रम, चित्रकला, नारा-लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल थी।

इस बैठक में भाग लेने आए प्रतिनिधियों ने नंदनवन प्राणी उद्यान भ्रमण का आनंद लिया। यह क्षेत्र छत ?तीसगढ़ के हरे-भरे और सुंदर परिदृश्य को प्रदर्शित करता है। यहां का खंडवा जलाशय बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करता है।

प्रतिनिधियों के लिए रात्रि भोज पर संवाद और एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस दौरान उन्हें छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्वादिष्ट व्यंजनों का अनुभव करने का अवसर मिला। 'रात्रि भोज पर संवाद' के दौरान प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य का आनंद लिया।

# एससीआर को सीआईआई से मिले तीन ऊर्जा दक्षता इकाई पुरस्कार

हैदराबाद। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) को ऊर्जा प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए 24वें राष्ट्रीय पुरस्कार-2023 में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से अपनी तीन प्रशासनिक इकाइयों के लिए तीन ऊर्जा कुशल इकाई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। एससीआर की ओर से मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार तेलंगाना सरकार के मुख्य सलाहकार ने एचआईसीसी, हैदराबाद में आयोजित ऊर्जा दक्षता पुरस्कार समारोह के दौरान संबंधित इकाई प्रतिनिधियों को ये पुरस्कार प्रदान किए। ये प्रतिष्ठित पुरस्कार वर्ष 2023 में उत्कृष्ट ऊर्जा प्रबंधन प्रथाओं को मान्यता देते हैं। सिकंदराबाद में लेखा भवन को 'बिल्डिंग सेक्टर में उत्कृष्ट ऊर्जा कुशल इकाई' पुरस्कार मिला है। इसके अलावा सिकंदराबाद में रेल निलयम और मौलाली में क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान को 'भवन क्षेत्र में ऊर्जा कुशल इकाइयों' के रूप में सम्मानित किया गया है। एससीआर ने पिछले कुछ वर्षों में लगातार राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार अर्जित किए हैं। यह वर्ष एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि जेडआरटीआई भवन ने पहली बार ऊर्जा कुशल इकाई के रूप में मान्यता प्राप्त की है। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने एससीआर के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता , हैदराबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और उनकी संबंधित टीमों को इस गौरव को हासिल करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए बधाई दी।

## इतिहास में पहली बार हुआ अमेरिकी राष्ट्रीय ऋण 33 ट्रिलियन डॉलर से अधिक

वाशिंगटन। अमेरिका के इतिहास में पहली बार अमेरिकी राष्ट्रीय ऋण 33 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। ट्रेजरी विभाग के आंकड़ों के में यह जानकारी दी गयी। ट्रेजरी विभाग ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रीय ऋण लगभग 33.04 ट्रिलियन डॉलर है। यह मील का पत्थर तब आया है जब कांग्रेस महीने के अंत से पहले सरकार को वित्त पोषित करने के लिए काम करती है। कहीं ऐसा न हो कि उन्हें सरकार बंद होने का खतरा हो। कई अमेरिकी हाउस रिपब्लिकन ने अत्यधिक सरकारी खर्च के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए, चैंबर नेतृत्व द्वारा प्रस्तावित अल्पकालिक फंडिंग बिल पर विरोध व्यक्त किया है। अमेरिकी कांग्रेसी डैन बिशप ने सोमवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने जून के बाद से मौजूदा राष्ट्रीय ऋण में एक ट्रिलियन डॉलर जोड़कर 33 अरब से अधिक कर दिया है, साथ ही कहा कि यह प्रति परिवार हिस्सा 260,000 डॉलर है। बिशप ने कहा कि कर्ज के रिकॉर्ड स्तर पर कांग्रेस का जवाब सरकार को फंड देना जारी रखने के लिए एक और निरंतर प्रस्ताव पारित करना है। कांग्रेसी ने कांग्रेस और सरकार को दलदल कहा - जो वाशिंगटन में नौकरशाही के लिए एक लोकप्रिय संदर्भ है। इससे पहले सोमवार को अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कहा था कि बढ़ती मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के बावजूद वह संयुक्त राज्य अमेरिका के आर्थिक रास्ते से सहज हैं।

# सम्मिट इंडिया का अंतरराष्ट्रीय अभियान

नयी दिल्ली। भारत की अध्यक्षता में जी20 का सदस्य बने अफ्रीकी संघ के देशों में भारत को लेकर किस तरह का उत्साह और सोच बनी है इसका एक नज़ारा इस साल के अंत में सम्मिट इंडिया के अंतरराष्ट्रीय अभियान के तहत अफ्रीकी महाद्वीप के केन्या में मैराथन दौड़ का आयोजन में देखने को मिलेगा। इसके साथ ही केन्या सरकार के सहयोग से भारत वंशी अफ्रीकन जनों कें लिये अयोध्या की तरह एक भव्य राम मंदिर बनाने की पहल की जा रही है।

सम्मिट इंडिया के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने केन्या चैप्टर का अध्यक्ष डॉ स्वरूप रंजन मिश्रा को नियुक्त किया है जो वहां के संसद सदस्य है और सत्तारूढ़ पार्टी के राष्ट्रीय संगठक भी है।

सम्मिट इंडिया का ब्रांड भारत और वसुधैव कुटुंकम्ब के महाअभियान के दिशा में वियतनाम में अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संवाद की शुरुआत भी इस वर्ष दिसम्बर में एक महासम्मेलन की ज़रिये शुरू किया जाएगा। इसके लिए वियतनाम चैप्टर का अध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा नियुक्त किया गया है।

सम्मिट इंडिया के महासचिव महेश वर्मा ने आज यहाँ यह जानकारी देते हुए बताया कि ब्रांड भारत आज जिस कदर अफ्रीका में सर चढ़कर बोल रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के बीच केन्या में राम मंदिर का निर्माण करने से जाहिर होता है। इससे भारत के विश्व बंधुतत्व को भी बल मिलेगा। इसके लिये एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही श्री जाजू के नेतृत्व में केन्या जाएगा। जिसमें उत्तर प्रदेश चैप्टर के प्रमुख पूरण डावर सहित 10 लोग को शामिल किया गया है। श्री श्री रविशंकर और श्री राम जन्म भूमि न्यास समिति के सदस्य भी इसमें होंगे। इसी प्रकार से वहाँ विश्व के नंबर वन धावको के साथ मैराथन के जरिये मंदिर निर्माण से पूरे अफ्रीका महाद्वीप के देशों को जोड़ा जाएगा। इसके लिए डॉ मिश्रा की बड़ी भूमिका होगी।

श्री वर्मा ने बताया कि डॉ मिश्रा का जन आरोग्य संस्थान पूरे अफ्रीकावासियो को सेवा देता है ऐसे में उनके हाथ इसका बागडोर देना उचित प्रतीत हुआ और सम्मिट इंडिया के केंद्रीय संगठन ने इस पर अपनी सहमति की मुहर लगाई है। वियतनाम में वहां के चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष रहे भारतीय मूल के श्री जय प्रकाश का अनुभव भारत के साथ वियतनाम की व्यापारिक और सांस्कृतिक साझेदारी को सांझा करने की एक बड़ी पहल दिसम्बर में होगी।

# यूजर्स से छोटा मासिक शुल्क ले सकता है एक्स : एलन

एजेंसी

वाशिंगटन। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'एक्स' के मालिक एलन मस्क ने बॉट्स में कटौती की आवश्यकता जताते हुए कहा है कि 'एक्स' सभी यूजर्स से छोटा मासिक शुल्क ले सकता है।

मस्क ने अक्टूबर 2022 में 44 अरब डॉलर में एक्स (पूर्व में ट्वीटर) का अधिग्रहण करने के बाद इसमें कई बदलाव किए हैं। अधिग्रहण के बाद उन्होंने हजारों कर्मचारियों को निकालने के साथ हर एक भुगतान प्रीमियम विकल्प पेश किया और कंटेट मॉडरेशन में कटौती की। वहीं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित अन्य के पूर्व प्रतिबंधित अकाउंट को



फिर से बहाल किया। उन्होंने कहा कि जुलाई में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने अपने विज्ञापन राजस्व का लगभग आधा हिस्सा गंवा दिया। एक्स पर बॉट्स सामान्य रूप से प्रचलित हैं, जिसे व्यक्ति नहीं बल्कि कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा चलाया जाता है, जहां उनका उपयोग राजनीतिक संदेशों या नस्लीय हिंसा को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है।

इससे पहले सोमवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मस्क के साथ ऑनालइन बातचीत के दौरान यहूदी-विरोधीवाद का मुद्दा उठाया और पूछा कि कैसे एक्स बॉट्स के उपयोग को रोक लगाने के साथ ही इसके दोहराव और बढ़ावा को रोका जा सकता है।

मस्क ने अपने जवाब में कहा कंपनी 'एक्स' के उपयोग के लिए एक छोटा मासिक शुल्क लेने की दिशा में आगे बढ़ रही है और मेरी नजर में यही एकमात्र तरीका है जिसके माध्यम से हम बॉट्स की विशाल सेनाओं का मुकाबला कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि एक बॉट की कीमत एक पैसे का एक मामूली अंश है बल्कि एक पैसे का दसवां हिस्सा लेकिन अगर किसी को कुछ डॉलर, कुछ मामूली राशि का भुगतान करना पड़ता है, तो बॉट्स की प्रभावी लागत बहुत ज्यादा होगी और फिर आपको प्रत्येक बार एक नया बॉट के लिए एक नयी भुगतान विधि भी प्राप्त करनी होगी।

एक्स पर यह बातचीत ऐसे समय प्रसारित की गई है जब टेस्ला टाइकून का अमेरिका स्थित यहूदी संगठन एंटी-डिफेमेशन लीग (एडीएल) के साथ विवाद चल रहा है।

मस्क ने एडीएल पर आरोप लगया है कि वह यहूदी-विरोधी होने का निराधार आरोप लगा रहा है, जिससे विज्ञापनदाता डर रहे हैं और उनकी कंपनी के राजस्व को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने एडीएल पर अरबों डॉलर का मुकदमा करने की धमकी भी दी है।

## मुंबई अं.हवाई अड्डे पर यात्रियों की आवाजाही में अगस्त में 32 फीसदी का उछाल

मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से इस वर्ष अगस्त में 43.2 लाख यात्रियों ने आवाजाही की। यह संख्या पिछले वर्ष अगस्त की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। अगस्त 2022 में यहां से 32 लाख यात्रियों ने यात्राएं की थीं। यह जानकारी सोमवार को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की एक विज्ञप्ति में दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार अदानी समूह के प्रबंध में चल रहे मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने- जाने वाले यात्रियों की संख्या इस वर्ष अगस्त में अगस्त 2019 के तुलना में 108 प्रतिशत ऊंची है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से यात्रा करने वाले यात्रियों की आवाजाही अगस्त में 11 लाख रही, जो एक साल पहले के 8.4 लाख की तुलना में 33 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है। इस हवाई अड्डे से इस बार अगस्त में 20711 घरेलू और 6960 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का आवागमन हुआ। यहां से सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ाने दुबई मार्ग पर संचालित की गई। अगस्त में म्यूनिख मार्ग पर यात्रियों की संख्या में सर्वाधिक 150 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि 138 फीसदी की वृद्धि के साथ हनोई दूसरे और 110 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इस्तांबुल तीसरे स्थान पर रहा। नैरोबी और हो ची मिन्ह सिटी के लिए यात्रियों की संख्या में क्रमश: 99 फीसदी और 96 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

# उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने अगस्त में निपटाए 854 मामले

नयी दिल्ली। शीर्ष उपभोक्ता संरक्षण निकाय राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग और उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अगस्त 2023 में 854 उपभोक्ता मामलों को निपटाया। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस अवधि के दौरान 455 नये मामले दाखिल किए गए। वर्ष 2023 में मामलों की निपटान दर सर्वाधिक 188 प्रतिशत रही। आयोग ने वर्ष 2023 में उपभोक्ता मामलों के निपटान की दिशा में उल्लेखनीय सुधार किया है। यह उपलब्धि उपभोक्ताओं की चिंताओं को दूर करने के लिए एक निष्पक्ष और कुशल तंत्र प्रदान करने के लिए एनसीडीआरसी के समर्पण को दर्शाती है।

# जी20 फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप ने किया वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर विचार

रायपुर। भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत जी20 फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप (एफडब्ल्यूजी) की चौथी और अंतिम बैठक आज यहां सफलतापूर्वक संपन्न हो गयी जिसमें वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत और ब्रिटेन ने की। दो दिवसीय बैठक की सह-अध्यक्षता में भारत का प्रतिनिधित्व वित्त मंत्रालय की सलाहकार चांदनी रैना और ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व राजकोष की मुख्य आर्थिक सलाहकार सैम बेकेट ने किया। बैठक में जी20 सदस्य ,आमंत्रित देशों ,अंतरराष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय संगठनों के लगभग 65 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह बैठक भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान एफडब्ल्यूजी द्वारा सफलतापूर्वक किए गए कार्यों की पूर्णता को दर्शाती है। बैठक में इस प्रगति को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के विकल्पों का पता लगाने का अवसर भी प्रदान किया गया। इस वर्ष, समूह ने सफलतापूर्वक दो जी20 रिपोर्ट - खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा के व्यापक आर्थिक प्रभाव और और जलवायु परिवर्तन तथा रूपान्तरकारी मार्गों से उत्पन्न होने वाले व्यापक आर्थिक जोखिमों पर रिपोर्ट जारी की। सदस्यों ने वैश्विक चुनौतियों से जुड़े व्यापक आर्थिक परिणामों का आकलन करने के लिए वैश्विक विचार-विमर्श जारी रखने की आवश्यकता को स्वीकार किया। बैठक में वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की प्रस्तुतियों के आधार पर प्रमुख चुनौतियों और जोखिमों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा उपलब्ध कराए गए अपडेट के आधार पर जी20/आईएमएफ मजबूत टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास रिपोर्ट के मसौदे के शुरुआती निष्कर्षों पर भी चर्चा हुई।

## शार्ट न्यूज

### भारतीय महिला हैंडबॉल टीम घोषित

लखनऊ। चीन के हांगझोऊ में 23 सितंबर से शुरु होने वाले एशियाई खेलों के लिये भारतीय महिला हैंडबाल टीम की घोषणा मंगलवार को कर दी गयी। महिला हैंडबॉल टीम की कप्तान रेलवे की ज्योति शुक्ला होंगी जबकि उपकप्तान हिमाचल प्रदेश की दीक्षा कुमारी बनाई गयी है। टीम में उत्तर प्रदेश की शिवा सिंह और तेजस्विनी सिंह का भी चयन किया गया है। एशियन गेम्स के 19वें संस्करण में हैंडबॉल के मुकाबले 24 सितंबर से पांच अक्टूबर तक होंगे। इसके लिए टीम दिल्ली से 20 सितंबर को हांगझोऊ के लिए रवाना होगी। भारतीय महिला हैंडबॉल टीम को प्रारंभिक राउंड के ग्रुप बी में जगह मिली है। इस ग्रुप में भारत के साथ चीन, जापान, नेपाल और हांगकांग चाइना को जगह मिली है। भारतीय टीम 25 सितंबर को जापान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। इसके बाद भारतीय टीम की 27 सितंबर को हांगकांग चाइना, 29 सितंबर को चीन और 30 सितंबर को नेपाल की टीम से टक्कर होगी। अयोध्या के डा.भीमराव अंबेडकर इंडोर स्टेडियम में आयोजित टीम के शिविर की समाप्ति के बाद रवानगी से पूर्व भारतीय टीम का विदाई समारोह लखनऊ में एक निजी होटल में किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ की अध्यक्ष व बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर अलका दास ने खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

### जौनपुर की पहचान बनेगी राणा प्रताप की प्रतिमा

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर स्थित पार्क में बीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की स्थापित होने वाली वाली गन मेटल की भव्य प्रतिमा के लिए मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन किया गया। जिले में स्थापित राणा प्रताप यह मूर्ति जौनपुर की शान और पहचान बनेगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि पार्क में स्थापित होने वाली गन मेटल की भव्य प्रतिमा की कुल ऊचाई जमीन से 19 फुट होगी। छह फुट के चबूतरा पर तेरह फुट की ऊँची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। गन मेटल की प्रतिमा की लागत लगभग चालीस लाख रुपया बताया जा रहा है। राजस्थान के जयपुर धूप संगमरमर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा बनाई जा रही महाराणा प्रताप की प्रतिमा का चबूतरा मकराना के प्रसिद्ध मारवल पत्थर और दक्षिण भारत का काला ग्रेनाइट का रहेगा। आज दिन में दस बजे से ही सिविल इंजिनियर जनार्दन श्रीवास्तव की टीम ने स्थान का चयन किया। एक घंटे बाद समिति के सदस्यों द्वारा चयनित स्थान पर विधि विधान से पूजन अर्चन कराया गया। विद्वान कर्मकांडी ब्राह्मण ओम प्रकाश शुक्ल ने मंत्रोच्चारण किया। ओम प्रकाश सिंह ने फावड़ा से मिट्टी की खुदाई कर भूमि पूजन की शुरुआत किया।

### बीसीसीआई ने दिया रजनीकांत को गोल्डन टिकट

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को दक्षिण भारतीय फिल्मो के सुपर स्टार राजनीकांत को आगामी क्रिकेट विश्व कप का गोल्डन टिकट दिया है। बीसीसीआई बोर्ड के सचिव जयशाह ने आज भाषा और संस्कृति से परे जाकर लाखों लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ने वाले महान अभिनेता रजनीकांत को गोल्डन टिकट प्रदान किया। बीसीसीआई ने एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने रजनीकांत को गोल्डन टिकट देकर सम्मानित किया। इस महान अभिनेता ने करोड़ों दिलों की धड़कन पर अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अभिनेता हमारे प्रतिष्ठित अतिथि के रूप में आईसीसी क्रिकेट विश्वकप 2023 की शोभा बढ़ाएंगे और अपनी उपस्थिति से इस सबसे बड़े क्रिकेट आयोजन की चमक बढ़ाये। उल्लेखनीय है कि भारत में होने वाले क्रिकेट विश्व कप में बीसीसीआई ने कुछ नामचीन हस्तियों को आमंत्रित करने का काम किया। 'गोल्डन टिकट फॉर इंडिया आइकॉन्स' नाम से आयोजित इस मुहिम के तहत कुछ सेलिब्रेटी और पूर्व क्रिकेटरों को बीसीसीआई की ओर से विश्व कप मैच देखने के लिए गोल्डन टिकट दिया जा रहा है।

### एशियाई खेलों में भारतीय टीम की हार से शुरुआत

हांगझोऊ। चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेलों की आधिकारिक शुरुआत 23 सितंबर को होगी। उससे पहले कुछ खेलों की स्पर्धाएं शुरू हो चुकी हैं। मंगलवार (19 सितंबर) को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का सामना ग्रुप ए में चीन से हुआ। टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही और उसे चीन ने 5-1 से हरा दिया। भारत को अगले राउंड में पहुंचने के लिए अब बांग्लादेश और म्यांमार के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। चीन ने मैच का पहला गोल किया। उसके लिए 16वें मिनट में जाओ टियानयी ने पहला गोल किया। इंजरी टाइम (45+1वें मिनट) में भारत के लिए राहुल केपी ने पहला गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया, लेकिन दूसरे हाफ में भारतीय टीम का प्रदर्शन निशाराजनक रहा। चीन ने दूसरे हाफ में चार गोल दागे और मैच को अपने नाम कर लिया। 51वें मिनट में बेईजून डाई ने गोल किया। कियांगलॉन्ग टाओ ने 71वें और 74वें मिनट में गोल किया। मैच खत्म होने से ठीक पहले इंजरी टाइम (90+2वें मिनट) में चीन ने पांचवां गोल किया। उसके लिए हाओ फांग ने गोल किया। चीन की टीम ने मैच आक्रामक शुरुआत की। शुरुआती छह मिनट में उसने ताबड़तोड़ दो हमले किए। भारतीय डिफेंडर ने किसी तरह दोनों मौकों पर गेंद को गोलपोस्ट में नहीं जाने दिया।

### चीन एपेक में सकारात्मक परिणाम के लिए सभी पक्षों के साथ काम को तैयार

बीजिंग। चीन आगामी नवंबर में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में सकारात्मक परिणाम के लिए सभी पक्षों के साथ काम करने को तैयार है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन महत्वपूर्ण बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग तंत्र के रूप में एपेक की भूमिका को बहुत महत्व देता है। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करने के लिए तैयार हैं कि इस वर्ष के शिखर सम्मेलन में सकारात्मक नतीजे आएं। उन्होंने कहा कि अगर शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भागीदारी के बारे में कुछ बताने योग्य हुआ तो इसकी जानकारी समायनुसार दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का इरादा श्री जिनपिंग के साथ बैठक करने का है, लेकिन यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में होने वाले एपेक शिखर सम्मेलन ऐसी बैठक इतर होगी या नहीं।

### जस्टिन ट्रूडो के दावे से हम चिंतित : अमेरिका

वॉशिंगटन। कनाडा में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या में भारत सरकार के शामिल होने के आरोपों को लेकर अमेरिकी अधिकारी अपने कनाडाई समकक्षों के साथ करीबी संपर्क में हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने भारत से जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है। अधिकारी ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान पत्रकारों से कहा, हम इस बारे में अपने कनाडाई सहयोगियों के करीब से संपर्क में हैं। हम आरोपों को लेकर काफी चिंतित हैं। हमें लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि एक पूरी और खुली जांच हो। हम भारत सरकार से उस जांच में सहयोग करने का अनुरोध करते हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि अधिकारी सिख अलगाववादी नेता की हत्या में नई दिल्ली के एजेंटों के लिंक के विश्वसनीय आरोपों पर सक्रियता से काम कर रहे हैं। हालांकि, भारत ने उनके इन दावों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज किया है। इस ताजा विवाद से वर्षों से चले आ रहे राजनयिक संबंधों को बड़ा झटका लगा है। कनाडा में सिख अलगाववादियों की गतिविधियों को लेकर भारत अपनी समय-समय पर नाराजगी जाहिर कर चुका है। इसने अब दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को भी खतरे में डाल दिया है। पिछले सप्ताह से मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत रुकी हुई है।

# भारतीय हॉकी टीम को रहेगी विश्व नंबर 1 बनने की तलाश

हांगझाऊ। ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से लेकर विश्व कप हासिल करने तक पिछली एक सदी के दौरान अधिकांश समय हॉकी के शिखर पर रहने के बावजूद भारतीय टीम की विश्व की नंबर एक टीम बनने की हसरत फिलहाल पूरी नहीं हो सकी है।

एक जमाने में हॉकी में भारत का डंका बजता था और उसके सामने प्रतिद्वंदी टीम का टिक पाना बेहद मुश्किल समझा जाता था मगर समय के साथ पश्चिम के देशों ने भी हाकी में खुद को स्थापित किया। इस बीच रैंकिंग प्रणाली 2003 में अस्तित्व में आयी। नई रैंकिंग प्रणाली लागू होने के बाद से पिछले कुछ वर्षों में भारतीय हॉकी टीम की रैंकिंग में उतार-चढ़ाव आया है। 2003 में हॉकी रैंकिंग प्रणाली शुरू होने पर पुरुष टीम छठे स्थान पर थी। उसी साल भारत ने चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर पहली बार एशिया कप जीता।

लेकिन जल्द ही भारत की फॉर्म में गिरावट आई और वे टूर्नामेंट से शुरू में ही बाहर हो गए। भारतीय टीम 2005 में आठ देशों की राबो ट्रॉफी में सातवें स्थान पर खिसक गयी जबकि 2005 में ही चैंपियंस ट्रॉफी में भी आखिरी स्थान पर रही। टूर्नामेंट जीतने के लिए संघर्ष कर रही भारतीय टीम ने इसके बावजूद शीर्ष 10 में अपना स्थान बनाए रखा क्योंकि हॉकी रैंकिंग प्रणाली चार साल के चक्र के परिणामों पर विचार करती थी। 2007 चैंपियंस चैलेंज में कांस्य पदक से भी भारत को मदद मिली मगर भारतीय हॉकी की



फॉर्म में गिरावट जल्द ही रैंकिंग में दिखाई देने लगी।

भारतीय टीम 2006 हॉकी विश्व कप में अपने सात में से पांच मैच हार गई और टूर्नामेंट में 11वें स्थान पर रही। टीम 80 वर्षों में पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही और बीजिंग 2008 में उसे बाहर रहना पड़ा। निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारत 2008 में पहली बार हॉकी रैंकिंग के शीर्ष 10 से बाहर हो गया। पूर्व विश्व चैंपियन भारत ने 2010 में विश्व कप की मेजबानी की थी लेकिन पूल चरण में केवल एक बार जीत हासिल की और आठवें स्थान पर जगह बनायर। इससे भारत 12वें स्थान पर खिसक गया, जो अब तक की उनकी सबसे खराब हॉकी रैंक है।

अगले दशक में भारत के प्रदर्शन में धीरे-धीरे सुधार देखा गया। भारत ने 2014 एशियाई खेलों और 2017 एशिया कप के साथ-साथ चार बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (2011, 2016 और 2018) जीती। भारत चैंपियंस ट्रॉफी, कॉमनवेल्थ गेम्स और हॉकी वर्ल्ड लीग में भी पदक विजेता रहा।

हॉकी रैंकिंग में लगातार सुधार दिखाई दिया और 2020 में जब पुरानी रैंकिंग प्रणाली को बदला गया तो भारत पांचवें स्थान पर पहुंच गया।

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद 2021 में भारतीय पुरुष हाकी टीम अपनी सर्वोच्च रैंकिंग 'तीन' पर पहुंच गयी। यह 41 वर्षों में उनका पहला ओलंपिक पदक था। तब से, भारतीय टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2021, एफआईएच प्रो लीग 2021-22 और एशिया कप 2022 में तीसरे स्थान पर रहे। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में उन्होंने रजत पदक जीता और फिर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दोबारा हासिल करने में सफल रहे। 2023 में टीम वर्तमान में विश्व में तीसरे स्थान पर है।

## चेन्नईयिन एफसी ने लज़ार सिर्कोविच के साथ किया अनुबंध

चेन्नई। चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब (एफसी) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सीजन से पहले सर्बियाई डिफेंडर लज़ार सिर्कोविच के साथ अनुबंध कर अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत किया।

इंडियन सुपर लीग सीजन से पहले क्लब में अनुबंध कर शामिल किये जाने वाले सर्बियाई डिफेंडर पांचवें विदेशी खिलाड़ी है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने क्लब की मीडिया टीम को बताया, हमें लजार सिर्कोविच को क्लब में लाकर बहुत खुशी हो रही है। हमने उसको अपने साथ लाने के लिए काफी मशक्कत की। कई क्लबों ने उसमें बहुत रुचि दिखाई थी क्योंकि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है। सिर्कोविच ने 2022-23 सीज़न में हंगेरियन फर्स्ट डिवीजन में 17 मुकाबले खेले। उन्होंने एफके रेड, एफके पार्टिज़न बेलग्रेड और किस्वर्डा एफसी के लिए 146 मुकाबले खेले हैं। सिर्कोविच ने कहा , मैं भारतीय चुनौती के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं मैदान पर उतरने और अपनी नयी टीम के साथियों और प्रशंसकों के लिए मुकाबले का इंतजार नहीं कर सकता। जल्द ही मिलते हैं, चेन्नई।

उल्लेखनीय है कि चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब इस समय आईएसएल 2023-24 सीज़न की तैयारी कर रहा है। उसे शनिवार को भुवनेश्वर में ओडिशा फुटबॉल क्लब के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करनी है।

### चार अक्टूबर से शुरु होगी जेएंडके ओपन गोल्फ चैंपियनशिप

जम्मू। जेएंडके ओपन गोल्फ चैंपियनशिप जम्मू तवी गोल्फ क्लब चार से सात अक्टूबर के बीच खेली जायेगी। प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने मंगलवार को यहां चैंपियनशिप के तीसरे संस्करण की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग के सहयोग से खेले जाने वाले चार दिवसीय टूर्नामेंट की इनामी राशि 50 लाख रुपये निर्धारित की गयी है। चैंपियनशिप में शीर्ष भारतीय पेशेवर खिलाड़ी उदयन माने, राशिद खान, गत चैंपियन युवराज सिंह संधू और पूर्व चैंपियन हनी बैसोया के अलावा बांग्लादेश के जमाल हुसैन, बादल हुसैन और श्रीलंका के एन थंगराजा और मिथुन परेरा भाग लेंगे। जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग के विशेष सचिव, अमरजीत सिंह ने कहा हम जम्मू-कश्मीर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट और पीजीटीआई के साथ अपने निरंतर सहयोग के लिए तत्पर हैं।

## एशियाई खेल में भाग लेने भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगझाऊ रवाना

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19वें एशियाई खेल हांगझाऊ 2022 में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को बेंगलुरु हवाई अड्डे से हांगझाऊ के लिए रवाना हो गई।

भारतीय टीम 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारत को पूल ए में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं।

प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। करिश्माई डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को एक बार फिर टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि हार्दिक उनके डिप्टी होंगे।

हरमनप्रीत ने कहा टीम 19वें एशियाई खेलों हांगझाऊ 2022 के लिए कड़ी तैयारी कर रही है। हमने हाल ही में संपन्न एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए लक्ष्य प्रदर्शन के उस स्तर को बनाए रखना है। हमारे पूल में कुछ कठिन प्रतिद्वंद्वी हैं, लेकिन हमें अपनी तैयारी पर भरोसा है और उम्मीद है कि हम पोडियम पर पहुंचेंगे।

टीम में गोलकीपर पीआर श्रीजेश और कृष्ण पाठक शामिल हैं जबकि डिफेंडर की जिम्मेदारी वरुण कुमार, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह और संजय के हाथों में होगी। मिडफील्ड की कमान नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित और शमशेर सिंह द्वारा संभाली जाएगी, जबकि आक्रमण का नेतृत्व अभिषेक, गुरजंत सिंह, मंदीप सिंह, सुखजीत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय करेंगे।

हांगझाऊ रवाना होने से पहले, उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा टूर्नामेंट की अगुवाई में हमने कुछ कठिन अभ्यास सत्र किए हैं और शिविर में हर कोई एक ही लक्ष्य की ओर ध्यान केंद्रित करके काम कर रहा है। हम हांगझाऊ की यात्रा करने के लिए सर्वोत्तम मानसिक और शारीरिक स्थिति में हैं, और हम अपने ग्रुप में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद कर रहे हैं।

भारत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा जबकि 26, 28 और 30 सितंबर को उसका मुकाबला क्रमश: सिंगापुर, जापान और पाकिस्तान से होगा। टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच दो अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी।

# जर्मनी की विदेश मंत्री ने शी जिनपिंग को तानाशाह कहा

## चीन जर्मन राजदूत को तलब कर बोला- यह उकसाने की कोशिश

बर्लिन। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को तानाशाह कहा है। फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में बेयरबॉक ने कहा- अगर पुतिन यूक्रेन के खिलाफ जंग जीत जाते हैं तो ये दुनियाभर के दूसरे तानाशाहों जैसे चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के लिए कैसा मैसेज होगा।

बेयरबॉक ने आगे कहा था- इसीलिए यूक्रेन को यह युद्ध जीतना होगा। आजादी और लोकतंत्र को जीतना ही होगा। सीएनएन के मुताबिक, विदेश मंत्री के बयान से नाराज चीन ने तुरंत अपने यहां मौजूद जर्मनी के राजदूत पैट्रीशिया फ्लोर को तलब कर दिया। उन्होंने पैट्रीशिया के सामने डिप्लोमैटिक लेवल पर विरोध जताया।

चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा- जर्मनी की तरफ से दिया गया बयान



बेतुका और चीन की राजनीतिक गरिमा का उल्लंघन है। ये बयान चीन को उकसाने के लिए दिया गया है। इससे पहले जून में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने भी शी जिनपिंग को तानाशाह कहा था।

इसके बाद बीजिंग की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई थी। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा था- ये बुनियादी तथ्यों के बिलकुल उलट है। साथ ही बाइडेन का बयान कूटनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ है।

### चीन पर निर्भरता कम करने की कोशिश में जर्मनी

जुलाई 2023 में जर्मन सरकार ने पहली बार अपनी नई चाइना पॉलिसी पेश की थी। इस दस्तावेज में जर्मनी की चीन पर निर्भरता कम करने की बात कही गई थी। इस पॉलिसी के तहत जर्मनी ने रिसर्च में सहयोग बंद करने की घोषणा की थी। 64 पेज के दस्तावेज के मुताबिक जर्मनी चीन के साथ उन परियोजनाओं से पैसा निकालना चाहता है, जिनमें नॉलेज ट्रांसफर हो सकता है। वहीं जर्मनी की गठबंधन सरकार का कहना है कि वह पूरी तरह दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था चीन से अलग नहीं होना चाहती है।

जर्मनी एक्सपोर्ट पर निर्भर अर्थव्यवस्था है और चीन उसके लिए सबसे बड़ा बाजार है। बीजिंग के साथ तनाव का असर जर्मनी के निर्यात पर भी होगा। चीन का विदेश मंत्रालय जर्मन की न्यू चाइना पॉलिसी को नुकसान पहुंचाने वाला कदम बता चुके हैं।

जर्मनी की विदेश मंत्री बेयरबॉक ने लगातार चीन को लेकर सख्त रवैया अपनाने की बात कही है। ताइवान और ह्यूमन राइट्स के मामले में बेयरबॉक चीन के खिलाफ बयान भी दे चुकी हैं। अगस्त में एक ऑस्ट्रेलियाई थिंक-टैंक से बेयरबॉक ने कहा था- चीन ने दुनिया में साथ रहने के बुनियादी ढांचे के लिए चैलेंज पैदा किया है। अप्रैल में बीजिंग के दौरे पर पहुंची बेयरबॉक ने चीन को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर उन्होंने ताइवान पर कब्जा करने की कोशिश की तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि चीन एक ट्रेडिंग पार्टनर और प्रतिस्पर्धी से ज्यादा अब प्रतिद्वंदी बनता जा रहा है।

# ईरान ने 5 अमेरिकी कैदियों को रिहा किया

## बदले में अमेरिका ने ईरान के 49 हजार करोड़ रुपए रिलीज किए; कतर ने कराई डील

तहरान। ईरान ने अमेरिका के साथ डील के तहत उनके 5 कैदियों को रिहा कर दिया है। पांचों अमेरिकी कतर की राजधानी दोहा से वॉशिंगटन पहुंच गए हैं। राष्ट्रपति बाइडेन ने सोमवार को कहा- 5 बेकसूर अमेरिकी आखिरकार अपने घर लौटे हैं। इन सभी ने कई सालों तक दर्द झेला है।

इसी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि यूएस ने ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद और ईरानी खुफिया मंत्रालय पर गलत तरीके से अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लेने के मामले में नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका ने अपने नागरिकों की रिहाई के बदले साउथ कोरिया में सीज किए गए ईरान के 49 हजार करोड़ रुपए रिलीज किए हैं।

### कतर के सेंट्रल बैंक में ट्रांसफर हुए 49 हजार करोड़ रुपए

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 49 हजार करोड़ रुपए सीधे ईरान को नहीं



दिए गए। इन्हें दोहा के सेंट्रल बैंक में ट्रांसफर किया गया है। रिहा हुए कैदियों में से एक सियामक नमाजी ने कहा- मैं आज आप सबकी वजह से आजाद हूं। आपने दुनिया को मुझे भूलने नहीं दिया।

नमाजी ने राष्ट्रपति बाइडेन को भी अमेरिकियों की जिंदगी को राजनीति से ऊपर रखने के लिए धन्यवाद कहा। ईरान ने जिन अमेरिकियों को आजाद किया है उनमें 51 साल के बिजनेसमैन सियामक नमाजी के अलावा, बिजनेसमैन एमाद शार्गी, इनवायरमेंटलिस्ट मोराद ताहबाज शामिल हैं। ये सभी 5 साल से ज्यादा समय से ईरान की एविन जेल में बंद थे। अमेरिका ने लगातार इन लोगों की गिरफ्तारी को बेबुनियाद बताया था।

कतर ने ईरान और अमेरिका में समझौता कराने के लिए फरवरी में पहल की थी।

बीबीसी के मुताबिक, डील से पहले दोनों देशों में करीब 9 राउंड की बातचीत हुई। इसके बाद करीब 1 महीने पहले इस डील की घोषणा हुई थी। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक डील के तहत ईरान ने अपनी कुख्यात एविन जेल से अमेरिकियों को निकालकर उन्हें एक होटल में शिफ्ट किया था।

2015 में ईरान ने चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, जर्मनी और अमेरिका के साथ एक परमाणु समझौता किया। ये समझौता इसलिए हुआ क्योंकि पश्चिम देशों को डर था कि ईरान परमाणु हथियार बना सकता है या फिर वो ऐसा देश बन सकता है जिसके पास परमाणु हथियार भले ही ना हों, लेकिन उन्हें बनाने की सारी क्षमताएं हों और कभी भी उनका इस्तेमाल कर सके।

### श्रीलंकाई एयरलाइंस-अमीरात ने पारस्परिक इंटरलाइन समझौते पर हस्ताक्षर किया

कोलंबो। श्रीलंकाई एयरलाइंस और अमीरात ने यात्रियों के संपर्क को बढ़ावा देने के लिए एक पारस्परिक इंटरलाइन समझौते पर हस्ताक्षर किया है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को दी। स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह साझेदारी कोलंबो और दुबई के माध्यम से एक-दूसरे के नेटवर्क पर नए बिंदुओं तक संपर्क को सक्षम बनाएगी । वहीं एक टिकट का उपयोग करेगी और सामान हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि इंटरलाइन साझेदारी अमीरात के यात्रियों को कोलंबो के माध्यम से श्रीलंकाई एयरलाइंस द्वारा संचालित 15 क्षेत्रीय गंतव्यों तक पहुंच प्रदान करेगी, जबकि श्रीलंकाई एयरलाइंस के यात्री मध्य पूर्व, अफ्रीका, रूस और अमेरिका के गंतव्यों सहित अमीरात द्वारा संचालित 15 शहरों से जुड़ सकते हैं।

### निर्माण स्थल दुर्घटना में पांच घायलों में से दो की मौत

टोक्यो। जापान के टोक्यो शहर में मंगलवार को एक निर्माण स्थल पर स्टील बीम गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चुओ पुलिस स्टेशन के अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 09: 30 बजे, अग्निशमन और बचाव अधिकारियों को एक आपातकालीन कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि टोक्यो के चुओ जिले के निहोनबाशी क्षेत्र में एक निर्माणाधीन इमारत से कई कर्मचारी गिर गए हैं। करीब 15 टन वजनी स्टील बीम गिरने के कारण चार श्रमिक सातवीं मंजिल से तीसरी मंजिल पर गिर गए, जबकि दुर्घटना के समय एक अन्य व्यक्ति तीसरी मंजिल पर था। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के अनुसार, पांच पुरुष श्रमिकों में से 30 और 40 वर्ष के दो पुरुष श्रमिकों की मृत्यु हो गई, और एक श्रमिक बेहोश और गंभीर हालत में है। इसमें कहा गया है कि 20 साल के दो अन्य पुरुष कर्मचारी भी घायल हुए हैं, लेकिन वे होश में है। इससे पहले दिन में हृदयघात में चार लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने घटनास्थल के पास एक रेस्तरां कर्मचारी के हवाले से कहा, मैंने भारी वस्तु के गिरने की तेज आवाज सुनी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कुल 27 आपातकालीन वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया है। यह दुर्घटना 51 मंजिला इमारत के निर्माण स्थल पर हुई, जो कार्यालय भवनों के एक समूह के पास व्यस्त जेआर टोक्यो स्टेशन येसु एग्जिट के करीब है।

### मोंटाना को टिकटॉक प्रतिबंध को लेकर 18 अन्य राज्यों का समर्थन

वाशिंगटन। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक को प्रतिबंधित करने के अपने प्रयास में अमेरिकी राज्य मोंटाना को 18 अन्य राज्यों का समर्थन प्राप्त हुआ। अमेरिका के मोंटाना जिला न्यायालय में दायर एक एमीसी क्यूरी में यह जानकारी दी गयी। मोंटाना की विधायिका द्वारा पारित एक कानून के समर्थन में वर्जीनिया, अलबामा, इडाहो और यूटा सहित 18 राज्यों द्वारा सोमवार को संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया था, जो कंपनियों को राज्य में उनके एप्लिकेशन स्टोर से टिकटॉक को डाउनलोड करने की अनुमति देने पर प्रतिबंध लगाएगा। जनवरी 2024 में शुरू होने वाले कानून के कार्यान्वयन को रोकने के प्रयास में टिकटॉक ने मोंटाना पर मुकदमा दायर किया। अमेरिकी जिला न्यायालय ने कहा, मोंटाना का टिकटॉक पर प्रतिबंध उचित है क्योंकि टिकटोक जानबूझकर भ्रामक व्यावसायिक प्रथाओं में लगा हुआ है जो व्यक्तियों को संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के लिए प्रेरित करता है जिसे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आसानी से एक्सेस किया जा सकता है। चीन स्थित मूल कंपनी बाइटडांस के साथ टिकटॉक के संबंधों से जुड़ी गोपनीयता संबंधी चिंताओं के बीच टिकटॉक के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए अमेरिका में अन्य प्रयासों के बीच यह कानून आया है।

### अमेरिका-ईरान कैदियों की अदला-बदली के लिए कतर को मिले छह अरब डॉलर

दोहा। कतर ने अमेरिका और ईरान को सूचित किया है कि दोनों देशों के बीच कैदियों की अदला-बदली समझौते के संबंध में तेहरान की अनफ्रोजेन फंड से दोहा के बैंक खाते में छह अरब डॉलर स्थानांतरित किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी सोमवार को सूत्रों के हवाले से दी गयी। इससे पहले दिन में, ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच कैदियों का आदान-प्रदान 18 सितंबर को होगा। सूत्रों ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि कतर ने दोनों देशों को सूचित किया है कि पूरे छह अरब डॉलर स्विट्जरलैंड से कतर के बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए हैं। कतर का एक विमान ईरान में हिरासत में लिए गए पांच अमेरिकी नागरिकों और उनके दो रिश्तेदारों को लेकर दोहा के लिए उड़ान भरने को तैयार है। पिछले सप्ताह, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा था कि तेहरान अमेरिका के साथ कैदियों का आदान-प्रदान समझौता करने के बाद छह अरब डॉलर खर्च करेगा, जहां देश को आवश्यक लगेगा। इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा था कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ईरान के साथ कैदियों का आदान-प्रदान समझौते को आगे बढ़ाने के लिए एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मद्य निषेध एवं नशीले पदार्थों के रोकथाम के संबंध में बैठक संपन्न

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी ने कहा की नशीले पदार्थ पर रोकथाम के लिए सीमा पर विशेष रूप से निगरानी सशस्त्र सीमा बल, पुलिस एवं एक्साइज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की जाए। इसके लिए इंटेलिजेंस व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सीमा से लगे ग्रामों में नशीले पदार्थ के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया जाए। तथा नशीले पदार्थ का अवैध रूप से व्यापार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर समस्त एसडीएम वर्चुअल रूप से जुड़े रहे। बैठक में एक्साइज इंस्पेक्टर अनंत कुमार मिश्रा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री आवास योजना के 1494 लाभार्थियों को मिली प्रथम किस्त की सौगात

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



बलरामपुर। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को प्रथम किस्त का वितरण कार्यक्रम जनपद के सभी 09 विकास खंडों में आयोजित किए गए। इस अवसर पर विकासखंड बलरामपुर सदर में जिलाधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य एवं विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एवं विधायक सदर द्वारा 633 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। विकासखंड हरैया सतघरवा में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक द्वारा 304 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का स्वीकृति पत्र सौंपा गया। विकासखंड उतरौला में विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। विधायक द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। जनपद में मुख्यमंत्री आवास योजना के 1494 लाभार्थियों को प्रथम किस्त की सौगात मिली।

### बिहार सरकार फिल्मों के प्रति घोर उदासीन है, फ़िल्मनिति और सब्सिडी जल्द लागू होना चाहिए



अपने आइटम नम्बर से हर भोजपुरी फ़िल्म प्रेमियों के दिलों में जगह बना चुकी अभिनेत्री सीमा सिंह अब फ़िल्म निर्मात्री बन गई हैं। बतौर निर्मात्री एक फ़िल्म पूरा कर चुकीं सीमा सिंह ने आज गणेश चतुर्थी के मौके पर बड़ा ऐलान करते हुए बताया कि वो हर 2 महीने में एक नई फिल्म बनाएंगी। उनकी फिल्मो में 90 प्रतिशत कलाकार व तकनिशयन बिहार से ही होंगे। खुद अभी अभिनय करने की कोई प्लानिंग नहीं है। आज अपने घर पर गणेश चतुर्थी के मौके पर प्रेस को सम्बोधित करते हुए सीमा सिंह ने बिहार सरकार की उदासीन रवैये के प्रति जमकर सुनाते हुए कहा कि यदि बिहार सरकार चाहती तो आज प्रदेश में फ़िल्म निर्माण के लिए बहुत सारे लोग आते। जो लोग पहले भी फ़िल्म निर्माण के लिए आते थे अब वो भी आना बंद कर दिए हैं और अब इस ओर कोई ध्यान ही नहीं देता। यदि सरकार की नीति और नियति ठीक रहती हो प्रदेश में फ़िल्म के प्रति लोगों का जबरदस्त झुकाव रहता। बिहार सरकार ने लोगों के अंदर से कलाकारों और कलाप्रेमियों की भावनाओं का कत्ल कर दिया है। एक प्रश्न के उत्तर में सीमा सिंह ने बताया कि वे बिहार में राजनीतिक रूप से भी सक्रिय हैं और लोकजनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के लिए धरातल पर काम कर रही हैं। ऐसे में यदि आगामी लोकसभा या विधानसभा चुनावों में पार्टी उन्हें टिकट देती है तो वो चुनाव भी लड़ सकती हैं।

### सशक्त एवं स्वर्णिम भविष्य का शाश्वत प्रतीक बनेगा नया संसद भवन: सीएम योगी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत ने मंगलवार को गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नया इतिहास बनते देखा। संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन संसद की कार्यवाही को पुराने संसद भवन से नव निर्मित संसद भवन में शुरू कर दिया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देशवासियों को बधाई दी। अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर सीएम योगी ने लिखा, 140 करोड़ भारतीयों के संवैधानिक अधिकारों का प्रतिनिधित्व करता %नया संसद भवन% मानवीय मूल्यों की स्थापना के साथ ही हमारे सशक्त एवं स्वर्णिम भविष्य का शाश्वत प्रतीक बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है, यह संसद भवन आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में %एक भारत-श्रेष्ठ भारत% की अविराम यात्रा को और गति प्रदान करेगा। देश वासियों को हार्दिक बधाई। इससे पहले सांसदों ने पुराने संसद भवन में फोटोशूट भी कराया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान की प्रति लेकर नए भवन में प्रवेश किया।

### वृहद भारत फेडरेशन बनाने के लिए मगध फाउंडेशन सरकार को देगी प्रस्ताव : त्रिपाठी

नयी दिल्ली। मगध फाउंडेशन की प्रस्तावित कोर कमेटी की बैठक के आयोजन के संदर्भ में मंगलवार को यहाँ प्रेस क्लब में मीडियाकर्मियों के साथ एक सम्मेलन आयोजित किया गया। मीडिया सम्मलेन में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए मगध फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष के एन त्रिपाठी ने कहा कि मगध फाउंडेशन 250 ई0 पूर्व मगध साम्राज्य से अलग हुए देशों जो कि भारत के करीबी रिश्ते वाले देश हैं, उनके साथ मिलकर एक ग्रेटर इंडिया फेडरेशन (वृहद् भारत संघ) बनाने का प्रस्ताव भारत सरकार को सौंपेंगी। श्री त्रिपाठी ने कहा कि भविष्य में ग्रेटर इंडिया फेडरेशन के लिए एक एकीकृत सैन्य बल बनाने की भी योजना बनाई जाए। ग्रेटर इंडिया फेडरेशन की योजना सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने पर भी केंद्रित है ताकि महासंघ के मित्र देशों जैसे कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार (बर्मा) और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों की मदद की जा सके।

# हर क्षेत्र में इतिहास बनाने वाले मोदी ने महिलाओं के लिए दिया स्वर्णिम तोहफा



स्वाती सिंह

जो कोई न कर सका, वह सब करने के लिए प्रधानसेवक के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास कर जनता ने सत्ता सौंपी है। जनता के हर एक इच्छाओं की पूर्ति एक-एक कर होता जा रहा है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में हर दिन इजाफा हो रहा है। नई ससंद में प्रवेश करते हुए ही आधी आबादी को उनका अधिकार देने की प्रतिबंद्धता प्रधानमंत्री ने सर्वोपरि माना और नई ससंद में पहला बिल ही महिला आरक्षण को लेकर पेश किया गया, जो इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा।

प्रधानमंत्री द्वारा पेश किये नारी शक्ति वंदन बिल पर पहले तो मैं सभी महिलाओं की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देती हूं। वास्तव में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी अब होगी, जब वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लोकसभा में देश की तरक्की में नीति नियंता बनेंगी। हमें याद है 1996 में 13 दलों की गठबंधन वाली यूनाइडेट फ्रंट सरकार ने इस दिशा में पहली कोशिश की थी। तत्कालीन कानून मंत्री रमाकांत डी खलप ने संविधान के 81वीं संशोधन के लिए संसद में एक बिल पेश किया। इसके तहत संविधान में दो नए कानून अनुच्छेद 330ए और 332ए जोड़ा जाना था। जनता दल समेत सरकार को समर्थन देने वाली कई पार्टियों ने इस बिल का विरोध कर दिया। सरकार इससे घबराकर बिल को 31 सांसदों वाले एक संयुक्त समिति के पास विचार करने के लिए भेज दिया गया।

इसके बाद 1998 से 2004 के बीच कई बार अटल बिहारी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने सदन से इस बिल को पास कराने की कोशिश कई बार की थी। पहली बार 13 जुलाई 1998 में कानून मंत्री एम थंबी दुरी ने लोकसभा में इस बिल को पेश किया, जिसका राजद, सपा समेत कई दलों ने विरोध किया। राजद सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने स्पीकर जीएमसी बलायोगी के हाथ से बिल की कॉपी को छीनकर फाड़ दिया था। इसके बाद 11 दिसंबर 1998 को एक बार फिर लोकसभा में इस बिल को पेश करने की कोशिश हुई। तब सपा सांसद दरोगा प्रसाद स्पीकर के पोडियम तक पहुंच गए। इस वक्त धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। आखिरकार सरकार ने एक बार फिर अपना हाथ पीछे खींच लिया। 23 दिसंबर 1998 को आखिरकार सदन में इस बिल को पेश करने में सरकार कामयाब रही। इस समय भी सपा, बसपा समेत कई दलों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया।

हमें वह दिन भी याद है, जब 8 मार्च 2010 की दोपहर को राज्यसभा में अफरा-तफरी मची थी। समाजवादी पार्टी के सांसद नंद किशोर यादव और कमाल अख्तर चेयरमैन हामिद अंसारी की टेबल पर चढ़ गए और माइक उखाड़ने की कोशिश की। समाजवादी पार्टी ने पूरे सदन में अराजकता का माहौल पैदा कर दिया था। राष्ट्रीय जनता दल के एक सदस्य ने बिल की कॉपी फाड़कर चेयरमैन की तरफ उछाल दी। लोकजनशक्ति पार्टी के साबिर अली और निर्दलीय सांसद एजाज अली ने भी डिस्कशन रोकने की कोशिश की। अगले दिन यानी नौ मार्च 2010 को हंगामा करने वाले सभी सात सदस्यों को सस्पेंड कर दिया गया और मार्शल उन्हें पकड़कर बाहर ले गए। इसके बाद विधेयक पर वोटिंग हुई। इसके पक्ष में 186 मत पड़े और विरोध में सिर्फ एक वोट। बसपा ने वॉक आउट किया था और टीएमसी ने वोटिंग में हिस्सा ही नहीं लिया। उसके बाद से 13 साल हो गए, ये बिल लोकसभा में पास नहीं हो सका। इसके बाद आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसे लोकसभा में नए सिरे से पेश करने की कोशिश की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नए ससंद भवन में पहले कानून को पेश करने का एलान किया। नए ससंद भवन के साथ ही यह महिला बिल के रूप में इतिहास याद करेगा। यह भी निश्चित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो ठान लिया, उसको कर दिया। इसको भी लेकर पूरा विश्वास है कि अब पहले का जमाना नहीं रहा, जब सपा के लोग बिल फाड़ दिया करते थे। यह बिल इस बार पास हो जाना लगभग तय है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम भी स्वर्णीम अक्षरों में अंकित हो जाएगा मंगलवार को बिल को पेश करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश करने जा रही है। पीएम मोदी ने इसके लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा और कहा कि 19 सितंबर का ये दिन इतिहास में अमर होने वाला दिन है। इसके बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में यह विधेयक पेश किया। इसमें महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण का एलान किया गया। बताया गया है कि लोकसभा में अब महिलाओं के लिए 181 सीटें आरक्षित होंगी।

यदि सही मायनों में देखा जाय तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुरू से ही महिला कल्याण को पहली प्राथमिकता देते रहे हैं। उनका मानना है कि महिलाओं की प्रगति के बिना पूर्ण विकसित होने की परिकल्पना व्यर्थ है। इसी आधार पर उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखा और आज आंकडे बताते हैं कि महिलाओं के स्वास्थ्य में उज्ज्वला के कारण सुधार हुआ है। जनधन खाता खुलवाकर गरीब महिलाओं को धन बचत के लिए प्रेरित किया। गरीबों को पक्का मकान देकर उनके रहने की व्यवस्था की। जब समय आया तो उन्होंने राजनीति में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बिल पेश कर दिया।

यही नहीं वोट की चिंता किये बगैर उन्होंने तीन तलाक पर बिल लाकर मुस्लिम बहनों के लिए भी इतिहास रच दिया। इससे आज मुस्लिम समाज की महिलाएं भी सीना तानकर चल रही हैं। वे भी कदम-ताल मिलाने के लिए तैयार हैं।

(लेखिका- पूर्व मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता हैं।)

## विकास प्राथमिक योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

### पारदर्शिता गुणवत्ता संग नियत समय मे निर्माण कार्य हों परिपूर्ण : जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में। मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा डी0एम0 ने कि विभिन्न विभागों की योजनाओं, परियोजनाओं की आनलाईन इंटीग्रेटेड माध्यम से सी0एम0 डैशबोर्ड पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जायेगी शासन के निर्देश के क्रम में। महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की समीक्षा प्रत्येक माह सी0एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर निर्बाध गति क्रमानुसार करते रहने के साथ हिदायत दी कि सभी अधिकारीगण अपने विभाग की योजनाओं के प्रगति की निगरानी सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से करते रहें। उन्होंने कहा कि सी0एम0 डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान प्रगति धीमी पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों की



जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जिलाधिकारी ने सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से सड़कों के निर्माण, अनुरक्षण आदि के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा के दौरान सड़कों के अनुरक्षण एवं नव निर्माण की प्रगति प्रशमित पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों के अनुरक्षण व नव निर्माण के कार्य शासन की मंशा के अनुरूप ससमय पूर्ण किये जांय। तत्सम्बन्धी कार्यों में जिन भी अवर अभियन्ता द्वारा निर्माण कार्यों में शिथिलता बरती जा रही है, उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। डीएम ने इसका गंभीरता से उल्लेख करते हुए अग्रेतर उद्बोधन दिए समीक्षा के दौरान जिसमें सड़कों के निर्माण की प्रगति के फोटोग्राफ्स भी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश सम्मिलित रहे। इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 50 लाख की लागत से अधिक सड़कों व भवनों के निर्माण कार्यों की निगरानी हेतु जिला स्तर पर अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनसे निर्माण कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट प्राप्त की जाय। निर्माण कार्यों में जिस स्तर पर शिथिलता पायी जाय उनके विरूद्ध खामियां तय करते कार्यवाही सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग एवं प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा के दौरान लाभार्थियों को टूलकिट वितरण व उनके ट्रेनिंग तथा रजिस्ट्रेशन के प्रगति की समीक्षा की तो लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर उपायुक्त उद्योग एवं प्रोत्साहन विभाग को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान मातृत्व शिशु एवं बालिका श्रम योजना कन्या विवाह योजना सहायता के अन्तर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने की प्रगति की भी समीक्षा की।

## सांसदों को मिली नारी शक्ति वंदन विधेयक की डिजीटल प्रतियां

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर नये संसद भवन में सदन के कामकाज में कागज का उपयोग कम करने के लिए सांसदों को विधेयकों एवं अन्य संसदीय दस्तावेज डिजीटल प्रारूप में उपलब्ध कराने का फैसला किया है।

लोकसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार बिरला ने नयी संसद के निर्माण शुरू होने के समय ही डिजीटल कामकाज को बढ़ावा देने के लिए नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए।

सूत्रों के अनुसार संसदीय दस्तावेज सदस्यों के पोर्टल पर अपलोड किए जाते हैं और पिछले तीन वर्षों में सदस्य आसानी से इन्हें डाउनलोड करके इनका उपयोग कर रहे हैं।

बल्कि संसद सदस्यों ने डिजीटल तकनीक की मदद से विधेयकों और अन्य संबंधित दस्तावेजों की जांच और अध्ययन के बाद कई महत्वपूर्ण कानून पारित किए हैं। सूत्रों ने कहा कि पोर्टल का उपयोग करना बहुत आसान है और इसके प्रभावी उपयोग के लिए सदस्यों और उनके निजी कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है।

सितंबर-2020 से ही इस सुविधा का उपयोग किया जा रहा है और यह पहल पर्यावरण-अनुकूल और पेपरलेस कार्यस्थल को बढ़ावा देने की संसद की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। फिर भी, जब कभी सचिवालय के समक्ष सदस्यों द्वारा कोई मांग रखी जाती है तो उन सदस्यों को संसदीय दस्तावेजों और विधेयकों की कागज़ी प्रतियां भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2020 से सुस्थापित प्रथा को ध्यान में रखते हुए, संविधान (128वां संशोधन) विधेयक (नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023) की डिजिटल कॉपी सदस्यों के पोर्टल पर पहले ही अपलोड कर दी गई थी।

### वायरल फिल्म स्टार रितेश पांडेय और निर्माता संजय गुप्ता की फिल्म षड्यंत्र का मुहूर्त



कहते हैं कि जब इंसान के सितारे बुलंदियों पर होते हैं तो वो मिट्टी को भी छू ले तो वो सोना बन जाती है। ऐसा ही कुछ आजकल भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार फिल्म अभिनेता रितेश पांडेय के साथ हो रहा है। अपने संगीत कैरियर के शुरुआत में गाना करुआ तेल और पियवा से पहिले हमार रहलू से जन जन तक अपनी पहुंच सुगमतापूर्वक पहुंचा चुके गायक रितेश पाण्डेय आजकल फिल्म षड्यंत्र की तैयारियों में मशगूल हैं। यह फिल्म षडयंत्र की शूटिंग नवम्बर में धर्मनगरी बनारस और आसपास के इलाकों में की जाएगी जो कि रितेश पांडेय की पसन्दीदा जगहों में से एक है। इस षड्यंत्र के बारे में बात करते हुए रितेश पांडेय कहते हैं कि अभी तक के कैरियर में तो हमने फिल्म बॉर्डर से लेकर नाचे नागिन जैसी फिल्में की है लेकिन इस षडयंत्र की कहानी ने उनको वास्तव में कुछ अलहदा करने की प्रेरणा दी है। यह फ़िल्म बाकी के अन्य फिल्मों की परिपाटी से एक अलग ही पैटर्न पर आधारित और समाज के भीतर अपनों के बीच के होने वाले षडयंत्रों को उजागर करने वाली है। फ़िल्म का उद्घाटन राजहँस सिंह विधायक ने किया जो बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। लेखक - निर्माता संजय गुप्ता की यशश्वी फ़िल्म क्रिएशन व यशश्वी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा लिमिटेड के बैनर तले बनने जा रही भोजपुरी फ़िल्म षडयंत्र के निर्देशक एच एस पवन है।

### बिजली गिरने से महिला की मौत, अन्य दो घायल

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र में मंगलवार शाम को बिजली गिरने से एक महिला की मौके पर मृत्यु हो गयी और एक अन्य महिला समेत दो लोग बुरी घायल हो गये। इसके अलावा छह बकरियां भी मर गयी। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मौदहा आरके मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के सिसोलर गांव निवासी सिया सखी (55) पत्नी मलखान प्रजापति और लीला पत्नी सियाराम गांव के बाहर अपनी-अपनी बकरियों चरा रही थी, तभी बारिश शुरू होने पर दोनों एक छाते के नीचे बैठ गई। उसी समय जोरदार धमाके के साथ बिजली उनके ऊपर गिर गई जिससे सिया सखी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और लीला बुरी तरह जख्मी हो गयी। उसे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना उरदना गांव में हुई।

## हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ता संघ उतरौला तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

उतरौला (बलरामपुर)। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ता संघ उतरौला ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रखा। अधिवक्ता संघ उतरौला ने 21 सितम्बर तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया।

मंगलवार को अधिवक्ता अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा नेतृत्व में हापुड़ अधिवक्ताओ के समर्थन में हड़ताल जारी रखा ।संघ ने 21 सितम्बर तक हड़ताल जारी रखने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया ।धरना प्रदर्शन स्थल पर एकमत से अदिवक्ताओ से बार काउंसिल के निर्णय की आलोचना करते हुये हापुड़ अधिवक्ता संघ के साथ रहने का निर्णय लिया गय ।अधिवक्ताओ के21वे दिन भी हड़ताल के चलते न्यायिक कार्य



व पंजीकरण कार्य नही हो सका ।धरना प्रदर्शन में हापुड़ के डी एम व एस पी के स्थानांतरण, अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज में दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाय,वकीलों पर दर्ज फर्जी एफ आई आर को स्पंज किये जाने की मांग पर अड़े रहे। घायलों अधिवक्ताओं को इलाज व उचित मुआवजा दिया जाए तथा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए की मांग की गई ।इस अवसर परपरशुराम यादव,खलील खान,ओम प्रकाश श्रीवास्तव,गिरीश पांडेय, रघुवंश सिंह,मुस्लिम खान, इशरत अबरार चौधरी,मारुति नन्दन मिश्र नरसिंह यादव,मुस्तफा हुसैन, धर्मराज यादव,सतीश श्रीवास्तव, जयकरन भारती,बेचन लाल,रवि गुप्ता,आशीष कसौधन,राम सुभाग, सायम मेंहदी सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन का संचालन पूर्व अध्यक्ष मार्कण्डेय मिश्र ने किया।

## साइबर सिक्योरिटी के 'हाइब्रिड मोड' से लैस होंगे परिवहन निगम कर्मचारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में साधारण जनमानस के लिए भयमुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के प्रयास में लगी योगी सरकार ने अब साइबर सिक्योरिटी सुदृढ़ीकरण की दिशा में व्यापक प्रयासों की शुरुआत कर दी है। उत्तर प्रदेश की सरकारी संस्थाओं में कॉम्प्रीहेंसिव साइबर सिक्योरिटी ऑडिट के जरिए साइबर सिक्योरिटी के स्तर का निर्धारण और उसे उचित दिशा देने के लिए तमाम सरकारी व निजी संस्थाएं कार्यरत हैं। ऐसे में, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की ओर से भी इस दिशा में एक सकारात्मक पहल की शुरुआत हो रही है। बस टिकटिंग प्रणाली को हैकर्स और साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए 2 दिन की हाइब्रिड मोड आधारित साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। 21 से 22 सितंबर के बीच उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के मुख्यालय में इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसे यूपीडेस्को की कार्यदायी संस्था मेसर्स इनोवेडर इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पूर्ण किया जाएगा।

कार्यशाला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अप्रैल में एक विदेशी साइबर हैकर द्वारा यूपीएसआरटीसी की साइट को निशाना बनाकर कई लोगों की जानकारियां हैक कर ली गई थीं। ऐसे में, ये सारी दिक्कतें आगे से न हों और कैसे वक्त रहते कर्मचारी व अधिकारीगण इस समस्या का निस्तारण कर सकते हैं, इन सभी बातों को कार्यशाला के माध्यम से दर्शाया जाएगा। इसमें वह तकनीकें भी प्रमुख हैं जिनके जरिए कर्मचारियों को यह सिखाया जाएगा कि साइबर हैक प्रिवेंशन और डाटा रिट्रीव करने के लिए किन प्रक्रियाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है। यूं तो इस कार्यशाला का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सभागार में 21 व 22 सितंबर के मध्य दो दिन के लिए होने जा रहा है, मगर इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ सकेंगे।

साइबर सिक्योरिटी के इतर इस कार्यशाला में टिकटिंग प्रणाली के अंतर्गत सभी आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर एप्लीकेशन व ऑनलाइन पोर्टल्स के संचालन की भी जानकारी दी जाएगी।

### रायबरेली अधिवक्ताओं ने हड़ताल को गुरुवार तक बढाया

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के अधिवक्ताओं की सबसे बड़ी बार सेंट्रल बार एसोसिएशन दीवानी कचेहरी रायबरेली ने हापुड़ में हुए बर्बर लाठीचार्ज के मामले में अपनी हड़ताल को आगामी दो दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। दीवानी कचहरी की सेंट्रल बार एसोसिएशन ने बैठक कर मंगलवार को प्रस्ताव पारित करते हुए हापुड़ में हुए पुलिस के बर्बर लाठीचार्ज के प्रकरण पर अपने न्यायिक कार्यों के बहिष्कार को 21 सितंबर तक बरकरार रखा है। गौरतलब है कि विगत 29 अगस्त को हापुड़ के अधिवक्ताओं पर पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया था जिसके बाद से विभिन्न जिलों के अधिवक्तागण आंदोलित है और लगातार न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किये हुए है। इस हड़ताल को लेकर अधिवक्तागण और सरकार के बीच तनातनी है।

## अनंतनाग में अनुसंधान केंद्र को भूमि हस्तांतरण की मंजूरी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर की प्रशासनिक परिषद ने मंगलवार को शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) कश्मीर को अनंतनाग जिले में अनुसंधान केंद्र और अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरित करने की मंजूरी प्रदान की। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में यहां परिषद की बैठक में अनुसंधान केंद्र और अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना के लिए एसकेयूएएसटी कश्मीर के पक्ष में सल्लार अनंतनाग में 500 कनाल 11 मरला भूमि हस्तांतरित करने की मंजूरी प्रदान की।

आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि अनुसंधान केंद्र खेती में उत्पादकता में सुधार लाने और किसानों की आर्थिक स्थिति को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक प्रौद्योगिकियां प्रदान करेगा। अनुसंधान केंद्र और अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना का बड़ी संख्या में विस्तार होने और उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता उत्पन्न होने से किसानों के लिए बीज, रोपण सामग्री, जैविक उत्पादों, जैव-उर्वरकों, पशुधन और पोल्ट्री जैसे गुणवत्तापूर्ण उत्पादन में एक बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

परिषद ने दूध प्रसंस्करण अवसंरचना की स्थापना के लिए पशु और भेड़ पालन विभाग के लिए चदूरा, बड़गाम में 47 कनाल 13 मरला भूमि के हस्तांतरण को भी मंजूरी प्रदान की है। दूध प्रसंस्करण अवसंरचना की स्थापना से बहुआयामी लाभ होंगे जिसमें आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, बेहतर पोषण, खाद्य सुरक्षा और कृषि प्रथाओं में बढ़ोत्तरी शामिल है।